मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 29.1 | 16.0 |
| जमशेदपुर | 28.2 | 15.2 |
| डालटनगंज | 26.6 | 10.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

* * * * *




www.lagatar.in | गुरुवार, 28 दिसंबर 2023 ● पौष कृणपक्ष 02 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 250 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


**सुर्खियां** »

**इंटरनेशनल**

- एस. जयशंकर ने रूसी समकक्ष से की मुलाकात
- ऑस्ट्रेलिया में खराब मौसम से नौ की मौत
- इजराइल ने जमीनी हमले का विस्तार किया
- सिंगापुर में भारतीय कंपनी के परिसर में कॉकरोच

**नेशनल**

- यूपी में व्यापारी की गोली मारकर हुई हत्या
- राजनाथ के दौरे से कोई उम्मीद नहीं : फारूक
- सचिन पायलट ने जनसभा में भाजपा पर निशाना साधा
- तमिलनाडु में सांप काटने से वन अधिकारी की मौत

**स्टेट**

- 15.24 लाख किसानों ने बुआई नहीं की
- एयर टिकट दोगुना महंगा हुआ
- राज्य प्रशासनिक सेवा के दो अफसर नपे
- आरयू पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम का रिजल्ट जारी

## किसने क्या कहा

- एसएचजी से जुड़ी दो करोड़ महिलाओं को लखपति बनाना सपना है : नरेंद्र मोदी
- संसद 'गहरे और अंधेरे कक्ष' में तब्दील हो गई है : डेरेक ओब्रायन
- गंगासागर मेले में सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कदम उठा रही सरकार : ममता

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 60,200 |
| चांदी (किलो) | 78,000 |

## ब्रीफ खबरें

### अभिनेता ली सन क्यून कार में मृत पाए गए



**सियोल।** ऑस्कर विजेता फिल्म पैरासाइट के अभिनेता ली सन-क्यून की बुधवार को मृत्यु हो गयी. दक्षिण कोरिया के आपात कार्यालय ने बताया कि ली मध्य सियोल के एक पार्क में अपनी कार में मृत पाए गए. इससे पहले, पुलिस ने कहा था कि अभिनेता सियोल में बेहोश मिले थे. पुलिस ने घटनास्थल का विवरण साझा नहीं किया. स्थानीय मीडिया की खबर के मुताबिक, ली के परिवार ने पुलिस को सूचना दी थी कि वह बुधवार को एक सुसाइड नोट जैसा संदेश लिखने के बाद घर से चले गए, जिसके बाद पुलिस ने अभिनेता की तलाश शुरू की थी.

### लाटकर समेत 39 आईपीएस केंद्र में इंपैनल

**रांची।** झारखंड कैडर के आईपीएस संजय आनंद लाटकर समेत 39 आईपीएस केंद्र में एडीजी या एडीजी समकक्ष रैंक में इंपैनल हुए. 39 आईपीएस अधिकारियों में से चार 1994 बैच के और एक-एक 1991 और 1993 बैच के हैं. इस सूची में 1995 बैच के 33अधिकारी शामिल हैं. केंद्र सरकार ने इंपैनलमेंट को मंजूरी दे दी है.

### सेंसेक्स पहली बार 72,000 अंक के पार

**मुंबई।** देश के वृहद-आर्थिक बुनियादी पहलुओं और वैश्विक बाजार में मजबूत रुझान से उपजे आशावादी माहौल में घरेलू मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को छलांग लगाते हुए अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गए. बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 72,000 अंक के ऐतिहासिक स्तर को पार कर गया. इसी तरह एनएसई का सूचकांक निफ्टी भी 21,654.75 के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर बंद हुआ. सेंसेक्स ने लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी दिखाई.

## लातेहार में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सीएम ने कहा–

# भूमि की त्रुटियां दूर होंगी

**विशेष संवाददाता। लातेहार**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में भूमि संबंधी समस्या से अच्छी तरह परिचित हूं. भूमि संबंधी त्रुटियों का जल्द समाधान होगा. इसका लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा. आपकी सरकार ने वर्षों से संघर्ष कर रहे नेतरहाट के लोगों की भूमि को वापस किया. नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज की अधिसूचना रद्द कराया. राज्य में कई किसानों की भूमि वापस हुई है. भूमि की त्रुटियों को सुधारना आवश्यक है. विश्वास रखें आने वाले समय में इसका समाधान होगा. ये बातें मुख्यमंत्री ने लातेहार में बुधवार को आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कहीं. इस अवसर पर सीएम ने 345 करोड़ रुपये की 130 योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया. वहीं 215 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति का वितरण के साथ 900 एकड़ भूमि का सामुदायिक व व्यक्तिगत वन भूमि पट्टा का वितरण किया.

मुख्यमंत्री ने कहा कि लातेहार में कार्य कर रही खनन कंपनियां यहां के स्थानीय युवाओं को भारी वाहन और खनन कार्य में उपयोग किए जाने वाले मशीनों के संचालन करने का प्रशिक्षण देंगी. इसके लिए जिला प्रशासन को खनन कंपनियों द्वारा प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ कराने का निर्देश दिया गया है. राज्य सरकार ने राज्य में कार्य करने वाले उद्योग में स्थानीय लोगों के नियोजन के लिए 75 प्रतिशत आरक्षण संबंधी कानून भी बनाया है.

– शेष पेज 13 पर



### सरकार कर रही मदद, लाभ लें

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वरोजगार के लिए सरकार मदद कर रही है. मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत विभिन्न तरह के छोटे व्यापार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है. इसके जरिए युवा अपने पसंद का व्यापार कर सकते हैं. हजारों युवाओं ने इस योजना का लाभ लिया और स्वरोजगार की ओर अग्रसर हुए हैं.

**345** करोड़ रुपये की 130 योजनाओं का हुआ शिलान्यास और उद्घाटन

**215** करोड़ रुपये की परिसंपत्ति और 900 एकड़ वन भूमि पट्टा का वितरण

### बेहतर शिक्षा के लिए हो रहे प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास कर रही है. बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है. बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर और अफसर बनें, इसके लिए उन्हें प्रतियोगिता-परीक्षा की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेस को करने के लिए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिया जाएगा. इसके तहत उन्हें 15 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण दिया जाएगा. इसके लिए उन्हें कोई गारंटी नहीं देनी होगी. सरकार इसके लिए गारंटर बनेगी. झारखंड के 50 बच्चे विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं.

## खनन पट्टा मामला : हाईकोर्ट ने खारिज की पीआईएल

# सीएम हेमंत सोरेन को बड़ी राहत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने सीएम हेमंत सोरेन और उनके पारिवारिक सदस्यों को खनन पट्टा दिये जाने और अलग-अलग जगहों पर सरकारी भूमि की बंदोबस्ती करने के मामले की जांच के लिए दायर जनहित याचिका पर फैसला सुना दिया है. अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद सीएम के खिलाफ दायर जनहित याचिका खारिज कर दी है. इस जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन और पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा. इस संबंध में हाईकोर्ट के अधिवक्ता और सूचना अधिकार कार्यकर्ता सुनील महतो ने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की थी. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने इस जनहित याचिका पर सुनवाई की.

## झज्जर के अखाड़े पहुंचे राहुल, पहलवानों से मिले



**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार की सुबह अचानक हरियाणा के झज्जर जिले में एक अखाड़े का दौरा किया और बजरंग पुनिया समेत पहलवानों के एक समूह से मुलाकात की. राहुल गांधी कई घंटे तक अखाड़े में रुके. उन्होंने अखाड़े में पहलवानों की दिनचर्या देखी और उनसे बातचीत की. उन्होंने दूध, बाजरे की रोटी और साग खाया. गांधी को स्थानीय रूप से उगाई गई कुछ सब्जियां दी गईं, जिन्हें वह अपने साथ ले गए.



## सरायकेला के युवक ने दी धमकी, गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** मदरसे के एक छात्र ने सोशल मीडिया एक्स पर धमकी भरा पोस्ट डाला कि इंशाल्लाह बहुत दूसरा पुलवामा भी होगा. इसके बाद पुलिस एक्शन में आयी और उसे मदरसे से गिरफ्तार कर लिया. फिर एटीएस सहित खुफिया एजेंसी छात्र से पूछताछ कर रही है. देवबंद की खानकाह पुलिस चौकी की टीम ने बताया कि पकड़ा गया मदरसा छात्र मोहम्मद तलहा मजहर है, जो झारखंड के जमशेदपुर सरायकेला का रहने वाला है. वह मजहबी तालिम हासिल करने के लिए देवबंद आया हुआ है. उसने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर पोस्ट डाली गयी है. ये पोस्ट उसी की है या किसी दूसरे की, पुलिस और एजेंसियां इसकी जांच में जुट गए हैं.

## एमफिल मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं है : यूजीसी

**नयी दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने बुधवार को यह कहते हुए विश्वविद्यालयों को एमफिल पाठ्यक्रम की पेशकश के विरुद्ध आगाह किया कि यह मान्यताप्राप्त डिग्री नहीं है. उसने विद्यार्थियों को भी ऐसे पाठ्यक्रमों में दाखिले के खिलाफ चेताया. आयोग के सचिव मनीष जोशी ने कहा, यूजीसी के संज्ञान में आया है कि कुछ विवि एम फिल (मास्टर ऑफ फिलॉसफी) के लिए नये आवेदन आमंत्रित कर रहे हैं. इस संबंध में सभी के ध्यान में लाया जा रहा है कि एमफिल डिग्री मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं है. यूजीसी नियमावली, 2022 का नियम नंबर 14 स्पष्ट रूप से कहता है कि उच्च शिक्षण संस्थान एमफिल कार्यक्रम की कोई पेशकश नहीं करेंगे.

# 'भारत न्याय यात्रा' 14 जनवरी से

**भाषा। नयी दिल्ली**

कांग्रेस ने बुधवार को घोषणा की कि पार्टी नेता राहुल गांधी की अगुवाई में 14 जनवरी से 20 मार्च तक मणिपुर से मुंबई (पूरब से पश्चिम) तक 'भारत न्याय यात्रा' आयोजित की जाएगी. इस यात्रा के दौरान 14 राज्यों और 85 जिलों में छह हजार किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की जाएगी. 'भारत न्याय यात्रा' मणिपुर, नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से होकर गुजरेगी और 6,200 किलोमीटर की दूरी तय करेगी.

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस 'भारत जोड़ो यात्रा के बाद पार्टी नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत न्याय यात्रा निकालेगी. पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 14 जनवरी को इंफाल से यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे.

रमेश ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की स्थापना दिवस के मौके पर नागपुर में 28 दिसंबर को बड़ी रैली निकाली जाएगी. रैली का नाम होगा 'हैं तैयार हम' और इसके जरिये कांग्रेस 2024 के लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंकेगी. भारत न्याय यात्रा में देश के लोगों के लिए आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा. पार्टी के महासचिव (संगठन) के. सी. वेणुगोपाल ने कहा, इस यात्रा में देश की महिलाओं, युवाओं और वंचित समुदाय के लोगों से बातचीत की जाएगी. यात्रा ज्यादातर बस से होगी, लेकिन कहीं-कहीं पदयात्रा भी होगी. कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया था कि पार्टी नेता राहुल गांधी को पूरब से पश्चिम तक 21 दिसंबर से दूसरे चरण की यात्रा करनी चाहिए,

### एक्शन में कांग्रेस : राहुल गांधी तैयार

भारत न्याय यात्रा मणिपुर के इंफाल से शुरू होकर नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात से होते हुए महाराष्ट्र-मुंबई में समाप्त होगी.

### झारखंड और बिहार से भी गुजरेगी न्याय यात्रा

**14 जनवरी से 20 मार्च**

- इंफाल से मुंबई
- **6,200** किमी
- 14 राज्य, 85 जिले



### मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर के मसर्रत आलम गुट पर प्रतिबंध

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर (मसर्रत आलम गुट) को कड़े आतंकवाद रोधी कानून के तहत प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया है. प्रतिबंधित किए गए इस संगठन के नेता मसर्रत आलम भट को भारत विरोधी और पाकिस्तान के समर्थन में एजेंडा चलाने के लिए जाना जाता है. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कहा कि देश में आतंक का राज कायम करने के इरादे से जम्मू-कश्मीर में राष्ट्र-विरोधी और अलगाववादी गतिविधियों में संगठन की संलिप्तता के मद्देनजर यह प्रतिबंध लगाया गया है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रतिबंध लगाने की घोषणा करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार का संदेश बिल्कुल स्पष्ट है कि देश की एकता, संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा. शाह ने 'एक्स' पर लिखा, 'मुस्लिम लीग जम्मू कश्मीर (मसर्रत आलम गुट) को यूएपीए के तहत एक 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया गया है.

# चार साल में राजस्व संग्रहण 38,658 करोड़ से बढ़कर हुआ 56,522 करोड़

### हेमंत सरकार में वित्तीय प्रबंधन में हो रहा है तेजी से सुधार




**कौशल आनंद। रांची**


राज्य में हेमंत सरकार गठन के बाद वित्तीय राजस्व प्रबंधन में तेजी से सुधार हो रहा है. राजस्व संग्रहण में काफी सुधार देखा जा रहा है. वित्तीय वर्ष 2018-19 में जहां राजस्व संग्रहण विभिन्न मदों से 38,658 करोड़ था, वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़कर यह 56,522 करोड़ तक पहुंच गया है. करीब 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी दर्ज की गयी है. इसकी पुष्टि एजी ने अपनी लेखा ऑडिट में किया है. सकल राजस्व अनुपात में राज्य का स्व कर संग्रहण वर्ष 2018-19 से बढ़ते हुए इसकी तुलना में वित्तीय वर्ष 2022-23 में करीब 6 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गयी है. वित्तीय वर्ष 2021-22 के बाद केंद्रीय सहायता अनुदान मद में मिलने वाली राशि में कमी आयी है.

**लगातार केंद्रीय सहायता अनुदान में आयी कमी :** राज्य में हेमंत सरकार बनने के बाद केंद्रीय सहायता अनुदान में लगातार गिरावाट दर्ज हुई. अर्थात केंद्र सरकार पर सौतेला व्यवहार लगाने का अरोप कुछ हद तक सही साबित होता दिखा. वित्तीय वर्ष 2017-18 में प्राप्त सहायता अनुदान की तुलना में 2019-20 में 8% की वृद्धि दर्ज हुई. 2020-21 में 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज मगर वहीं 2021-22 में 7 प्रतिशत की कमी तथा वित्तीय वर्ष 2022-23 में 5 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई. सहायता अनुदान का बजट अनुमान 17,406 करोड़ के विरुद्ध 10,894 करोड़ ही प्राप्त हुआ.

### कम कर्ज लेने की ओर हुआ बेहतर काम

राज्य की हेमंत सरकार अपने खुद के पैर पर खड़ा होने की ओर अग्रसर हुआ. 2018-19 में जहसं आंतरिक लोन 7,530 करोड़ लिया था वही वह घटते-घटते वित्तीय वर्ष 2022-23 में 5,515 करोड़ तक आया. खुद राज्य के वित्त मंत्री डा रामेश्वर उरांव ने सदन में स्वीकार किया है कि हम कम से कम लोन लें और खुद का संसाधन से कमाई करें, इस पर सरकार का फोकस है. इस दिशा में भी बेहतर कार्य हुआ.

### विगत पांच वर्ष में लिए गए लोन का विवरण




### विगत पांच वर्ष के दौरान कर संग्रहण के दो स्रोतों की तुलनात्मक रिपोर्ट (राशि करोड़ में)

| कर के प्रकार | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|---|---|---|
| राज्य का स्व कर संग्रहण | 14,752 | 16,771 | 16,880 | 21,290 | 25,118 |
| संघीय कर का हस्तांतरण | 23,906 | 20,503 | 19,712 | 27,735 | 31,404 |
| कुल राजस्व संग्रहण | 38,658 | 37,384 | 36,592 | 49,025 | 56,522 |

### विगत पांच वर्ष में स्व कर संग्रहण का विवरण

| कर के प्रकार | 2018-19 | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 |
|---|---|---|---|---|---|
| बिक्री, व्यापार | 3,475 | 3,996 | 4,301 | 5,231 | 6,270 |
| राज्य वस्तु तथा सेवा | 8,201 | 8,418 | 7,931 | 9,557 | 11,374 |
| राज्य उत्पाद शुल्क- | 1,083 | 2,009 | 1,821 | 1,807 | 2,057 |
| वाहन कर | 864 | 1,129 | 976 | 1,263 | 1,574 |
| स्टांप एवं पजीकरण शुल्क | 451 | 560 | 708 | 987 | 1,108 |
| विद्युत एवं शुल्क | 209 | 236 | 195 | 792 | 1,332 |
| भूमि राजस्व | 389 | 338 | 873 | 1,621 | 1,557 |

## गुड न्यूज — केंद्रीय मंत्रिमंडल का फैसला, पुल छह-लेन का होगा, कुल लागत 3,064.45 करोड़ है

# बिहार में गंगा नदी पर 4.6 किमी लंबे पुल को मंजूरी

**भाषा। नयी दिल्ली**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को गंगा नदी पर 4.56 किलोमीटर लंबे पुल के निर्माण को मंजूरी दे दी. छह लेन वाला यह पुल बिहार में दीघा और सोनुपर को जोड़ेगा. परियोजना की कुल लागत 3,064.45 करोड़ रुपये है. इसमें 2,233.81 करोड़ रुपये की निर्माण लागत शामिल है. बयान में कहा गया है कि पुल से यातायात तेज और आसान हो जाएगा. इससे राज्य, खासकर उत्तर बिहार के विकास को गति मिलेगी. आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति (सीसीईए) ने गंगा नदी पर नये 4,556 मीटर लंबे



पुल के निर्माण को मंजूरी दे दी. यह पुल छह-लेन का होगा. यह मौजूदा दीघा-सोनपुर रेल-सह सड़क पुल के समानांतर होगा. दीघा, पटना और गंगा नदी के दक्षिणी तट और सोनपुर सारण जिले में गंगा नदी के उत्तरी तट पर स्थित है. वर्तमान में ये केवल हल्के वाहनों की आवाजाही के लिए रेल सह सड़क पुल से जुड़े हुए हैं. ऐसे में वर्तमान सड़क का उपयोग माल और वस्तुओं के परिवहन के लिए नहीं किया जा सकता है. बयान के अनुसार, दीघा और सोनपुर के बीच नये पुल से बाधा दूर होगी. निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए 5डी-बिल्डिंग सूचना मॉडलिंग, 'ब्रिज हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम' (बीएचएमएस), मासिक ड्रोन मैपिंग जैसी नवीनतम तकनीक के उपयोग के साथ ईपीसी (इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण) मॉडल पर परियोजना का क्रियान्वयन और परिचालन किया जाना है. यह पुल पटना से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 139 के माध्यम से औरंगाबाद और सोनपुर (एनएच-31), छपरा, मोतिहारी (पूर्व-पश्चिम गलियारा पुराना एनएच-27), बेतिया (एनएच-727) स्वर्णिम चतुर्भुज गलियारे तक सीधी संपर्क सुविधा प्रदान करेगा.

### खोवाई-हरिना के बीच सड़क चौड़ीकरण होगा

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने त्रिपुरा में खोवाई-हरिना सड़क के 135 किलोमीटर लंबे हिस्से के चौड़ीकरण को भी अपनी मंजूरी दे दी है. इस परियोजना में 2,486.78 करोड़ रुपये का निवेश होगा. इसमें 1,511.70 करोड़ (2312.9 करोड़ जापानी येन) का कर्ज शामिल है. कर्ज सहायता आधिकारिक विकास सहायता योजना के तहत जापान इंटरनेशनल को ऑपरेशन एजेंसी से मिलेगी.

### रांची एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या में हर वर्ष बढ़ोतरी, 2024 में एयर टिकट हो जाएंगे और महंगे

# ईयर इंड सीजन में एयर टिकट दोगुना महंगा हुआ, सभी ट्रेनों में भी वेटिंग, यात्री परेशान

विशेष संवाददाता। रांची

वर्ष 2023 समाप्त होने में कुछ ही दिन बचे हुए हैं. स्कूल-कॉलेज बंद है. छुट्टियों की वजह से सभी ट्रेनों में वेटिंग टिकट मिल रहे हैं. ज्यादातर ट्रेन के यात्री विमान में शिफ्ट हो रहे हैं. इस वजह से रांची से मेट्रो व अन्य शहरों के विमान किराए में भारी बढ़ोतरी हुई है. ईयर इंड सीजन में बुकिंग वेबसाइट, ट्रैवल एजेंटों के अनुसार बुकिंग रिक्वेस्ट में 10 से 15 फीसदी की बढ़ोतरी देखी जा रही है. दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद जैसे शहरों के बीच हवाई किराये में 50 फीसदी से ज्यादा तेजी देखने को मिल रही है. रांची आने वाली तकरीबन सभी विमानन कंपनियों की फ्लाइट फुल कैपेसिटी के साथ आ रही हैं.

### खास बातें

- 10 से 15 फीसदी की बढ़ोतरी देखी जा रही है
- रांची एयरपोर्ट से सप्ताह में 370 घरेलू उड़ान संचालित हैं

रांची आने वाले यात्रियों को भी चार गुणा तक अधिक किराया देना पड़ रहा है. मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु से रांची आने वाले विमानों में सबसे अधिक किराया है. रांची एयरपोर्ट से सप्ताह में 370 घरेलू उड़ान संचालित हैं. हर महीने करीब 2 लाख 20 हजार यात्री उड़ान भर रहे हैं. ऐसे में विमानों के किराए में बेतहाशा बढ़ोतरी यात्रियों को परेशानी में डाल दिया है.



| फ्लाइट | वर्तमान किराया | सामान्य दिनों में |
|---|---|---|
| दिल्ली-रांची-दिल्ली | 9,000-15,000 | 3,500-6000 |
| मुंबई-रांची-मुंबई | 12,000-18,000 | 7,000-8,000 |
| बेंगलुरु-रांची-बेंगलुरु | 10,000-15,000 | 7,000-8,000 |
| हैदराबाद-रांची-हैदराबाद | 10,000-15,000 | 6,000-7,500 |
| कोलकाता-रांची-कोलकाता | 5,000-9,000 | 4,000-5,000 |
| गोवा-रांची-गोवा | 14,000-18,000 | 7,000-8000 |

### 10 वर्ष में 7 एयरलाइंस सेवा हो चुकी है बंद

भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची से 41 विमान उड़ान भरते हैं. गो-एयर की सेवा बंद होने से यात्रियों का लोड दूसरे एयरलाइंस पर देखने को मिल रहे हैं. पिछले 10 वर्षों में रांची से उड़ान भरने वाली 7 एयरलाइंस कंपनियां बंद हो चुकी हैं. इसके बाद भी रांची से बाहर जाने और यहां आने वाले विमान यात्रियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. वर्तमान में विस्तारा, एयर एशिया, इंडिगो, आकाश एयरवेज आदि विमानन कंपनियां रांची में अपनी सेवा दे रही हैं.

### कोरोना काल के बाद यात्रियों की संख्या में लगातार हो रही है वृद्धि

वर्ष 2020-21 में कोरोना काल के समय विमान यात्रियों की संख्या में 50 प्रतिशत की कमी देखी गई थी. झारखंड के हवाई अड्डों पर वर्ष 2019 से 2022-23 तक कुल घरेलू विमान यात्रियों की कुल संख्या 7 लाख 92 हजार थी. 2019-20 में 2.48 लाख, 2020-21 में 1.22 लाख, 2021-22 में 1.72 लाख, 2022-23 में 2.50 लाख यात्री विमान से यात्रा की. 2023-24 में अक्तूबर माह तक 1.64 लाख यात्री विमान से यात्रा कर चुके हैं.

### 2024 में विमानों के किराये में और होगी बढ़ोतरी



देश में विमान से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है. वहीं दूसरी तरफ विमानन कंपनियां बंद हो रही हैं. इस वजह से किराये में और बढ़ोतरी हो रही है. सेंटर फॉर एविएशर (सीएपीए इंडिया) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि 31 मार्च 2014 तक देशभर में करीब 200 विमानों के ग्राउंडेड, यानी खड़े हो जाने की उम्मीद है. उसमें 90 से अधिक इंडिगो के विमान होंगे. एयर इंडिया के पास 25-30 विमान और स्पाइसजेट के 27 विमानों के ग्राउंडेड होने की उम्मीद है. वर्तमान में इंडिगो, एयर इंडिया, गो फर्स्ट और स्पाइसजेट के 161-166 विमान जमीन ग्राउंडेड है. वहीं दूसरी तरफ रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले वित्तीय वर्ष के अंत तक विमानों के बेड़े की संख्या 790 विमानों के करीब होने की उम्मीद है. एयर इंडिया समूह के बेड़े में 60 विमान की बढ़ोतरी होगी.

### मुख्यमंत्री सुखाड़ योजना के तहत आए 30.10 लाख आवेदन

# चिंताजनक : झारखंड में 15.24 लाख किसानों ने बुआई नहीं की

**9.85** लाख किसानों की 33 फीसदी से अधिक फसल को हुआ नुकसान

संवाददाता। रांची

झारखंड के किसानों का हाल बेहाल होता जा रहा है. कृषि विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस साल 1524830 किसानों ने फसलों की बुआई ही नहीं की. वहीं 33 फीसदी से अधिक फसल की क्षति 985665 किसानों को हुई. मुख्यमंत्री सुखाड़ योजना के तहत कुल 3010071 किसानों ने आवेदन किया है. इसकी वजह यह है कि राज्य के 210 प्रखंड सूखे की चपेट में थे. इन प्रखंडों में सामान्य से 20 फीसदी तक कम बारिश हुई.

**सात लाख हेक्टेयर कम हुई धान की खेती :** झारखंड में इस साल धान की खेती सात लाख हेक्टेयर कम हुई. कृषि विभाग ने 18 लाख हेक्टेयर में धान लगाने का लक्ष्य रखा था, जिसके एवज में 11 लाख हेक्टेयर में धान की खेती हुई. लक्ष्य का सिर्फ 62 फीसदी ही धान लग पाया. पिछले साल लगभग आठ लाख हेक्टेयर में ही धान की खेती हुई थी. इसी तरह अन्य फसलों की स्थिति भी बहुत अच्छी नहीं है.



| बैंक का नाम | किसानों की संख्या | राशि (करोड़ में) |
|---|---|---|
| झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक | 344427 | 1747.20 |
| बैंक ऑफ इंडिया | 255518 | 1066.61 |
| स्टेट बैंक ऑफ इंडिया | 139713 | 391.43 |
| यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | 36336 | 180.33 |
| पंजाब नेशनल बैंक | 33831 | 57.03 |
| सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया | 27607 | 134.84 |
| इंडियन बैंक | 26015 | 123.02 |
| केनरा बैंक | 20709 | 117.50 |
| बैंक ऑफ बड़ौदा | 8615 | 38.59 |
| यूको बैंक | 6623 | 25.73 |
| आईडीबीआई | 4990 | 27.04 |
| इंडियन ओवरसीज बैंक | 574 | 5.20 |
| झारखंड स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक | 1509 | 7.54 |
| एचडीएफसी बैंक | 192 | 15.33 |
| पंजाब एंड सिंध बैंक | 93 | 0.69 |
| धनबाद सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक | 25 | 0.06 |

### 34,700 किसानों ने दिया है कर्ज माफी का आवेदन

चालू वित्तीय वर्ष में मात्र 34,700 किसानों ने ही ऋण माफी के लिए आवेदन किया है. अब कृषि विभाग अब नॉन परफॉर्मिंग ऐसेट (एनपीए) घोषित खाताधारी को ऋण माफी योजना का लाभ देने पर विचार कर रहा है. ऐसे किसानों की संख्या करीब चार लाख आंकी गयी है. योजना को शुरू करने को लेकर बैंक के वरीय अधिकारियों की कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक भी हो चुकी है.

### 9 लाख किसानों पर 3938 करोड़ रुपये का कर्ज

वर्तमान में राज्य के नौ लाख किसानों पर 3938.14 करोड़ रुपये का कर्ज है. इसमें सबसे अधिक 344427 किसानों ने झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक से 1747.20 करोड़ का कर्ज ले रखा है. बैंक ऑफ इंडिया से 255518 किसानों ने 1066.61 करोड़ रुपये कर्ज लिया है.

**4.52 लाख किसानों का हो चुका है कर्ज माफ**

राज्य सरकार ने अब तक 452618 किसानों का कर्ज माफ कर चुकी है. इसके एवज में 1818.17 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं. ऋण माफी स्कीम का लाभ सबसे अधिक पलामू के किसानों ने लिया है. वहां किसानों को 158.70 करोड़ माफ किया गया है. सबसे कम 24.50 करोड़ ऋण माफी का लाभ सिमडेगा के किसानों ने लिया है. रांची के किसानों का 112.93 करोड़ ऋण माफ किया गया है.

### राज्य प्रशासनिक सेवा के दो अफसरों पर गाज

रांची। राज्य प्रशासनिक सेवा के दो अफसरों पर गाज गिरी है. नीमडीह के तत्कालीन डेविड बलिहार पर मनरेगा में मानव दिवस सृजन की धीमी प्रगति, खर्च के प्रतिशत में कमी के साथ एमआइएस एंट्री व जॉब कार्डधारियों को रोजगार उपलब्ध कराने में भी कमी का आरोप है. इन आरोपों के कारण डेविड बलिहार को निंदन की सजा दी गई. जांच में यह बात सामने आयी कि लक्ष्य के विरुद्ध सिर्फ 31.31 प्रतिशत योजनाओं को पूर्ण किया गया है. वहीं गोला के तत्कालीन बीडीओ पवन कुमार महतो पर सोलर लाइट, एलईडी स्ट्रीट लाइट व पानी टैंकर की खरीदारी में अनियमितता बरतने का आरोप है. इस पर रामगढ़ डीसी ने कार्यवाही की अनुशंसा की थी.

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति तो लागू लेकिन शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार नहीं

संवाददाता। रांची

रांची विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत स्नातक का नामांकन लेना तो शुरू कर दिया है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति को भी अपना लिया है लेकिन शैक्षणिक व्यवस्था सुधारने के बजाय विश्वविद्यालय में रंग पेंट और टाइल्स के काम में ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है. विश्वविद्यालय में अधिकतर परीक्षाएं समय पर नहीं हो रही हैं. वहीं एमएड की परीक्षा लगभग डेढ़ साल लेट चल रही है. परीक्षाएं हो जाने के बाद भी तीन-चार

### खास बातें

- विश्वविद्यालय में रंग पेंट और टाइल्स के काम पर ही ध्यान
- एमएड की परीक्षा लगभग डेढ़ साल विलंब से चल रही

महीने तक परीक्षा का रिजल्ट जारी नहीं किया जाता है. हाल ही में स्नातक का रिजल्ट जारी नहीं होने के कारण छात्रों को बीएड में नामांकन करवाने में काफी दिक्कत हो रही थी. रांची विश्वविद्यालय में स्नातक उत्तर का नामांकन 6 महीने लेट चल रहा है. एक सेमेस्टर लेट चल रहा है अब जैन का नामांकन ही एक सेमेस्टर लेट चल रहा है उनका सेशन समय पर पूरा कैसे किया जा सकता है. रांची विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में जो आम जनों के लिए शौचालय बनाया गया है. उसे शौचालय की भी स्थिति काफी दयनीय है गंदगी से भरा है और पानी की भी सुविधा नहीं है ऐसे में विश्वविद्यालय में आने जाने वाले छात्र छात्रों या अन्य लोगों को काफी कठिनाई होती है.

### सचिवों को 30 दिसंबर तक मुख्यालय नहीं छोड़ने का आदेश

रांची। झारखंड के मुख्य सचिव एल ख्यांग्ते ने सभी विभागों के सचिवों को 30 दिसंबर तक मुख्यालय नहीं छोड़ने का आदेश दिया है. दरअसल 29 दिसंबर को झारखंड सरकार का स्थापना दिवस है. इसके मद्देनजर मुख्य सचिव ने यह आदेश दिया हैं. वहीं दूसरी तरफ 27 से 29 दिसंबर तक दिल्ली में मुख्य सचिवों का तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन होने वाला है, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे. इस सम्मेलन में केंद्र सरकार के प्रतिनिधि, मुख्य सचिव और सभी राज्यों के 200 से ज्यादा अधिकारी शामिल होंगे.

# सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत ग्राम पंचायतों का चयन करें

संवाददाता। रांची

- ग्रामीण विकास विभाग ने सभी सांसदो को लिखा पत्र

झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग ने सभी सांसदों को पत्र लिखा है. पत्र के माध्यम से विभाग ने सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत ग्राम पंचायतों का चयन करने का आग्रह किया है. दरअसल सांसदों को सभी जिलों में ग्राम पंचायत का चयन करना है. लेकिन अधिकांश जिलों में अभी तक ग्राम पंचायतों का चयन नहीं हो सका है. इस मसले पर ग्रामीण विकास विभाग ने सभी जिलों के डीसी को भी पत्र लिखा है. पत्र में लिखा है कि सांसदों से समन्वय करते हुए जल्द से जल्द ग्राम पंचायत का चयन करे. साथ ही लंबित कामों का जल्द से जल्द निपटारा करें. बताते चलें कि 31 दिसंबर तक आदर्श ग्राम योजना के तहत आने वाली सभी योजनाओं के डीपीआर को लेकर बैठक भी होनी है. इसके लिए जिलों के उप विकास आयुक्तों को निर्देश भी दिया गया है.

### डीजीपी गोपनीय कार्यालय के इंस्पेक्टर का तबादला



रांची। डीजीपी गोपनीय कार्यालय से इंस्पेक्टर राजेश सिन्हा का तबादला कर दिया गया है. राजेश सिन्हा पीटीसी पदमा में पदस्थापित थे और वर्तमान में डीजीपी गोपनीय कार्यालय में प्रतिनियुक्त थे. स्पेशल ब्रांच में पदस्थापित इंस्पेक्टर मणिभूषण को डीजीपी गोपनीय कार्यालय में प्रतिनियुक्त किया गया है.

### मड़ुआ को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए दिया गया पुरस्कार

# आईएचएम के प्राचार्य डॉ. भूपेश 'मड़ुआ मैन स्टार ऑफ झारखंड अवार्ड' से सम्मानित

संवाददाता। रांची

पर्यटन विभाग, झारखंड सरकार द्वारा संचालित व झारखंड का एक मात्र सरकारी होटल मैनेजमेंट संस्थान, इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, रांची के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार को हेलो लाइफ मैगजीन द्वारा आयोजित स्टार अवार्ड 2023 में "मड़ुआ मैन" के रूप में स्टार ऑफ झारखंड 2023 अवार्ड से सम्मानित किया गया.

डॉ. कुमार को यह अवार्ड झारखंड के स्थानीय मिलेटस "मड़ुआ" आधारित विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाने के साथ-साथ विश्वस्तरीय पहचान दिलाने के क्रम में प्रदान किया




**52 मिनट में मड़ुआ से 54 तरह के कुकीज बनाए**

आईएचएम, रांची के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार के नेतृत्व में विश्व पर्यटन दिवस 2023 एवं संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित वर्ष 2023 को "इंटरनेशनल ईयर ऑफ़ मिलेट्स" के रूप में मनाने व झारखंडी मिलेट "मड़ुआ" को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए यह पुरस्कार दिया गया है. डॉ. भूपेश कुमार के नेतृत्व में संस्थान के छात्रों ने 52 मिनट में मड़ुआ आधारित 54 तरह के कुकीज बनाकर एक अनोखा कीर्तिमान स्थापित किया और इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड 2023 में भी अपने संस्थान का नाम दर्ज कराया.

**मुहिम को एक अनूठी पहल बताया**

आईएचएम, रांची के प्राचार्य डॉ. भूपेश ने इस सम्मान के लिए हैलोलाइफ मैग्जीन प्रमुख रोनिता व संपादक प्रवीण रमन व उनकी पूरी टीम का धन्यवाद करते हुए इस प्रयास की सराहना की. उन्होंने मैग्जीन द्वारा समाज में सकरात्मक सोच के साथ खबर लोगों तक पहुंचाने की इस मुहिम को एक अनूठी पहल बताया. साथ हीं कहा कि आईएचएम रांची, झारखंडी मड़ुआ को विश्वस्तरीय पहचान दिलाने की ओर अग्रसर हैं. जिससे मड़ुआ के व्यंजन तैयार कर व्यवसाय के उपयोग में लाया जा सके. साथ हीं स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सके.

CLASSIFIED

































राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in गुरुवार, 28 दिसंबर 2023 ● पौष कृणपक्ष 02 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 250 आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

# कार एजेंटी के पैसे से बजरंगी को मिले थे दो आइफोन

▪ अमन सिंह हत्याकांड में एसएसपी को पत्र देकर कार स्टैंड एजेंट के मुंशी ने लगाई मदद की गुहार

▪ कहा -राज मालूम है, इसलिए धनबाद छोड़ना पड़ा, नहीं तो जान मारने की दी जा रही है धमकी

संवाददाता। धनबाद

अमन सिंह हत्याकांड में पुलिस अब भी पिस्टल के धनबाद जेल पहुंचने के सुरागों तक नहीं पहुंच पाई है. इसी बीच धनबाद स्टेशन में रेलवे कार स्टैंड के ठेकेदार के मुंशी ने एसएसपी से जान माल की गुहार लगाते हुए कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं. पुलिस को बताया धनबाद स्टेशन में कार एजेंटी के पैसे से दो आइफोन खरीदकर धनबाद जेल में बंद विकास बजरंगी को दिए गए थे. साथ ही कई अन्य सामान भी यहां से जेल पहुंचाए जाते थे.

एसएसपी को दी गई शिकायत में हिल कालोनी निवासी जितेंद्र उर्फ सोनी शर्मा ने बताया है कि एक दिसंबर 2022 को मुनमुन राय ने रेलवे कार स्टैंड का ठेका लिया था. पप्पू यादव उर्फ विश्वनाथ ने उस ठेका को पेंटी कांटेक्ट पर ले लिया. सोनी शर्मा उसी का मुंशी है. उसने बताया कि रुपये कलेक्शन का काम उसके जिम्मे था. आगे बताया कि पप्पू यादव प्रतिदिन शाम को आते थे और उससे पैसा लेकर चले जाते थे. इसी रकम से पप्पू ने विकास के लिए दो आइफोन खरीदे थे. फोन के अलावा उसके लिए कपड़ा-लत्ता, पेन ड्राइव, बिछावन आदि भी खरीद कर देते थे. जेल गेट से प्रतिदिन आकर सामान ले जाने वाले व्यक्ति को पांच सौ रुपये दिया जाता था. जिसका सारा हिसाब-किताब उसके कलेक्शन डायरी में लिखा हुआ है. ये भी बताया कि प्रतिदिन शाम में सात बजे के बाद पप्पू और विकास बजरंगी के बीच मोबाइल पर वीडियो कॉल पर बातचीत होती थी. जिसके सबूत पप्पू यादव के मोबाइल पर मिल जाएगा. इन सारी बातों की जानकारी होने के कारण पप्पू यादव उसे बार-बार धमकी देता है कि धनबाद छोड़ दो चले जाओ. सोनी ने बताया कि पप्पू अपराधी किस्म का व्यक्ति है और वो उसके या उसके परिवार के साथ कुछ भी करवा सकता है., ऐसे में पप्पू यादव से उसे बचाया जाए.

## अमन सिंह हत्याकांड के बाद जेल में मिले थे आठ मोबाइल



**धनबाद ।** अमन सिंह हत्याकांड के बाद जेल में हुई छापेमारी के दौरान पुलिस ने आठ मोबाइल फोन बरामद किए थे. लेकिन इनमें कोई भी आइफोन नहीं है, यदि सोनी की बात में सच्चाई है तो फिर जेल के अंदर दो-दो आइफोन थे, जो पुलिस बरामद करने में नाकाम रही है, यहां इस बात की भी पूरी संभावना है कि अमन सिंह के पास भी आइफोन ही होगा. गांधी व बजरंगी ने अपने इकबालिया बयान में ये कबूला है कि वे लोग फेसबुक मैसेंजर से अक्सर जेल से बात करते थे. लेकिन दोनों ने मोबाइल को नष्ट करने की भी बात कही थी.

घूस लेकर क्लास देने का आरोप

## डीएसपीएमयू के असिस्टेंट प्रो. डॉ. अशोक नाग सस्पेंड

संवाददाता। रांची

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अशोक नाग को सस्पेंड कर दिया गया है. मिली जानकारी के अनुसार, राजभवन के आदेश के बाद उन्हें सस्पेंड किया गया है. एक सप्ताह पहले डॉ. अशोक नाग को यूके मैनेजमेंट डिपार्टमेंट के डायरेक्टर पद से हटाया गया था. डॉ. अशोक नाग पर चार शिक्षकों ने घूस लेकर क्लास देने का आरोप लगाया था. उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग (राजभवन) से भी इसकी शिकायत की थी. इसके बाद डीएसपीएमयू ने एक जांच कमेटी का गठन किया था. लेकिन उस कमेटी ने जांच करने से इनकार कर दिया. इसके बाद फिर से एक कमेटी गठित की गयी, जिसने जांच के बाद रिपोर्ट जमा कर दी है. इधर अशोक नाग पर आरोप लगाने वाले शिक्षकों को भी अब झारखंड के किसी भी विश्वविद्यालय में पढ़ाने नहीं दिया जाएगा.

## ब्रीफ खबरें

### स्टेशन पर ट्रेन से कटकर छात्र की मौत

**तेतुलामारी (धनबाद)।** तेतुलामारी रेलवे स्टेशन पर बुधवार को हटिया-वर्धमान ट्रेन से गिरकर रामगढ़ जिले के चितरपुर निवासी युवक धीरज कुमार की मौत हो गई. ट्रेन से कटकर उसका सिर धड़ से अलग हो गया. वह आईटीआई दुर्गापुर का छात्र था. धीरज अपने भाई नीतीश के साथ ट्रेन से कॉलेज जा रहा था.



### बंद घर से दस लाख के आभूषण की चोरी

**जमशेदपुर।** मानगो थाना अंतर्गत पोस्ट ऑफिस रोड आदर्श नगर निवासी जितेंद्र पांडे के घर से चोरों ने लगभग दस लाख रुपये के सोने के आभूषणों की चोरी कर ली. जितेंद्र पांडे ने बताया कि दो दिन पूर्व वे अपने भाई के घर बर्मामाइंस ईस्टप्लांट बस्ती गए हुए थे. बुधवार की शाम जब वे अपने घर लौटे तो घर का मुख्य दरवाजा बंद था, जबकि बालकोनी का दरवाजा खुला हुआ था. भाजपा नेता विकास सिंह पीड़ित के घर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी.

### प्रतिबिंब एप से साइबर अपराधी हुए गिरफ्तार

**रांची।** प्रतिबिंब एप के माध्यम से एक साइबर अपराधी गिरफ्तार हुआ है. साइबर अपराधी असलम अंसारी की गिरफ्तारी पुंदाग ओपी क्षेत्र के आलम हाता से हुई है. जिस नंबर से असलम अंसारी के द्वारा साइबर ठगी की गई थी पुलिस ने जब उसके बारे में पूछताछ की तो असलम ने स्वीकार किया कि सभी सिम कार्ड उसके द्वारा लिया गया है. पुलिस ने असलम से उस पूछताछ की तो वह सही स्रोत के बारे में जानकारी नहीं दे पाया.

### 31 दिसंबर को होगा राष्ट्रीय जतरा महोत्सव

**रांची।** करमटोली स्थित केंद्रीय धुमकुड़िया भवन में बुधवार को विभिन्न आदिवासी संगठनों की बैठक हुई. अंतु तिर्की ने कहा कि 31 जनवरी को मोरहाबादी मैदान में दो दिवसीय राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का आयोजन होना है. रांची में पहली बार राष्ट्रीय जतरा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. 32 जनजाति के खोड़हा मंडली शामिल होंगे. महोत्सव में असम, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, ओडिशा, बंगाल के खोड़हा शामिल होंगे.

पहले केस कर भिजवाया जेल, रिहा होने पर करा रहे ड्यूटी

# कौन लौटाएगा डेढ़ साल...

**विडंबना**

## कंपनी कमांडर ने होमगार्ड जवान पिता-पुत्र पर केस कर भिजवाया जेल, रिहा होने पर कमान देकर करा रहे ड्यूटी

संवाददाता। धनबाद

गृह रक्षावाहिनी धनबाद के कंपनी कमांडर राजीव कुमार गौरव ने होमगार्ड जवान पिता-पुत्र पर पहले जालसाजी का केस कर जेल भिजवाया. जेल से बाइज्जत रिहा होने पर उसी कंपनी कमांडर की ओर से कमान देकर दोनों से ड्यूटी करायी जा रही है. सूत्रों के अनुसार धनबाद थाना क्षेत्र के पॉलिटेक्निक रोड बिशुनपुर निवासी जितेंद्र कुमार 1989 में धनबाद गृह रक्षावाहिनी में ग्रामीण गृह रक्षक के पद पर बहाल हुए थे. उनके पुत्र अमरेश कुमार की होमगार्ड में वर्ष 2009 में बहाली हुई थी.

दोनों पिता-पुत्र गृहरक्षक के पद पर नौकरी कर रहे थे. अमरेश 9 साल तक नौकरी कर चुका था. इसी बीच अचानक जनवरी 2018 में किसी ने कंपनी कमांडर को सूचना दी कि जितेंद्र कुमार दूसरे व्यक्ति के पुत्र अमरेश कुमार को अपना पुत्र बताकर विभाग में सेटिंग कर बहाली करायी है. बगैर जांच पड़ताल के फर्जी कागजात सुपुर्द कर बहाली कराने के मामले में पिता-पुत्र पर कंपनी कमांडर ने धनबाद थाना में कांड संख्या 20/18 में भादवि की धारा 467/ 468/ 471/ 419/ 420/ 120बी के तहत जालसाजी का केस कर दिया. फिर पुलिस ने जितेंद्र कुमार और अमरेश कुमार को जेल भेज दिया. दोनों पिता पुत्र कहते रहे कि वे सगे पिता-पुत्र है. कोई भी कागजात नकली नहीं है. विभाग चाहे तो कागजातों की जांच पड़ताल कर सकती है, लेकिन केस के अनुसंधानकर्ता ने एक न सुनी और पिता-पुत्र को जेल जाना पड़ा.




▪ 1989 से ड्यूटी कर रहे जितेंद्र पर अमरेश को फर्जी बेटा बनाकर 2009 में बहाली कराने का 2018 में लगा था आरोप

### कोर्ट में अपील के बाद सुपरविजन में पिता-पुत्र सगे निकले

जानकारी के अनुसार जालसाजी के आरोप में जितेंद्र व अमरेश तो जेल चले गए, लेकिन झूठे केस को सही साबित करने के लिए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के पास अपील की गई. फिर केस का डीएसपी ने सुपरविजन किया तो पता चला कि पिता-पुत्र पर लगे आरोप झूठ है. किसी ने साजिश के तहत दोनों पर झूठा केस करवा कर जेल भिजवाया है. ताकि दोनों की नौकरी भी चली जाए और केस में सजा हो जाए, लेकिन साजिश विफल हो गयी और चार्जशीट के बाद दोनों पिता-पुत्र केस से बाइज्जत बरी हो गए.

### रिहाई के बाद दोबारा नौकरी के लिए मुख्यालय तक लगाई दौड़

पहले जालसाजी का केस और उसके बाद जेल गए तो मुहल्ले से लेकर विभाग तक में बदनामी हुई. केस से बरी होने के बाद पिता-पुत्र दोनों कंपनी कमांडर के पास गए तो राजीव कुमार गौरव ने कहा कि जितेंद्र व अमरेश को बर्खास्त कर दिया गया है. रिहाई के बाद दोबारा नौकरी पाने के लिए धनबाद के होमगार्ड कमांडेंट, उपायुक्त से लेकर मुख्यालय कमांडेंट रांची को पत्र लिखा गया. फिर कोर्ट से बरी होने के कागजात सौंपे गए. होमगार्ड मुख्यालय के निर्देश पर पिता-पुत्र को दोबारा नौकरी मिल गयी.

### फर्जी केस कर बर्खास्त करना और जेल भिजवाना पुरानी परंपरा

झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रवि मुखर्जी ने कहा कि गृह रक्षावाहिनी में फर्जी केस कर जेल भिजवाना, बर्खास्त करना पुरानी परंपरा है. गृह रक्षावाहिनी धनबाद के पदाधिकारियों की ओर से अब तक दो फर्जी केस किए जा चुके हैं. जिसमें दोनों केस में सभी आरोपी कोर्ट से बाइज्जत बरी हो गए. जबकि फर्जी केस करने व करवाने पदाधिकारियों पर आजतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है.

## पीटीआर में दिखा बाघ, कैमरे में हुआ कैद

**रांची/पलामू।** पलामू टाइगर रिजर्व में एक बार फिर से बाघ दिखा है. बाघ की तस्वीर कैमरे में कैद हुई है. वन विभाग के अफसर चौथे बाघ की पुष्टि के लिए कैमरा में कैद हुई फोटो का आकलन कर रहे हैं. पलामू टाइगर रिजर्व के निदेशक कुमार आशुतोष ने बताया कि बाघ की तस्वीर एक साइड से कैद हुई है. पहले से मौजूद तीनों बाघ की तस्वीर से उसका मिलान किया गया है. यह फोटो सभी से अलग है. वहीं बाघ की मौजूदगी को लेकर अलर्ट जारी किया गया है. कुछ दिनों पहले पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में बंगाल के एक पर्यटक ने बाघ की तस्वीर को अपने कैमरे के कैद किया था. 2023 में पलामू टाइगर रिजर्व के इलाके में चार बार देखे जा चुके हैं. हर मौके पर तस्वीर कैमरा में कैद हुई है.

बाघ की मौजूदगी को लेकर जारी किया अलर्ट



नवीनतम दर पर मुआवजा व विस्थापित को नौकरी देने की मांग

## चांडिल डैम के 116 गांवों के विस्थापितों ने सुवर्णरेखा भवन पर बोला धावा

**खास बातें**

- विस्थापित अधिकार मंच के बैनर तले हो रहा आंदोलन
- मांगे नहीं पूरी नहीं की गईं तो कार्यालय में तालाबंदी करेंगे

संवाददाता । आदित्यपुर

आदित्यपुर के सुवर्णरेखा भवन पर बुधवार को विस्थापित अधिकार मंच के बैनर तले चांडिल डैम के 116 गांव के विस्थापितों ने धावा बोला. विस्थापितों का नेतृत्व कर रहे राकेश महतो ने कहा कि 116 गांव के विस्थापित परिवारों को मध्यप्रदेश की तरह विस्थापितों को मुआवजा और नौकरी दे सरकार, नहीं तो हमलोग कार्यालय में तालाबंदी करेंगे.

इनका कहना था कि अब तक विस्थापितों को केवल आश्वासन देकर सरकार ठगने का काम करती रही है. विस्थापितों को पुनर्वास के नाम पर 12 डिसमिल जमीन और नौकरी के बदले 6.45 लाख रुपये का जो पैकेज दिया जा रहा है वह हम विस्थापितों को मंजूर नहीं है. हमें 2024 के नवीनतम दर पर मुआवजा दे और प्रत्येक विस्थापित परिवार को नौकरी मिले. नौकरी नहीं देने की स्थिति में मध्यप्रदेश सरकार की तरह 60 लाख रुपये का मुआवजा पैकेज मिले.




सुवर्णरेखा भवन पर प्रदर्शन करते विस्थापित.

### प्रदर्शन के दौरान कोई अधिकारी मौजूद नहीं था

विस्थापितों के द्वारा प्रदर्शन करने के दौरान कार्यालय में न तो अपर निदेशक दिनेश रंजन मौजूद रहे और न ही प्रशासक सह परियोजना के सचिव प्रशांत कुमार ही मौजूद रहे. जिसके वजह से विस्थापितों के साथ किसी प्रकार की वार्ता महीन हो सकी. विस्थापित शाम करीब 4 बजे तक कार्यालय गेट को जाम रखे रहे. बता दें कि अप्रैल 2023 से ही फंड के अभाव में विस्थापित का सारा कार्य ठप है.

### विस्थापितों ने राजभवन के पास भी दिया था धरना

ज्ञात हो कि राकेश रंजन महतो की अध्यक्षता में चांडिल डैम के 116 गांवों के सैकड़ों विस्थापितों ने 30 अक्टूबर को अखिल झारखंड विस्थापित अधिकार मंच के बैनर तले रांची में राजभवन के पास अनिश्चितकालीन धरना और आमरण अनशन भी किया था तथा इससे पहले अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाए.

### सीएम से आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला

निर्माण के 42 साल बाद भी चांडिल बांध के निर्माण में विस्थापित हुए परिवारों को न तो पुनर्वास दिया गया और न ही मुआवजा. विस्थापितों का कहना है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मौखिक आश्वासन के अलावा उनके लिए कुछ नहीं किया.

## एक रुपये में एक किलो चना दाल मिलेगा

▪ गोदाम से पीडीएस दुकान पहुंचने लगा चना दाल, जल्द मिलेगा

▪ 65 लाख से अधिक राशन कार्डधारी परिवारों को मिलेगा लाभ

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड के पीडीएस लाभुकों के लिए खुशखबरी है. अब उन्हें राशन दुकान से चना दाल भी मिलेगा. गोदाम से चना दाल दुकानों में पहुंचाया जा रहा है. जल्द ही यह लोगों को मिलने लगेगा. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम और झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना में शामिल परिवारों को झारखंड सरकार प्रति माह एक किलो चना दाल देगी. इसका लाभ राज्य के करीब 65 लाख से अधिक राशन कार्डधारी परिवारों को मिलेगा. राशन कार्डधारियों को दाल देने के लिए राज्य सरकार ने बजट में करीब 500 करोड़ का प्रावधान चालू वित्त वर्ष में किया है. लाभुकों को एक रुपये में एक किलो चना दाल दिया जायेगा. दिसंबर महीने में जो दाल मिलेगा, वह सितंबर माह का होगा. लाभुक को अपनी-अपनी पीडीएस दुकान से दाल प्राप्त कर सकते हैं.

**नेफेड को भेज दी है राशि :** खाद्य आपूर्ति विभाग ने नेशनल एग्रीकल्चर को-ऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (नेफेड) से 55 रुपये किलो की दर से चना की खरीद की है. इस पर नेफेड ने 15 रुपये प्रति किलो प्रोसेसिंग की राशि सब्सिडी के तौर पर छूट दी है. एक माह के दाल की खरीद पर करीब 3 करोड़ 57 लाख 50 हजार की राशि सरकार खर्च करेगी.

### कैसे होगा दाल का वितरण



चना दाल की गुणवत्ता जांच करने के बाद प्रखंड में स्थित राज्य खाद्य निगम के गोदामों में चना दाल को डोर स्टेप डिलिवरी के माध्यम से जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को आपूर्ति की जाएगी. चना दाल का वितरण ई-पॉश मशीन के माध्यम से होगा. राशन दुकानदार प्रति किलोग्राम एक रुपये लाभुक से लेगा, जो दुकानदार का कमीशन होगा. इसके अतिरिक्त राज्य सरकार जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को कोई अतिरिक्त राशि का भुगतान नहीं करेगी.

## हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस होंगे जस्टिस एस चंद्रशेखर



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा के रिटायरमेंट के बाद हाईकोर्ट के सीनियर जस्टिस एस चंद्रशेखर को चीफ जस्टिस के कार्यालय का दायित्व सौंपा गया है. चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा 28 दिसंबर को रिटायर हो रहे हैं. आदेश में कहा गया है कि राष्ट्रपति की ओर से झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस कार्यालय की ड्यूटी के निर्वहन के लिए नियुक्त किया गया है, जो 29 दिसंबर से प्रभावी होगा. आदेश मिनिस्ट्री आफ लॉ एंड जस्टिस, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के डिप्टी सेक्रेटरी की ओर से जारी किया गया है.

रेलवे ने ट्रैक धंसने की बात कहकर जलापूर्ति कराई बंद

## गम्हरिया में 5 दिन जलापूर्ति रहेगी ठप

संवाददाता । आदित्यपुर

आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 9 में स्थित मीरुडीह रेल फाटक के पास रेलवे ट्रैक के नीचे से गुजरी जलापूर्ति का पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई है. वहां से रेलवे ट्रैक के नीचे से क्षतिग्रस्त पाइप लाइन से पानी का बहाव निरंतर हो रहा है. इस स्थिति को देखते हुए रेलवे के अभियंता ने नगर निगम को ट्रैक धंसने की बात कहकर तत्काल जलापूर्ति बंद करने को कहा है. इसके बाद नगर निगम और जिंदल की टीम ने स्थिति का जायजा लेने के बाद गम्हरिया की ओर जा रही पाइप लाइन में जलापूर्ति बंद कर दी है. आशंका जताई जा रही है कि पाइप लाइन की मरम्मत में कम से कम 5 दिनों का समय लग सकता है. इससे गम्हरिया क्षेत्र में कम से कम 5 दिन जलापूर्ति बंद रहेगी.



**रेलवे ट्रैक धंसने की थी संभावना :** नगर निगम के नगर प्रबंधक देवाशीष प्रधान ने बताया कि पुराने पाइपलाइन होने के कारण गम्हरिया रेलवे क्रॉसिंग में पाइपलाइन फट गई है. उन्हें साउथ ईस्टर्न रेलवे के वरीय अनुभाग अभियंता द्वारा तत्काल प्रभाव से जलापूर्ति बंद करने का निर्देश मिला है, अन्यथा रेलवे ट्रैक धंसने की संभावना है. निगम को सूचना मिलते ही प्रशासक आलोक कुमार ने संबंधित अधिकारी से स्थिति का जायजा लिया एवं संबंधित रेलवे अधिकारी से बात कर जल्द से जल्द एनओसी निर्गत करने को कहा.

**खास बातें**

- पानी सप्लाई पाइप क्षतिग्रस्त, आपूर्ति बाधित, लोग परेशान
- जलापूर्ति ठप रहने से 10 हजार की आबादी प्रभावित

**पहल** वन विभाग का वेलकम 2024 मिशन टू सेव अर्थ कार्यक्रम 30 दिसंबर को

## छऊ, फैशन शो, कठपुतलियों से 'सेव अर्थ' का देंगे संदेश

संवाददाता। रांची

वन पर्यवरण व जलवायु परिवर्तन के विषय पर वन विभाग की पहल पर वेलकम 2024 मिशन टू सेव अर्थ कार्यक्रम का आगाज 30 दिसंबर को ऑक्सीजन पार्क में किया जा रहा है. रांची डीएफओ श्रीकांत वर्मा बुधवार को मोरहाबादी स्थित नीलांबर-पीतांबर ऑक्सीजन पार्क में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान इसकी जानकारी दे रहे थे. उन्होंने कहा कि मिशन लाइफ कार्यक्रम के तहत जनभागीदारी को बढ़ावा मिले, इसके लिये जलवायु, पर्यावरण, प्लास्टिक की रोकथाम पर जागरूकता लाने की कोशिश होगी.

### जलवायु, पर्यावरण, प्लास्टिक की रोकथाम पर इंटरटेनमेंट कार्यक्रम का आगाज : डीएफओ



**मिशन लाइफ 2024 : कई मनोरंजक कार्यक्रम होंगे :** वेलकम 2024 मिशन टू सेव अर्थ कार्यक्रम के लिए विशेष रूप से राजस्थान से कठपुतलियों को लाया गया है. इनके माध्यम से इंटरटेनमेंट कार्यक्रम आयोजित होंगे. ग्लोबल वार्मिंग के बारे में बताया जायेगा, बालू में सैंड आर्टिस्ट अपनी कला को रूप देंगे. साथ ही झारखंड के लोक नृत्य, छऊ नृत्य, फैशन शो होगा, जिसमें कलाकार जलवा बिखेरेंगे. रैंप वॉक से बताया जाएगा कि लोग कैसे परिधान पहनें, आपकी दिनचर्या कैसी हो, अंधकार से कैसे रोशनी की ओर प्रवेश करें. वेलकम 2024 मिशन टू सेव अर्थ कार्यक्रम के माध्यम से इस विषय पर जागरूक करने की पहल होगी. 2024 मिशन टू सेव अर्थ कार्यक्रम 30 दिसंबर को शाम 5 बजे शुरू होगा.

### जल, जंगल, जमीन की झलक दिखेगी : शुभमंगल

फैशन डिजाइनर शुभ मंगल ने बताया कि आदिवासी समुदाय का जल, जंगल, जमीन से घनिष्ठ संबंध को रैंप के माध्यम से पेश किया जायेगा. जल, जंगल, जमीन, नदी, झरने इन सबसे इनका कितना गहरा लगाव है, इसकी अनोखी झलक प्रदर्शित कर जागरूक करने की भरसक कोशिश होगी. मौके पर फैशन डिजाइनर आरएफओ संजय कुमार, जेएफएस के जीएच यादव आदि शामिल थे.

# झारखंड में गठबंधन सरकार उम्मीद पर खरा नहीं उतरी : सवैया

संवाददाता। चाईबासा



कोल्हान भूमि बचाव समिति के अध्यक्ष विनोद सवैया की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के सामने बुधवार को एक आवश्यक बैठक की गई. बैठक में मुख्य रूप से झारखंड सरकार द्वारा विभिन्न विभाग में की जा रही झारखंडी विरोधी नियुक्ति प्रक्रिया पर चर्चा हुई.

अध्यक्षता करते हुए विनोद सवैया ने कहा कि झारखंड के हेमंत सोरेन की सरकार से झारखंड के आदिवासी मूलवासियों को बहुत उम्मीद थी. लेकिन, झारखंड के महागठबंधन की सरकार उम्मीद पर खरा नहीं उतरी. इसका सबसे बढ़िया ताजा उदाहरण झारखंड पुलिस नियुक्ति का अधिसूचना है. जिसे इसी दिसंबर महीने में ही जारी किया गया है. जिसमें जिला पुलिस के लिए नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जानी है. पश्चिम सिंहभूम जिला के लिए 322 आरक्षी का पद निकाला गया है. जिसमें से आदिवासी और ओबीसी को शून्य कर दिया गया है. जबकि सिर्फ कोरम पूरा करने के लिए 2 महिला एससी का पद को आरक्षित किया गया है. बाद बाकी सब के सब जनरल और आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्ण वर्ग के लिए ही पद निकाला गया है. यह हेमंत सोरेन सरकार की असलियत को दर्शा रहा है.

**वादे पूरे करने में सरकार विफल रही :** झारखंड पुनरूत्थान अभियान के मुख्य संयोजक सन्नी सिंकु ने कहा कि वर्तमान झारखंड के महागठबंधन की सरकार ने 2019 के विधानसभा चुनाव में बहुत ही लोभ लुभावने नारा दिया था. घोषणा पत्र में उल्लेख किया था कि महागठबंधन की सरकार बनी तो प्रतिवर्ष पांच लाख बेरोजगारों को नौकरी दी जाएगी. 1932 के खतियान के आधार पर स्थानीय नीति तैयार की जाएगी. उसी स्थानीयता के आधार पर नियुक्ति की जाएगी. झारखंड सरकार का चार साल 29 दिसंबर को पूरा हो जाएगा. लेकिन इन घोषणाओं को और जनता के बीच किए गए वादे को पूरा करने में झारखंड सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है.

### खास बातें

- बैठक में झारखंडी विरोधी नियुक्ति प्रक्रिया पर हुई चर्चा
- हेमंत सरकार से झारखंड के आदिवासियों को उम्मीद थी

### हमने 4 साल सफलता पूर्वक सरकार चलाई है

विनोद सवैया ने कहा कि सीएम कहते है कि हम आदिवासी है. इसलिए भाजपा हमारी सरकार को गिराना चाहती है. लेकिन, हमने (भाजपा) चार साल सफलता पूर्वक सरकार चलाई है. हेमंत सोरेन की सरकार बताए कि आरक्षी नियुक्ति में पश्चिम सिंहभूम जिला के आदिवासी और मूलवासी को एक भी सीट क्यों नहीं दिया गया.

### नियम और शर्तों की अवमानना हुई है

शिक्षकों की नियुक्ति, स्वास्थ्य विभाग की नियुक्ति, पेयजल आपूर्ति विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य सभी राज्य सरकार की नियुक्ति में झारखंडियों की घोर उपेक्षा की जा रही है. दूसरे राज्य के बेरोजगारों को राज्य सरकार अवसर प्रदान कर रही है. राज्य में पदस्थापित नौकरशाह निर्भय होकर कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा जारी नियम और शर्त का अवमानना कर रही है. इसका सबसे बढ़िया उदाहरण प.सिंहभूम जिला है. इस जिला में रश्मिता भल को जिला के उपायुक्त ने नियम और शर्त का उल्लंघन करते हुए नियुक्ति की है. जिस संदर्भ से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कई बार चरणबद्ध आंदोलन करने के बाद मांग पत्र प्रेषित की गई. उन्हें ट्वीट भी किया गया. लेकिन अभी तक रश्मिता भल को पेयजल आपूर्ति विभाग के आईईसी कोऑर्डिनेटर पद से नहीं हटाया गया.

### आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- रांची नगर निगम के अंतर्गत कुल कितने वार्ड हैं – 37
- झारखंड में नगर पालिका की संख्या कितनी है – 39
- झारखंड में अनुसूचित क्षेत्र (छोटा नगर पालिका) की संख्या कितनी है – 22
- झारखण्ड में पंचायती राज व्यवस्था कब लागू हुई – 23 अप्रैल 2001
- झारखंड में कौन सी पंचायती राज व्यवस्था लागू है – त्रिस्तरीय
- झारखंड में कुल ग्राम पंचायतों की संख्या कितनी है – 4562
- झारखंड ग्राम पंचायत का प्रमुख कौन होता है – मुखिया
- ग्राम पंचायत के गठन के लिए कितनी जनसंख्या की आवश्यकता होती है – 1000
- ग्राम पंचायत का सचिव कौन होता है – पंचायत सेवक

## ब्रीफ खबरें

### कम्यूनिटी पुलिसिंग के तहत बांटे कंबल

**गुड़ाबांदा।** गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा जरुरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया. बुधवार को थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर थाना प्रभारी परवेज आलम और पुलिस के जवानों ने ग्रामीणों को कंबल वितरित किया. थाना प्रभारी परवेज आलम ने बताया कि शीतलहरी से लोगों को बचाने के लिए कम्यूनिटी पुलिसिंग के तहत जरूरतमंद ग्रामवासियों के बीच 250 कंबल का वितरण किया गया. इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने भी पुलिस का सहयोग किया.

### आजसू अल्पसंख्यक संघ के प्रखंड अध्यक्ष बने रिजवान

**नोवामुंडी।** आजसू अखिल झारखंड अल्पसंख्यक संघ के पश्चिमी सिंहभूम जिलाध्यक्ष सलीम खान ने नोवामुंडी निवासी रिजवान अंसारी के सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए रिजवान अंसारी को नोवामुंडी प्रखंड आजसू अखिल झारखंड अल्पसंख्यक संघ का नोवामुंडी प्रखंड अध्यक्ष नियुक्त किया है. साथ ही जिला अध्यक्ष सलीम खान ने विश्वास व्यक्त किया है कि रिजवान अंसारी अपने पद का सदुपयोग करते हुए अल्पसंख्यकों के अधिकार और सम्मान दिलाने के लिए संघर्षरत रहेगें.

### केनरा बैंक ने बच्चों के बीच बांटा कंबल

**चाईबासा।** केनरा बैंक चाईबासा शाखा की ओर से कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत बल कुंज अनाथ केंद्र में बच्चों के बीच बुधवार को कंबल का वितरण किया गया. बैंक की ओर से बच्चों के लिए वॉटर प्यूरीफायर दिया गया है. क्षेत्रीय कार्यालय जमशेदपुर के मंडल प्रबंधक दीपांकर श्रीज्ञान, मुख्य शाखा प्रबंधक अमित सिन्हा और वरिष्ठ प्रबंधक दीपक कुमार एवं पश्चिमी सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के संयुक्त सचिव जक्की खान द्वारा बच्चों के बीच कंबल का वितरण किया गया.

### नेपेल उपरुम कार्यक्रम 29 को, प्रतियोगिताएं शुरू

**किरीबुरु,** आदिवासी कल्याण केन्द्र, किरीबुरु के तत्वावधान में 29 दिसम्बर को नेपेल उपरुम सह आदिवासी हो मिलन समारोह कार्यक्रम का भव्य आयोजन केन्द्र परिसर में होगा. इसके लिये आयोजन कमिटी द्वारा सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है. उक्त कमिटी का यह 18वां नेपेल उपरुम समारोह है. इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों एवं जीले से आदिवासी समाज के विद्वान लोग आयेंगे. यहां समाज की पौराणिक व पारम्परिक व्यवस्था, भाषा, संस्कृति, भेष-भूषा सहित तमाम मुद्दों पर चर्चा कर उन समस्याओं का समाधान हेतु प्रयास करेंगे.

### प्लस टू आरंभ करने का दिया आश्वासन, टूटेगा आमरण अनशन

# जन रक्षा संघर्ष समिति की एक मांग हुई पूरी

सुकेश। चाईबासा



रोलाडीह हाई स्कूल के शिक्षक की प्रतिनियुक्ति रद्द व प्लस टू आरंभ करने को लेकर अनशन पर बैठे अनशनकारी.

जन रक्षा संघर्ष समिति की ओर से पिछले 9 दिनों से रोलाडीह हाई स्कूल के शिक्षक की प्रतिनियुक्ति रद्द व प्लस टू आरंभ करने को लेकर जारी आमरण अनशन आखिरकार गुरुवार यानी की आज समाप्त हो सकता है. इस बीच राज्य शिक्षा विभाग की ओर से प्रतिनियुक्ति रद्द को लेकर अधिसूचना जारी कर दिया गया है. गुरुवार यानी की आज सुबह 10 बजे जन रक्षा संघर्ष समिति के सभी पदाधिकारी के अलावा स्थानीय ग्रामीण जनप्रतिनिधि व शिक्षा विभाग के पदाधिकारी पहुंचेंगे. इसके बाद आमरण अनशन को खत्म करने का निर्णय लिया जाएगा.

**आज लिया जाएगा अनशन खत्म करने का निर्णय :** जन रक्षा संघर्ष समिति के संयोजक सह अनशनकारी पंडित कुमार महतो ने कहा कि गुरुवार सुबह 10 बजे अनशन खत्म करने का निर्णय लिया जाएगा. इस अनशन में सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एक-एक जनरक्षा संघर्ष समिति के कार्यकर्ता ने अपना योगदान दिया है. जिनकी उपस्थिति में ही यह अनशन को खत्म कर दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि जिला शिक्षा विभाग ने हमारे मांगे पूरी कर दी है. इसके लिए विभाग बधाई के पात्र हैं. आने वाले दिनों में शिक्षा के क्षेत्र में और भी बेहतर काम हो इसको लेकर हमारा संघर्ष जारी रहेगा. उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को बढ़ाना सरकार का दायित्व है. सरकार को शिक्षा की महत्ता को समझते हुए इस क्षेत्र में विशेष ध्यान देना चाहिए. अब जनप्रतिनिधि को चाहिए कि वह सिर्फ शिक्षा के स्तर पर ज्यादा सोचें और इस पर काम करें. बता दें कि रोलाडीह हाई स्कूल के शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति रद्द और प्लस टू आरंभ करने की मांग को लेकर 19 दिसंबर को जन रक्षा संघर्ष समिति की ओर से अनशन आरंभ की गई थी.

### खास बातें

- प्रतिनियुक्ति रद्द को लेकर अधिसूचना किया जारी
- प्लस टू आरंभ को लेकर अधिसूचना अब तक नहीं

### अब रोलाडीह हाई स्कूल में शिक्षक अपना योगदान देंगे

जिला शिक्षा विभाग की ओर से शिक्षक प्रतिनियुक्ति रद्द मांग को खत्म कर दिया है. अब रोलाडीह हाई स्कूल में शिक्षक अपना योगदान देंगे. जबकि, अभी तक प्लस टू आरंभ करने को लेकर अधिसूचना जारी नहीं हुई है. लेकिन, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभय कुमार सिल की ओर से आश्वासन दिया गया है कि जल्द ही प्लस टू आरंभ कर दिया जाएगा. बता दें कि जन रक्षा संघर्ष समिति की ओर से बुधवार को भी अनशन जारी रहा.

### जन रक्षा संघर्ष समिति की लड़ाई जारी रहेगी

मौके पर मुख्य रूप से जन रक्षा संघर्ष समिति के अध्यक्ष अशोक कुमार तांती ने भी कहा कि शिक्षा का स्तर बढ़ने को लेकर जन रक्षा संघर्ष समिति आने वाले दिनों में और भी लड़ाई लड़ती रहेगी. हमारी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है. अभी तो लड़ाई शुरू हुई है. मौके पर मुख्य रूप से प्रधान बंकीरा, मोतीलाल मुखी, जगन्नाथ, राखल महाली, जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी हसदा, विजय कुमार गगराई के अलावा काफी संख्या में समाजससेवी कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# विधायक ने बुजुर्गों के बीच बांटे कंबल

संवाददाता। चाईबासा



बढ़ती ठंड को देखते हुए विधायक दीपक बिरुवा ने अपने स्तर से बुधवार को टोंटो प्रखंड के पुरनापानी में समाज के निर्धन असहाय जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया. ठंड में कंबल मिलते ही गरीबों के चेहरे खिल गए. धीरे-धीरे बढ़ रही कड़ाके की ठंड व सर्दी के मौसम को देखते हुए गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से बचाव के लिए पुरनापानी के बुजुर्गों के बीच कंबलों का वितरण किया.

विधायक ने कहा कि अत्याधिक ठंड व शीतलहर से उत्पन्न होने वाली समस्याओं को देखते हुए निराश्रित एवं असहाय तथा कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबलों का वितरण किया जा रहा है. ताकि ठंड से कोई भी जन हानि नहीं हो. ठंड के बीच कंबल पाकर लोगों के चेहरे में खुशी झलक आई. वही कंबल मिलने के बाद लोगों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया. इस दौरान विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनी और समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया. मौके पर ग्रामीण मुंडा विपिन सुंडी, टोंटो प्रखंड 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति अध्यक्ष मुन्ना सुंडी, जिला परिषद् सद्स्य राज नारायण तुबिद, दिनेश कुमार तुम्बलिया, सिकुर सुंडी, सुरेश सुंडी, बालवीर लुगुन, सुनील गोप, कितामोहन सुंडी, मनोज दास, राजेंद्र सुंडी, बुधन सिंह, दिनेश देवगम, चंबरा सुंडी समेत अन्य उपस्थित थे.

# गैस सिलेंडर की केवाईसी कराने को लेकर लगी लोगों की भीड़



संवाददाता। नोवामुंडी

बड़ाजामदा स्थित भारत गैस एजेंसी के संचालक रेखा भारत गैस एजेंसी में केवाईसी कराने के लिए उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को मिली गैस सिलेंडर तथा जेनरल गैस सिलेंडर के उपभोक्ताओं का केवाईसी कर बायोमेट्रिक ली जा रही है. इस संबंध में रेखा गैस एजेंसी के संचालक मुकेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अभी सरकार का आदेश जारी कर दिया गया है कि सभी गैस कनेक्शन उपभोक्ताओं का केवाईसी फॉर्म भरकर बायोमेट्रिक ली जानी है. इसी सरकार के आदेश का पालन कर सभी गैस उपभोक्ताओं का केवाईसी की कर बायोमेट्रिक ली जा रही है. केवाईसी करने का अंतिम तारीख 31 दिसंबर तक है. इस दौरान गुवा, किरीबुरू, बड़ाजामदा, नोवामुंडी, कोटगढ़ के लोगों ने केवाईसी फॉर्म भरने तथा बायोमेट्रिक के लिए बड़ाजामदा रेखा गैस एजेंसी पहुंच रहे हैं. इससे लोगों की भीड़ काफी हो रही है और लोगों की लंबी लाइन लग गई है.

### कोल्हान दिशुम पार्टी ने बैठक कर मांगा जनसमर्थन

**तांतनगर।** मंझारी प्रखंड अतंर्गत रासिका साई में कोल्हान दिशुम पार्टी ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर जनसमर्थन मांगा है. बैठक केंद्रीय अध्यक्ष प्रेम प्रकाश बिरूवा की अध्यक्षता में हुई. बैठक में पार्टी की मजबूती तथा ग्रामीणों की जन समस्याओं पर चर्चा हुई. प्रेम प्रकाश बिरूवा ने कहा अलग झारखंड बनने बाद से सभी पार्टियों नेझारखंड में बारी बारी से राज किया लेकिन किसी पार्टी ने गांवहित तथा कोल्हानहित में काम नहीं किया है. सभी पार्टियों ने सिर्फ और सिर्फ छला. इसलिए कोल्हान के विकास के लिए कोल्हान दिशुम पार्टी मजबूती होना बहुत जरूरी है. बैठक में विधानसभा प्रभारी अमर सिंह भूमिज, संजय बिरूवा, श्याम बिरूवा, गणेश बिरूवा, अजय बिरूवा, बिरेन्द्र कांलिन्दी, गोनो बिरूवा, नौरू बिरूवा, अर्जुन सिंह बिरूवा, अरविंद बिरूवा, आदि मौजूद थे.

# प्रतियोगिता स्थल पर अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध, लगेगा जुर्माना



संवाददाता। तांतनगर

तांतनगर प्रखंड क्षेत्र के बीकेएमसी रोलाडीह द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुरुआत गुरुवार से होगी. प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए बुधवार को संजीव देवगम की अध्यक्षता में कमिटी के सदस्यों व ग्रामीणों की बैठक हुई. बैठक में प्रतियोगिता स्थल में हब्बा डब्बा, मुर्गापाड़ा व अवैध प्रतिबंधित खेलों तथा अवैध नशीले पदार्थों की बिक्री पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है. वाबजूद प्रतिबंधित खेलो को संचालन करने तथा अवैध नशीले पदार्थो की बिक्री करते हुऐ पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया. इस अवसर पर रामचरण बोदरा, लाचू बारी, नितेश बारी, अर्जुन बारी, सालुका बारी, किड़ी बारी, देवशिष बोदरा, रामचरण कालुंडिया, लाल कुंटिया आदि मौजूद थे.

# 31 को बाबूलाल मरांडी आएंगे चाईबासा

संवाददाता। चाईबासा



आगामी 31 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी पश्चिमी सिंहभूम बासा टोंटो, सुपलसाई चाईबासा में स्थित भाजपा जिला कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई है. इसकी जानकारी भारतीय जनता पार्टी पश्चिमी सिंहभूम के जिला अध्यक्ष सतीश पुरी ने दी. उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, प्रदेश उपाध्यक्षसुनील कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष राज पलिवार, प्रदेश उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव कुमार वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अपर्णा सेन गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष जे पी पटेल, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, प्रदेश मंत्री सुबोध कुमार सिंह, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, प्रदेश मंत्री नवीन जायसवाल उपस्थित थे. इनके अलावा बैठक में प्रदेश मंत्री विवेक भवानी सिंह, प्रदेश मंत्री शर्मिला रजक, प्रदेश मंत्री काजल प्रधान, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, प्रदेश मंत्री मिस्री सोरेन, प्रदेश मीडिया संयोजक शिव पूजन पाठक, प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार, प्रदेश प्रवक्ता मिसफीका हसन, प्रदेश प्रवक्ता अमित कुमार, प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी, प्रदेश महिला मोर्चा के अध्यक्ष आरती कुजूर, प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष किशलय तिवारी, प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष शिवशंकर उरांव, प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष अमर कुमार बाउरी जी, प्रदेश पिछड़ा जाति मोर्चा के अध्यक्ष अमरदीप यादव, प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष पवन कुमार साहू, प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मो. अनवर हेयात, प्रदेश कार्यसमिति के सभी सदस्य, प्रदेश के सभी जिला के जिलाअध्यक्ष तथा सभी जिला के प्रभारी एवं अन्य उपस्थित थे.

# आदिवासियों के लिए खास व्यंजन है 'सेराली' और 'माटागुंडा' पत्ता

संवाददाता। किरीबुरु



सारंडा के जंगलों में पाया जाने वाला पौष्टिकता व स्वाद से भरपूर सेराली एवं माटागुंडा पत्ता यहां के आदिवासियों व वनवासियों के लिये महत्वपूर्ण व्यंजन अथवा खाद्य पदार्थ है. सारंडा के प्रायः गांवों के ग्रामीण, खासकर महिलाएं घने जंगलों में जाकर इस पत्ते को तोड़कर घर लाती है एवं घर के आंगन में पत्तों को सुखाकर उसका चूर्ण बनाकर डब्बे में बंदकर अच्छी तरह से रख लेती है.

ठंड के मौसम में सेराली पत्ता हरे रंग की जबकि माटागुंडा पत्ता लाल रंग का जंगल के विभिन्न क्षेत्रों में पाया जाता है. सारंडा के कुम्बिया गांव निवासी गोनो चाम्पिया ने बताया कि यह पत्ता पौष्टिकता से भरपूर रहता है. इसे टमाटर डालकर या अन्य तरीके से बनाया जाता है. खाने में यह पत्ता काफी स्वादिष्ट होता है. सबसे अहम बात यह है कि जब सब्जियां महंगी हो जाती है तब इस पत्ते का चुर्ण का इस्तेमाल सब्जी के रुप में करते हैं. हमें तो थोड़ी मेहनत से यह पत्ते मुफ्त में मिल जाते हैं लेकिन अन्य क्षेत्र के लोग, जो इस पत्ते के स्वाद के आदि होते हैं उन्हें महंगे दामों में खरीदना पड़ता है.

**प्रकृति संरक्षण** सारंडा जंगल के पेड़ों को मत काटो, यही हमारी रोजी-रोटी का सहारा हैं, इनके बिना हम अधूरे हैं

# जंगल और पेड़ हमारे जीविकोपार्जन का मुख्य आधार हैं : ग्रामीण

शैलेश सिंह। किरीबुरु



सारंडा जंगल के पेड़ों को मत काटो. ये पेड़ व जंगल हमारी जीविकोपार्जन का मुख्य आधार है. उक्त बातें सारंडा जंगल क्षेत्र के कमारबेड़ा, डिंबुली आदि गांवों की महिला व पुरुषों ने 'शुभम संदेश अखबार' से बातचीत के दौरान कही. ये ग्रामीण अपने क्षेत्र के जंगलों को कटने के बाद गांव से लगभग 30-40 किलोमीटर दूर छोटानागरा थाना अंतर्गत सारंडा के जंगलों में 'सियाली पत्ता' अपनी जीविकोपार्जन हेतु तोड़ने जाते हैं. ग्रामीणों को इन जंगलों में आने के लिए बस या अन्य वाहनों का सहारा लेना पड़ता है, जिसमें उनको एक तरफ का भाड़ा 20 से 30 रुपये देना पड़ता है. मुख्य सड़क से यह पैदल घने जंगलों में 'सियाली पेड़' की तलाश में आते हैं एवं उसका पत्ता तोड़ कर ले जाते हैं. जंगल में हीं यह अपने साथ लाये खाना को खाते हैं. इस दौरान विषैले जीव-जन्तुओं व वनप्राणियों का भी इन्हें सामना करना पड़ता है.

**बंदी में हमारा रोजगार होता है प्रभावित :** डिंबुली निवासी सुमित्रा नायक, नकुल नायक, सुजीत नायक, सरीता नायक, कमारबेडा. निवासी रशवंती दास, अनीता देवी, मुक्ता देवी, बालेमा मुंडा आदि ने बताया की वह रविवार को छोड़कर सभी दिन सुबह छह बजे से शाम छह बजे तक 'सियाली पत्ता' तोड़ने का कार्य करते हैं. एक किलो सियाली के अच्छे पत्ते के एवज में उन्हें 25 रुपये तथा खराब पत्ते पर 20-22 रुपये मिलता है. एक आदमी एक दिन में 10 से 15 किलो पत्ता तोड़ता है. नक्सली या अन्य बंदी में हमारा रोजगार प्रभावित होता है. कभी-कभी बस या अन्य वाहन नहीं आने पर जंगल में हीं आग जलाकर रात बिताते हैं.

### जरा सोचिए

- प्रकृति ने कदम-कदम पर हमारा साथ निभाया
- हमने अपने स्वार्थ के लिए प्रकृति का दोहन किया

### जंगल ने हमें भूख से मरने नहीं दिया

इतिहास गवाह है कि जब-जब देश में भीषण आकाल पड़ी है, तब-तब तमाम जंगल ने अपने यहां रहने वाले लोगों को भूख से मरने नहीं दिया. क्योंकि प्रकृति ने उन्हें हर मौसम में खाने व अन्य जरुरतों को पूरा किया. आज से चार-पांच दशक पूर्व तक लोग खादानों या कल-कारखानों में काम या रोजगार मांगने नहीं जाते थे, अगर कोई जबरन ले जाता तो वह भाग कर वापस जंगल गांव आ जाते थे. क्योंकि प्रकृति ने उन्हें खाने पीने के सारी संसाधन उपलब्ध करायी थी. लेकिन जैसे-जैसे हम जंगलों अर्थात् प्रकृति का दोहन युद्ध स्तर पर करने लगे, तब से हमारे सामने प्रकृति का भंडार जैसे फलदार वृक्ष, वन औषधियां, भूमिगत जल स्तर, वर्षा में भारी गिरावट, शुद्ध हवा, सूर्य का आग उगलना, प्राकृतिक जल श्रोत, नदी-नाले नष्ट होते गये.

### विनाश कर विकास की कल्पना बेईमानी

सरकार एवं वन विभाग ने सारंडा के गांवों के विकास के प्रति कृत संकल्प है, लेकिन सारंडा जंगल के विनाश की कब्र पर विकास की किरण की कल्पना करना बेईमानी होगी. पहले सारंडा में सड़कें, बिजली, स्कूल, चापाकल, यातायात आदि सुविधा नहीं थी. लेकिन, आज अनेक गांव इन सुविधाओं से जुड़ गयीं हैं. इसके बावजूद हम सारंडा की विनाश हेतु स्वंय या फिर लकड़ी तस्करों से हाथ मिला कर उसका दोहन करने के निरंतर प्रयास में लगे हैं. ऐसे में जंगल काट कर बसे लोगों को तय करना है कि सारंडा का वह कब्र खोदेंगे या फिर वह अपना और गांव का विकास कराना चाहेंगे.

# चिरस्मरणीय रहेगा सीताराम रुंगटा का योगदान : कांग्रेस

संवाददाता। चाईबासा



कांग्रेस भवन चाईबासा के विकास में अग्रणी भूमिका निभाने वाले बहुमुखी प्रतिभाशाली व्यक्तित्व जिला कांग्रेस कमिटी के पूर्व कोषाध्यक्ष स्व सीताराम रुंगटा की जयंती पर बुधवार को कांग्रेस भवन में कांग्रेसियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. मालूम हो कि चाईबासा में कांग्रेस भवन का निर्माण सीताराम रुंगटा की देन रही है. जिसका उद्घाटन बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री कृष्ण वल्लभ सहाय ने किया था.

पश्चिम सिंहभूम जिले में निरंतर नागरिक सुविधाएं प्रदान करने में स्व रुंगटा की अग्रणी भूमिका रही है. कई शिक्षण संस्थान सहित अन्य संस्थान एवं कई नागरिक सुविधाएं आज इनकी देन है. इनके देन जिले के नागरिकों के लिए चिरस्मरणीय रहेगा और स्व सीताराम रुंगटा के योगदान को भूला नहीं जा सकता है. मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास, जिला बीस सूत्री सदस्य त्रिशानु राय, जिला कांग्रेस महासचिव राज कुमार रजक, प्रवक्ता जितेन्द्र नाथ ओझा, कार्यकारिणी सदस्य राकेश सिंह, लक्ष्मण हासदा, सिकुर गोप, रुप सिंह बारी, राजेन्द्र कच्छप, राजेश दास, ब्रज मोहन देवगम के अलावे मारवाड़ी सम्मेलन अध्यक्ष रमेश खिरवाल, सचिव रुपेश अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष अनिल मुरारका उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### प्रमुख ने पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास

**मुसाबनी।** मुसाबनी प्रखंड प्रमुख रामदेव हेंब्रम ने बुधवार 15 वीं वित्त आयोग पंचायत समिति निधि से तेरंगा पंचायत के कुमीरमुड़ी में संतोष किस्कू के घर से धोनी के खेत तक पीसीसी पथ का शिलान्यास किया. पीसीसी पथ का निर्माण दो लाख उनचास हजार की लागत से किया जायेगा. साथ ही केंदाडीह के करमघुटू टोला में दो लाख उनचास हजार की लागत से निर्मित जल मीनार का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया. प्रमुख रामदेव हेंब्रम ने बताया कि दोनों गांव की पुरानी मांग पूरी हो रही है. धीरे-धीरे गांव की समस्या को समझते हुए विकास कार्यों का क्रियान्वयन किया जा रहा है.

### स्वामी स्वरूपानंद का मना जन्मोत्सव

**आदित्यपुर।** स्वामी स्वरूपानंद परमहंसदेव जी का जन्मोत्सव मंगलवार की देर शाम परसुडीह स्थित दुर्गा महल में काफी धूमधाम से संपन्न हुआ. प्रातः 6 बजे से ही कार्यक्रम प्रारंभ हुआ था. बावजूद इसके इस ठंड में भी काफी संख्या में भक्त जन उपस्थित हुए. भक्तों ने पहले बाबा के लिखे किताबो के अंशों का पाठ किया फिर समवेत उपासना शुरु हुई. हजारों की संख्या में भक्त जन इसमें शामिल हुए. सुबह 10 बजे प्रसाद ग्रहण के बार हजारों की संख्या महिला पुरुष भक्तजन कतार में नगर भ्रमण कीर्तन के साथ लिए,वातावरण काफी भक्ति मय हो उठा.

### विधायक ने किया वन विश्रामागार का उद्घाटन

**डुमरिया।** डुमरिया स्थित वन विश्रामागार का उद्घाटन बुधवार को विधायक संजीव सरदार ने किया. वन विश्रामागार का जिर्णोद्धार 9 लाख की लागत से वन विभाग द्वारा किया गया है. उद्घाटन के बाद वन विश्रामागार का उपयोग शुल्क देकर सैलानी और आम नागरिक कर सकते हैं. इस अवसर पर विधायक संजीव सरदार ने कहा कि डुमरिया में सभी सुविधाओं से वन विश्रामागार में उपलब्ध कराया गया है. इससे आने वाले समय में पर्यटक भी आकर ठहर सकेंगे. डुमरिया क्षेत्र में पर्यटन को भी प्रोत्साहन मिलेगा.

### एक से अनिश्चितकालीन हड़ताल जाएंगे राशन डीलर

**घाटशिला।** घाटशिला प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार एक जनवरी 2024 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है. इसकी जानकारी बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी घाटशिला के नाम प्रधान लिपि को ज्ञापन सौंप कर दिया है. ज्ञापन के संबंध में अभय कुमार ने बताया कि फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन घाटशिला प्रखंड कमेटी के द्वारा जिला कमेटी, प्रदेश कमेटी एवं राष्ट्रीय स्तर पर हड़ताल की घोषणा की गई है. घाटशिला प्रखंड के लगभग 81 दुकानदारों ने अपने विभिन्न मांगों को लेकर एक जनवरी से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे.

### पद्मश्री छुटनी महतो ने भोलाडीह में बांटे कंबल

**आदित्यपुर।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत स्वर्ण जयंती वर्ष आयोजन समिति के द्वारा बुधवार को पद्मश्री छुटनी महतो के गांव भोलाडीह में ग्रामीणों के बीच कंबल भेंट का कार्यक्रम आयोजित किया गया. आयोजन समिति की अध्यक्ष छुटनी महतो ने उन महिलाओं के बीच कंबल भेंट किया जिन को डायन के संदेह में रखकर प्रताड़ित किया जा रहा है. अपने संबोधन में छुटनी ने कहा कि व्यक्ति का सशक्तीकरण उसके जागरूकता और वैचारिक सबलता पर निर्भर करता है. उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को सोच विचार करके खरीदारी करने की सलाह दी.

---

श्रद्धापूर्वक मना वीर बाल दिवस, बच्चों ने किया गतका का प्रदर्शन, चार साहिबजादों को किया नमन

# जुगसलाई गुरुद्वारा साहेब से निकला चेतना मार्च

संवाददाता। जमशेदपुर



जुगसलाई स्टेशन रोड गुरुद्वारा साहेब में वीर बाल दिवस के अवसर पर बुधवार को चार साहिबजादों की याद में चेतना मार्च का आयोजन किया गया. जुगसलाई स्टेशन रोड गुरुद्वारा साहिब के प्रधान महेन्द्र पाल सिंह भाटिया, सेन्ट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह, वीर बाल दिवस के झारखंड प्रदेश सह संयोजक कुलवंत सिंह बंटी, सीजीपीसी के वरिय उपाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह भाटिया के नेतृत्व में चेतना मार्च निकाला गया था. इसमें सब से आगे छोटे-छोटे बच्चों के ने गतका का कौशल दिखाया गया, जो देखते बन रहा था. इसके साथ-साथ पालकी साहेब में चार साहिबजादों को याद करते हुए गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ स्त्री सत्संग सभा की प्रधान इंद्रजीत कौर के साथ महिलाओं के जत्था ने पूरे जुगसलाई में पैदल भ्रमण कर किया.

**जुगसलाई गुरुद्वारा साहिब में गुरु का लंगर लगाया गया:** इस चेतना मार्च में सिख नौजवान सभा के प्रधान गुरुचरण सिंह जुगनू और युवाओं द्वारा इस यात्रा को नियंत्रित किया गया. इस मार्च के बाद जुगसलाई गुरुद्वारा साहिब में गुरु का लंगर लगाया गया, जिसे सभी श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया. इस चेतना मार्च में जुगसलाई स्टेशन रोड गुरद्वारा साहेब के प्रधान महेंद्र पाल सिंह भाटिया, सेन्ट्रल गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान भगवान सिंह, वरिय उपाध्याक्ष नरेंद्र सिंह भाटिया, झारखंड प्रदेश वीर बाल दिवस सह संयोजक कुलवंत सिंह बंटी, गुरचरण सिंह बिल्ला कुलदीप सिंह, पिंटू सैनी, गुरचरन सिंह, जुगनू जसविंदर सिंह, रोमी स्टेशन रोड गुरुद्वारा के जनरल सेक्रेटरी कमलजीत सिंह भाटिया, हरदीप सिंह भाटिया, हरजीत सिंह टीपू, रघुवीर सिंह, रविंद्र सिंह बंटी, रोमी सिंह, चंचल सिंह, राजा सिंह, बलबीर सिंह, नरेंद्र सिंह, बलविंदर सिंह, जुगसलाई गौरी शंकर रोड गुरुद्वारा साहिब के प्रधान अमरजीत सिंह गांधी और पूरी कमेटी के लोगों ने सहयोग किया.

#### खास बातें

- जत्था ने पूरे जुगसलाई में पैदल भ्रमण कर किया
- युवाओं ने इस चेतना मार्च को नियंत्रित किया

---

आओ जानें

## सामान्य ज्ञान

- पंचायत समिति का नाम किसके नाम पर रखा जाता है – प्रखंड
- झारखण्ड में कितने पंचायत समिति है – 212
- पंचायत समिति का प्रमुख कौन होता है – प्रमुख
- पंचायत समिति के गठन के लिए आवश्यक जनसँख्या कितनी है – पांच हज़ार
- पंचायत समिति का सचिव कौन होता है – बीडीओ
- जिला परिषद का नाम किसके नाम पर रखा जाता है – जिला
- जिला पंचायत का प्रमुख कौन होता है – अध्यक्ष
- जिला पंचायत के गठन के लिए कितने जनसंख्या की आवश्यकता होती है – 50 हजार
- जिला पंचायत का प्रमुख कौन होता है – डीडीसी
- झारखण्ड में राजकीय प्रतीक को कब अपनाया गया – फरवरी 2002
- झारखण्ड का राजकीय पुष्प कौन सा है – पलाश

---

पीडीएस डीलर पर लगाया घपले का आरोप, कार्रवाई की मांग की

# बेलाजुड़ी के सैकड़ों लाभुकों को पांच माह से नहीं मिला राशन

संवाददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर प्रखंड अंतर्गत बेलाजुड़ी पंचायत के काशीडीह गांव के रहने वाले लगभग 600 लोगों को पिछले पांच माह से राशन नहीं मिला है. लाभुकों ने पीडीएस डीलर जगदीश चंद्र मुर्मू पर राशन आवंटन में धांधली का आरोप लगाया है. इसे लेकर बुधवार को कार्डधारी उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया. कार्डधारियों ने बताया कि उन लोगों ने 29 नवंबर को नारगा पंचायत मंडप में आयोजित आपकी सरकार आपके शिविर में इसकी शिकायत बीडीओ से की थी.

उन्होंने इस पर 15 दिनों के अंदर उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया. शिकायत के कुछ दिनों बाद पास के ही गौलकाटा गांव के पीडीएस डीलर त्रिलोचन महतो ने ग्रामीणों को उनकी दुकान से राशन ले जाने की जानकारी दी. उन्होंने ग्रामीणों को बताया कि जगदीश चंद्र मुर्मू का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है. अब सभी लाभुकों को उनकी दुकान से टैग कर दिया गया है. जब ग्रामीण राशन लेने पहुंचे तो पता चला कि त्रिलोचन महतो जगदीश चंद्र के लॉग इन आईडी पर ही मात्र एक माह का राशन वितरित कर रहा है. इससे ग्रामीण नाराज हो गए और विरोध जताया. ग्रामीणों का कहना था कि जब डीलर को सस्पेंड कर दिया गया है तो फिर उसका आईडी कैसे काम कर रहा है.



उपायुक्त कार्यालय के पास राशन डीलरों के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण.

#### किया प्रदर्शन


- मात्र एक माह का राशन का किया जा रहा है वितरण
- जब डीलर सस्पेंड है तो कैसे कर रहा है काम

#### अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

इधर, ग्रामीणों के साथ उपायुक्त कार्यालय पहुंचे झारखंड आंदोलनकारी डेमका सोय ने एसओआर और एमओ पर कार्रवाई की मांग की है. उन्होंने कहा है कि बिना विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से इस तरह का घपला नहीं हो सकता. इसलिए पूरे मामले की जांच कर डीलर जगदीश चंद्र मुर्मू को जेल भेजा जाना चाहिए. उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं होती है तो ग्रामीण सड़क पर उतर कर प्रदर्शन करेंगे.

---

### प्रसेनजित तिवारी को 'विद्यावाचस्पति' की मिली मानद उपाधि



**जमशेदपुर।** सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन, तुलसी भवन के मानद महासचिव प्रसेनजित तिवारी को उनकी सुदीर्घ हिन्दी सेवा, सारस्वत साधना, कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियों तथा राष्ट्रीय प्रतिष्ठा के आधार पर थावे विद्यापीठ की ओर से 'विद्यावाचस्पति' की मानद उपाधि तथा इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, फरीदाबाद द्वारा 'शब्द शिल्पी भूषण सम्मान' प्रदान किया गया है. समारोह में मुख्य अतिथि थावे विद्यापीठ (गोपालगंज) के प्रतिकुलपति डॉ जंग बहादुर पाण्डेय ने श्री तिवारी को यह सम्मान प्रदान किया.

---

## ट्रामा सेंटर बंद होने से सड़क हादसे में घायलों की गई जान

संवाददाता। बहरागोड़ा

बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में बने ट्रॉमा सेंटर बंद रहने के कारण सड़क दुर्घटना में कई लोग अपनी जान गवा रहे हैं. विगत कई दिनों से हो रहे सड़क हादसे के कारण उचित चिकित्सा न मिल पाने चलते घायल तड़प-तड़प कर अपना जान गांवा चुके हैं. लेकिन सरकार के विभागीय अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि का सुस्त रवैये के कारण लोगों में काफी आक्रोश है. लोगों का कहना है कि बहरागोड़ा एनएच-49 एवं एनएच-18 का संगम स्थल है. यहां अक्सर सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं. ऐसे में घायलों के उचित इलाज के लिए पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश षाड़ंगी ने एनएच के



किनारे ट्रामा सेंटर की परिकल्पना की. वर्ष 2009 में एनएच-49 के किनारे माटिहाना में स्वास्थ्य विभाग के तहत 1.31 करोड़ स्वीकृत राज्य ट्रॉमा सेंटर का शिलान्यास डॉ षाड़ंगी ने किया. वर्ष 2010 में इसका निर्माण कार्य भी पूरा हुआ, जो झारखंड राज्य का पहला ट्रॉमा सेंटर बना. वर्ष 2011 में इसका उद्घाटन तत्कालीन विधायक विद्युत वरण महतो द्वारा किया गया था.

---

## स्थायीकरण के मुद्दे पर होगा विचार, मांगा समय

आनंद मिश्रा। जमशेदपुर

टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों की एक बैठक बुधवार को यूनियन कार्यालय में हुई. बताया गया है कि जमशेदपुर प्लांट के अस्थाई के स्थायीकरण एवं वार्ड एम्पलाइज के विषय पर अपने पक्ष रखने के लिए यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महामंत्री आरके सिंह कंपनी के अधिकारियों से मिलने पुणे गए थे. वहां पदाधिकारीगण के साथ हुई बातचीत को साझा करने एवं वर्तमान स्थिति से सबको अवगत कराने के लिए यह बैठक बुलाई गई थी. बैठक में महामंत्री आरके सिंह ने बताया कि वहां पर टाटा मोटर्स के सीएचआरओ सीताराम कंडी, विशाल बादशाह एवं अन्य पदाधिकारी के साथ बैठक हुई.

**अस्थाई का स्थायीकरण किया जाए:** प्रबंधन के वरीय पदाधिकारियों के समक्ष यूनियन की ओर से विस्तार पूर्वक यहां की स्थिति, यहां की परंपरा और यहां के मजदूरों का कंपनी के प्रति लगाव आदि विषयों को समझाते हुए यह मांग की है कि अस्थाई का स्थायीकरण किया जाए.

#### वरीय प्रबंधन ने तीन-चार दिन का समय लिया

यूनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने बताया कि महामंत्री ने विस्तारपूर्वक बातों को रखा है. वरीय प्रबंधन के लोगों ने तीन-चार दिन का समय लिया है. उन्होंने आपस में विचार कर जमशेदपुर के प्रबंधन से बातचीत कर जो भी उचित होगा वैसा कदम उठाने की बात कही है. सूचना यहां के प्लांट हेड और वरीय पदाधिकारी के माध्यम से यूनियन तक पहुंचाने की बात हुई है. यूनियन कि ओर आशा जताई गई है कि जल्द ही इस पर प्रबंधन की ओर से बातचीत के लिए बुलाया जाएगा.

---

## जमशेदपुर को औद्योगिक शहर बनाने के विरोध में रखा उपवास



संवददाता। जमशेदपुर

जमशेदपुर को औद्योगिक शहर का दर्जा देने की घोषणा के बाद इसका विरोध शुरू हो गया है. बुधवार को इसे लेकर साकची स्थित बिरसा मुंडा चौक पर मूल रैयत और झारखंड आंदोलनकारियों ने संयुक्त रूप से एक दिवसीय धरना दिया और उपवास पर रहे. इसका नेतृत्व कर रहे हैं डेमका सोए ने बताया कि झारखंड सरकार द्वारा जमशेदपुर को औद्योगिक नगरी घोषित करने का निर्णय लिया गया है. इससे आदिवासियों और रैयतों के हक और अधिकार का हनन होगा. यह असंवैधानिक कार्य है. उन्होंने जमीन मालिकों को न्याय देने की मांग की है. कहा है कि जिनकी भी जमीन है उनके बिना परामर्श के न एक इंच जमीन किसी को आप आवंटित कर सकते है और न ही बांट सकते है. इसे लेकर आने वाले जनवरी माह के प्रथम सप्ताह में बैठक कर जोरदार आंदोलन करने की रणनीति बनाई जायेगी. इसके लिए आंदोलनकारी व रैयती हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक जाने की तैयारी में है. उन्होंने बताया कि झारखंड सरकार के इस फैसले के खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जायेगा और जिनकी जमीन गई है उन्हें न्याय दिलाने का प्रयास करेंगे.

---

### नववर्ष में हुड़दंग करना पड़ेगा भारी, पुलिस ने की है पूरी तैयारी

**जमशेदपुर।** नए साल के खुमारी में हुड़दंग करने वालों को लेकर जिला पुलिस सक्रिय हो गयी है. इस बाबत एसएसपी व सिटी एसपी ने दिशा-निर्देश जारी कर सभी थाना प्रभारी व संबंधित पदाधिकारी को जिले के विभिन्न पिकनिक स्थलों पर चौकसी बढ़ाने का निर्देश दिया है. पिकनिक स्थलों पर सादे लिबास में पुलिस जवानों को तैनात किया जाएगा. इसके लिए 600 पुलिसवालों की तैनाती की जा रही है. इनमें महिला जवान भी शामिल रहेंगी. खास तौर पर हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी. शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी. ब्रेथ एनालाइजर के साथ पुलिस के जवान तैनात रहेंगे जो सभी की जांच करेंगे. शहरी इलाके में 60 चेकनाका बनाए जा रहे हैं. एसएसपी व सिटी एसपी ने अधीनस्थ पड़ने वाले पार्कों की सुरक्षा-व्यवस्था की निगरानी का निर्देश दिया है. 30 दिसंबर से ही सभी स्थलों पर जवानों की तैनाती कर दी जाएगी.

---

प्रतियोगिता में शामिल हो रहे 24 राज्यों के खिलाड़ी, कला-संस्कृति से होंगे रूबरू

## नेशनल थ्रोबॉल चैंपियनशिप शुरू

दिलीप। चांडिल

चांडिल में पहली बार नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है. झारखंड राज्य थ्रो बॉल एसोसिएशन की ओर से आयोजित 31वीं सब जूनियर और 46वीं सीनियर नेशनल थ्रो बॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ बुधवार को हुआ. चैंपियनशिप में देश के 24 प्रदेशों से टीमें भाग ले रही हैं. चैंपियनशिप का समापन 29 दिसंबर को रंगारंग कार्यक्रम के साथ होगा. यह पहली बार है जब चांडिल जैसा छोटा नगर किसी नेशनल चैंपियनशिप का मेजबानी कर रहा है.

**तीन दिनों तक दिखेगी खिलाड़ियों की प्रतिभा:** झारखंड थ्रो बॉल एसोसिएशन और सरायकेला-खरसावां जिला थ्रो बॉल एसोसिएशन के द्वारा संयुक्त रूप से चांडिल के घोड़ानेगी मैदान में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो, अंतरराष्ट्रीय फुटबॉलर निपूर टोप्पो, झारखंड एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ राजेश गुप्ता, सचिव नगिना कुमार, गौतम सिंह आदि ने संयुक्त रूप से किया. इसके पूर्व अतिथियों का भव्य स्वागत पूर्वी सिंहभूम के पटमदा कस्तुरबा गांधी विद्यालय के छात्राओं ने बैंड के बेहतर प्रदर्शन के साथ किया. चैंपियनशिप के दौरान तीन दिनों तक देश के विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ी अपने प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे. समापन समारोह के दिन आयोजित होने वाले पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा. सरायकेला खरसावां जिला थ्रो बॉल एसोसिएशन के सचिव आकाश कुमार दास ने बताया कि इस दौरान विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों को क्षेत्र भ्रमण भी कराया जाएगा.



#### किया आयोजन

- चैंपियनशिप का समापन 29 दिसंबर को होगा
- कई राज्यों से आए खिलाड़ी करेंगे प्रतिभा का प्रदर्शन

---

### एग्रिको मैदान को लेकर डीसी से मिला जॉगर्स का प्रतिनिधिमंडल

**जमशेदपुर।** एग्रिको मैदान में स्वास्थ्य की दृष्टि से टहलने वाले, खेलने वाले लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल मैदान की बदहाली को लेकर उपायुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय पहुंचा. एग्रिको मैदान में आए दिन शादी-विवाह, धार्मिक अनुष्ठान होते रहते हैं, जिस कारण मैदान में कई दिनों तक गंदगी का अंबार लगा रहता है और वहां टहलने, खेल जैसी गतिविधियां प्रभावित रहती हैं. भोजन बनने, जूठन फेकने, बचे भोजन को फेकने के बाद ये कई दिनों तक यूं ही पड़े रहते हैं. यसड़े भोजन से दुर्गन्ध आती है, जिससे लोगों का वहां टहलना दूभर हो जाता है. इस मुद्दे को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपा. वहीं अनुमंडल पदाधिकारी से मुलाकात कर वस्तुस्थिति से अवगत कराया. बताया गया है कि अनुमंडल पदाधिकारी ने इसे गंभीरता से लेते हुए समस्या के समाधान पर विचार करने का आश्वाशन दिया है.

---

**समस्या** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात जारी, भयभीत ग्रामीण

# कुकड़ू में जंगली हाथी ने मकान तोड़ा, फसलें भी रौंदी

संवाददाता। चांडिल

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात जारी है. अलग-अलग झुंड में और अकेले घूम रहे हाथी अनुमंडल क्षेत्र में खौफ का पर्याय बन चुके हैं. आये दिन अनुमंडल क्षेत्र के किसी न किसी गांव में जंगली हाथी दस्तक दे रहे हैं. मकान और फसलों को रौंद कर क्षति पहुंचा रहे हैं. जंगली हाथियों के साथ आमना-सामना होने पर अनुमंडल क्षेत्र के लोग अपनी जान भी गवां रहे हैं. बावजूद इसके इस विकट समस्या का स्थायी समाधान के लिए किसी भी प्रकार की ठोस पहल नहीं की जा रहा है. आबादी वाले क्षेत्र में जंगली हाथियों के घुसने पर ग्रामीण वन विभाग को सूचना देते हैं. वन विभाग हाथी भगाओ दस्ता भेजकर हाथियों को भगा देती है और ग्रामीणों को पटाखा और टॉर्च देकर हाथियों से सुरक्षित रहने की अपील करती है. इसके कुछ दिनों के बाद हाथी फिर से गांव में प्रवेश कर जाते हैं. इस प्रकार ग्रामीण दहशत के बीच अपनी जिंदगी जीने पर विवश हो गए हैं.



#### उपाय असफल

- दहशत में जिंदगी जीने को विवश ग्रामीण
- भगाने के बावजूद आ जा रहे हैं जंगली हाथी

#### बार-बार अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हाथी

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कुकड़ू में मंगलवार की रात झुंड से अलग घूम रहे हाथी ने फिर से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. हाथी ने कुकड़ू गांव के रहने वाले देवाशीष कुमार के मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया है और आसपास के खेतों में लगी फसल को रौंद कर नुकसान पहुंचाया है तथा सरकार की ओर से की गई बागवानी से संबंधित शिलापट को भी तोड़ दिया है. देवाशीष कुमार के जिस मकान को हाथी ने तोड़ा उसे मकान में रात को कोई नहीं था. लेकिन, मकान के अंदर रखे सभी सामान क्षतिग्रस्त हो गए. ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग को दी.

#### जान-माल की सुरक्षा को लेकर वन विभाग सजग

वहीं, वन विभाग की ओर से बताया गया कि हाथी को बार-बार जंगल पहुंचाया जा रहा है. लेकिन, दूसरे ही दिन हाथी वापस लौटकर आ जा रहा है. वन विभाग जंगली हाथियों से जान माल की सुरक्षा को लेकर सजग है और हाथियों को वापस जंगल पहुंचने के लिए सक्रिय है.

---

### मृतक पिंटू के पिता शत्रुघ्न ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**घाटशिला।** घाटशिला थाना क्षेत्र के मनोहर कॉलोनी के समीप बुधवार की सुबह दो हाईवे की टक्कर में तीन लोगों की हुई मौत को लेकर मृतक पिंटू कर्मकार के पिता शत्रुध्न कर्मकार मनोहर कॉलोनी धरमबहाल निवासी ने प्राथमिक की दर्ज कराई है. इस संबंध में जानकारी देते हुए घाटशिला थाना प्रभारी विमल किंडो ने बताया कि वाहन संख्या जेएच 05डी 7678 तथा जेएच 05बी 9096 के मालिक के विरुद्ध तेजी एवं लापरवाही से वाहन चलाकर धक्का मारकर जख्मी करना एवं इलाज के क्रम में मृत्यु होने के आरोप में लिखित आवेदन दिया है. जिसके आधार पर घाटशिला थाना कांड संख्या 95/2023 दिनांक 27.12. 23 धारा 279, 304 ए, 337, 338 427 भादवि के तहत कांड दर्ज किया गया. अनुसंधान का भार पुलिस अवर निरीक्षक विवेक कुमार को सौपा गया है.

---

## धूमधाम से मना मिथिला संकीर्तन का वार्षिकोत्सव



संवाददाता। आदित्यपुर

मिथिला संकीर्तन मंडली आदित्यपुर का 61वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है. इस मौके पर आयोजित 24 प्रहर के अखंड हरिकीर्तन में नगर निगम के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह शामिल हुए और अपनी शुभकामनाएं दीं. मंगलवार 12:30 बजे से आयोजित इस 24 प्रहर का पूर्णाहुति बुधवार को दोपहर 12.30 बजे हुआ. तत्पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया. इस अवसर पर अध्यक्ष सीएस झा, दिवाकर झा, ब्रह्मा नंद झा, कुमोद खां, सरोज झा, निर्मलजी, रामाकांत, अमरेंद्र मिश्र प्रेमीजी झा, त्रिलोक मिश्र, लक्ष्मण झा, राजकुमारजी, श्यामल सुमन, मिकी, संजय खां एवं समाज के सभी लोग शामिल थे.

### ब्रीफ खबरें

**राजधानी रांची के डोरंडा इलाके में वृद्धा की हत्या**

**रांची ।** राजधानी के डोरंडा में एक वृद्धा की हत्या कर दी गयी. यह घटना मंगलवार रात डोरंडा थाना क्षेत्र के बड़ा घाघरा की है, जहां सुकरो उरांइन नाम की वृद्धा की हत्या कर दी गयी. घटना की सूचना मिलने के बाद बुधवार सुबह डोरंडा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. इस मामले में डोरंडा थाना की पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या से हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है. पुलिस मामले की जांच का रही है.

**सड़क दुर्घटना में युवक की मौत**

**खूंटी।** डोड़मा-सिसई पथ पर क्षतिग्रस्त छाता नदी पुल पर मंगलवार की देर रात हुई सड़क दुर्घटना में सिमडेगा निवासी बुद्धेश्वर खेस्स (25) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. बताया जाता है कि बुद्धेश्वर खेस्स अपने गांव से तोरपा थाना के कंडयोर गांव अपने रिश्तेदार के यहां आया था. सोमवार की रात कुदरी गांव के पास क्षतिग्रस्त छाता नदी पुल पर तीनों बाइक से गिर गये और बुद्धेश्वर की वहीं मौत हो गई. पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए खूंटी भेज दिया.

**सड़क दुर्घटना में टेंपो चालक की मौत**

**केतार ।** केतार-कांडी कोल रोड मुकुंदपुर स्थित मुख्य पथ पर मंगलवार की रात सड़क दुर्घटना में टेंपो चालक की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार केतार थाना क्षेत्र के ताली निवासी सोहर साह का पुत्र संदू साह 29 वर्ष अपने भाई को लेने के लिए ऑटो लेकर केतार जा रहा था. तभी ऑटो से दब गए और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गया. इंतजार कर रहे दूसरे भाई पैदल अपने घर ताली जा रहा था. तभी मुकुंदपुर के समीप उसके भाई को ऑटो से दब कर मौत हो गई.

**चोरी हुए बोलेरो को पुलिस ने किया बरामद**

**नोवामुंडी।** नोवामुंडी प्रखंड अंतर्गत बड़ाजामदा भट्टीसाई निवासी सतीश चंद्र पासवान के घर के बाहर खड़ी लाल रंग की बोलेरो गाड़ी सोमवार देर रात अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली थी. गाड़ी मालिक सतीश चंद्र पासवान ने मंगलवार सुबह जब दरवाजा खोलकर बाहर देखा तो बाहर गाड़ी नहीं थी. काफी खोजबीन करने के बाद भी कहीं पता नहीं चला. उसके पड़ोसी के घर में लगाया गया सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया तो देखा गया कि दो अज्ञात चोर बोलेरो गाड़ी चोरी कर ले जा रहा है.

**झपट्टामार उचक्के उड़ा ले गए 86 हजार**

**जरीडीह (बोकारो) ।** जरीडीह थाना क्षेत्र के बस स्टैंड बांधडीह में बुधवार को अज्ञात बाइकर्स चोर 86 हजार झपट्टा मार कर ले उड़े. जानकारी के अनुसार जरीडीह थाना क्षेत्र के अराजू पंचायत के चट्टानडीह टोला निवासी देवशरण मांझी बुधवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जीना मर शाखा से 80 हजार रूपये निकालकर बस स्टैंड बांधडीह स्थित सब्जी मंडी में सब्जी लेकर अपने घर जाने के लिए तैयार खडे.थे. उसी वक्त टीचर्स कॉलोनी की ओर से बाइक में सवार दो युवकों ने उनके बैग में झपट्टा मार 86 हजार ले उड़े.

**20 लाख रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार**

**गिरिडीह।** नगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर के रामजी पाण्डेय से रंगदारी मांगने वाले एक अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इस बात की जानकारी बुधवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता में दी. उन्होंने बताया कि बीते 25 दिसंबर को रामजी पाण्डेय के मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से धमकी भरा कॉल आया और अपना नाम छोटू खान बताते हुए 20 लाख रुपए की रंगदारी की मांग की थी. वहीं इस घटना के बाद भुक्तभोगी रामजी पाण्डेय ने नगर थाना में मामला दर्ज कराया था. वहीं इस घटना के बाद पुलिस द्वारा जांच शुरू की गई.

**बाइक के धक्के से बुजुर्ग महिला घायल**

**तिसरी (गिरिडीह) :** तिसरी थाना क्षेत्र के केवटाटांड़ में मंगलवार को बाइक के धक्के से एक बुजुर्ग महिला रनिया हेंब्रम घायल हो गई. जानकारी के अनुसार बाइक सवार गांवा की ओर से आ रहा था. तभी उसने रोड पार कर रही महिला को चपेट में ले लिया. सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल रनिया हेंब्रम को इलाज के लिए ऑटो से तिसरी अस्पताल भेजा.

# बच्चा चोर सक्रिय, अगवा कर ऊंची कीमत पर बेचे जा रहे बच्चे

संवाददाता।रांची

झारखंड में इन दिनों कई गिरोह सक्रिय हैं, जो बच्चा को चोरी या अगवा कर ऊंची कीमत पर बेच रहे हैं. हाल ही के महीने में राज्य के अलग-अलग जिलों में इस तरह के कई मामले सामने आये हैं. जिसमें बच्चे को अगवा या चोरी कर बेच दिया गया.

**रांची में डेढ़ साल के बच्चे का हुआ था अपहरण :** टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की ओर से गरीबों को मकान और पैसे देने की बात कहकर 25 अक्टूबर को जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के लीची बागान के पास रहने वाली मधु देवी को कुछ लोगों ने रांची के हरमू में बुलाया था. यहां से उनलोगों ने मधु देवी को चकमा देकर उसके डेढ़ साल के बच्चे को ले गये था. जिसे एसआईटी टीम ने चतरा के इटखोरी से बरामद कर लिया था. इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों की गिरफ्तार भी किया था. जानकारी के अनुसार, उन लोगों ने बच्चे को अगवा कर गिरोह में शामिल रामगढ़ ग्रुप को सौंप दिया था. उस ग्रुप ने फिर बच्चे को 1.25 लाख में चतरा के इटखोरी में बेच दिया था.

**हजारीबाग के ओकनी से अगवा बच्चे का 2.95 लाख में हुआ था सौदा**

हजारीबाग के ओकनी मोहल्ले से 19 दिसंबर को चार वर्षीय बच्चा लापता हो गया था. जिसे पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आठ दिनों के बाद कोडरमा से बरामद किया था. बच्चे को 2 लाख 95 हजार में बेचा गया था. गिरोह बच्चा चोरी करने के लिए 4 –5 महीने से रेकी कर रहा था. जिस दंपती को बच्चा बेचा गया था, उसको बच्चा नहीं था. यह भी कहा जा रहा है कि कुछ महीने पहले उनके बच्चे की मौत हो गयी थी. बच्चे की चाहत में दंपती बच्चा चोर गिरोह के संपर्क में आये थे.

**टाटानगर रेलवे स्टेशन से बच्ची को किया गया था अगवा**

टाटानगर रेलवे स्टेशन के बाहर फुटपाथ पर अपने मां–पिता के साथ सो रही आठ माह की बच्ची को 14 दिसंबर 2023 को अगवा कर लिया गया था. करीब आधी रात एक कार पर सवार होकर आये दो अपराधियों ने इस वारदात को अंजाम दिया था. इसके बाद 19 दिसंबर को टाटानगर रेल पुलिस और आरपीएफ की टीम ने सरायकेला जिले की रहने वाली सविता हेंब्रम के पास से बच्ची बरामद किया था. सविता हेंब्रम ने पुलिस को काफी गुमराह करने की भी कोशिश की. लेकिन अनुसंधान के दौरान सच सामने आ आया. पुलिस ने इस मामले में सविता हेंब्रम सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया था. इनमें रानी कंडियन, मंजू साव, रंजीत साव, मीना देवी और अंजू साव का नाम शामिल है.

- इस मामले में पुलिस महिला समेत छह लोगों को किया था गिरफ्तार

### आओ जानें

**जाने किस राज्य में महिला पुलिस की कितनी है भागीदारी**

| | | | |
|---|---|---|---|
| आंध्रप्रदेश | 21.8% | राजस्थान | 10.4% |
| बिहार | 21.2% | पंजाब | 9.9% |
| तमिलनाडु | 19.1% | पश्चिम बंगाल | 9.9% |
| महाराष्ट्र | 17.8% | सिक्किम | 9.0% |
| गुजरात | 16.3% | कर्नाटक | 8.6% |
| हिमाचल प्रदेश | 14.0% | तेलंगाना | 8.5% |
| उत्तराखंड | 12.08% | हरियाणा | 8.2% |
| उत्तरप्रदेश | 10.7% | केरला | 7.8% |
| अरुणाचल प्रदेश | 10.7% | मध्यप्रदेश | 7.4% |
| गोवा | 10.6% | मिजोरम | 7.1% |
| ओडिशा | 10.5% | झारखंड | 6.2% |

### एसपी ने प्रेस वार्ता कर दी जानकारी

# बाइक सवार से लूटपाट करने वाले चार अपराधी गिरफ्तार

संवाददाता। गिरिडीह





जिले के अहिल्यापुर के कोरियाद में बीते 16 नवंबर को 25 वर्षीय मो ताहिर अंसारी नामक युवक के साथ हुए लूटपाट मामले में गिरिडीह पुलिस ने चार अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है. वहीं गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से घटना में इस्तेमाल किए गए अपाची बाइक, मोबाइल फोन, यूनियन बैंक का दो डेबिट कार्ड, एसबीआई का एक ग्लोबल प्रिपेड एकार्ड, बैंक ऑफ इंडिया का एक डेबिट प्रिपेड कार्ड, पैन कार्ड और वोटर कार्ड बरामद किया है. इस बात की जानकारी बुधवार को एसपी दीपक कुमार शर्मा ने प्रेस वार्ता कर दी. उन्होंने कहा कि बताया कि बीते 16 नवंबर को मो ताहिर अंसारी नामक युवक अहिल्यापुर थाना क्षेत्र से अपने घर लौट रहा था. इसी दौरान जैसे वह अहिल्यापुर थाना के बंगाली मोड़ के पास पहुंचा तो दो बाइक सवार अपराधियों ने उक्त युवक की बाइक को रोककर 75 हजार रुपये समेत अन्य समान लूट लिया.

वहीं, इस घटना के बाद भुक्तभोगी ताहिर अंसारी ने अहिल्यापुर थाना में आवेदन देकर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया. जिसके बाद एक छापेमारी दल का गठन किया गया. बता दें कि इस छापेमारी दल में गांडेय के पुलिस निरीक्षक मो कमाल खान, अहिल्यापुर थाना प्रभारी अमरजीत कुमार सिंह, ताराटांड़ थाना प्रभारी प्रदीप कुमार महतो के अलावा अहिल्यापुर और गांडेय थाना के सशस्त्र बल को शामिल किया गया था और कार्यवाई की गई.

**मारपीट मामले में युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल**

**लोयाबाद ।** लोयाबाद थाना क्षेत्र के एकड़ा में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो और भाजपा नेत्री रागिनी सिंह के समर्थकों के बीच पिछले दिनों हुई मारपीट मामले में पुलिस ने बुधवार को रागिनी सिंह समर्थक युवक सत्येंद्र केवट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. पुलिस ने सत्येंद्र को मंगलवार की रात उसके घर से पकड़ा था. ज्ञात हो कि 20 नवंबर की रात एकड़ा में विधायक ढुल्लू महतो और रागिनी सिंह के समर्थक आपस मे भिड़ गए थे. मारपीट में ढुल्लू महतो समर्थक सुनील राय का भगिना यशवंत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था. मामले मे पारस कुमार राय के फर्द बयान पर लोयाबाद थाने में केस दर्ज किया गया था. इसमें सत्येंद्र केवट, सुजीत केवट, सूरज केवट व अन्य को आरोपी बनाया गया था.

**सब-जोनल कमांडर अघनु गंझू से एनआईए कर रही है पूछताछ**

**रांची।** माओवादी सब-जोनल कमांडर अघनु गंझू से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) पूछताछ कर रही है. एनआईए की रांची शाखा ने अघनु गंझू को पांच दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है. लातेहार पुलिस ने इस साल 28 अक्टूबर को अघनु गंझू को गिरफ्तार किया था. उस पर आठ लाख का इनाम घोषित था. झारखंड सरकार ने पांच लाख और एनआईए ने उस पर तीन लाख का इनाम घोषित कर रखा था. लातेहार के एसपी ने बताया कि गंझू पर लातेहार, गुमला, लोहरदगा व रांची जिलों के 15 थानों में करीब 78 मामले दर्ज हैं. वर्ष 2019 में चंदवा थाना क्षेत्र के लुकइया मोड़ के पास पुलिस पार्टी पर किये गये हमले का वह मुख्य आरोपी है. इससे पहले इस साल 13 जुलाई को एनआईए ने गंझू के घर पर चंदवा इश्तेहार चिपकाया था.

### 8 दिन में विभाग की दूसरी बड़ी कार्रवाई

## उत्पाद विभाग की कार्रवाई 60 पेटी विदेशी शराब जब्त



संवाददाता।धनबाद

नये साल को लेकर उत्पाद विभाग रेस हो गयी है. विभाग ने पथला बाड़ी पंचेत में दशरथ साव के घर पर छापेमारी कर 60 पेटी विदेशी शराब जब्त की है. आठ दिन में उत्पाद विभाग की यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है. सहायक उत्पाद आयुक्त ने बताया कि डीसी और एसएसपी के निर्देश पर जिले में सघन छापेमारी की जा रही है. इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर दशरथ साव के घर पर छापेमारी की गयी. इस दौरान वहां से 60 पेटी विदेशी शराब जब्त की गयी. इसके अलावा विभिन्न ब्रांड के लेवल और रैपर भी बरामद किये गये. जब्त शराब की कीमत करीब 5 लाख होगी. उन्होंने बताया कि दशरथ साव के अनुसार, बोकारो का जेडी साव उसको माल सप्लाई करता है. छापेमारी दल में एसआई जितेंद्र कुमार, कुलदीप कुमार, जांच हेंब्रम शामिल थे.

## पति से हुआ झगड़ा, पत्नी ने दे दी जान

### पिता बोले- ससुरालवालों ने दहेज के लिए बेटी को मार डाला

संवाददाता।गिरिडीह

**खास बातें**

- सखिया देवी (22) ने फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली
- पति से मोबाइल पर तीखी बहस हुई थी

गिरिडीह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरकट्ठा गांव में मंगलवार की शाम एक महिला सखिया देवी (22) ने फंदे पर झूलकर आत्महत्या कर ली. मिली जानकारी के अनुसार, बरकट्ठा गांव निवासी प्रेम राय की बड़ी बहू सखिया देवी अपने पति से मोबाइल पर बात कर रही थी. इसी दौरान दोनों के बीच तीखी झड़प हो गई. पति टुनटुन राय मुंबई में प्राइवेट नौकरी करता है.

फोन पर पति से झगड़े के बाद सखिया ने अपने कमरे में जाकर दरवाजा बंद कर लिया. पति-पत्नी के बीच का मामला समझ घर के सदस्यों ने कोई ध्यान नहीं दिया. थोड़ी देर बाद भट्ठा पर काम कर रहे ससुर प्रेम राय का खाना लाने घर पहुंची छोटी बहू ने सखिया का दरवाजा खुलवाने का बहुत प्रयास किया. लेकिन दरवाजा नहीं खुला. तब उसने इसकी जानकारी ससुर को दी. ससुर ने घर आकर दरवाजे को तोड़ दिया. अंदर का दृश्य देख सभी हक्का-बक्का रह गया. बड़ी बहू सखिया कमरे में फंदे से झूल रही थी. सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा. इसी बीच इसी बीच पड़ोसियों ने घटना की सूचना मृतका के मायके वालों को दे दी.

सखिया के परिजनों ने वहां पहुंचकर जमकर हंगामा किया. पालगंज निवासी बीके राय की बेटी सखिया देवी का विवाह 2018 में टुनटुन राय के साथ धूमधाम से हुई थी. पिता ने ससुरालवालों पर दहेज के लिए बेटी की हत्या कर देने का आरोप लगाया है. इधर, प्रेम राय ने इस तरह की बात से साफ इंकार किया है. पुलिस ने बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर ससुराल वालों को सौंप दिया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है.

### बालू लदे दो हाइवा में टक्कर

## तीन युवकों की मौत, एक घायल

संवाददाता।घाटशिला

मनोहर कॉलोनी की समीप 18 फोरलेन पर बहरागोड़ा की ओर से आ रहा बालू लदा दो हाइवा की टक्कर में बुधवार की सुबह तीन युवकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया. घटना की सूचना मिलते ही घाटशिला पुलिस घटनास्थल पहुंचकर दो मृतक एवं एक घायल को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया.

वहीं, दूसरे हाईवे में फंसे चालक को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकला गया. मृतक सनोज कर्मकार राजनगर बटुझोरा तथा घायल विकास कर्मकार राजनगर बटुझोरा का निवासी बताया जा रहा है. जबकि मृतक पवित्र कर्मकार उर्फ पिंटू घाटशिला थाना क्षेत्र के मनोहर कॉलोनी का रहने वाला है. एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है. घटना के संबंध में मनोहर कॉलोनी निवासी मृतक पवित्र कर्मकार के पिता शत्रुघ्न कर्मकार ने बताया कि उसका बेटा रात लगभग 1 बजे टाटा से कानवाई लेकर आया था. इस दौरान उसे पता चला कि उसके मित्र का हाइवा खराब हो गया है. उसे टॉर्च दिखाने के गया. इतने में पीछे से तेज रफ्तार आ रही बालू लदा हाईवे बालू लदा खराब हाइवा को पीछे से टक्कर मार दिया. इसी दौरान इकलौते पुत्र पवित्र कर्मकार उर्फ पिंटू एवं सनोज की मौत हो गई.

**अवैध बालू लदे ट्रैक्टर ने दो को मारी ठोकर, हालत गंभीर**

**जरीडीह (बोकारो) ।** जरीडीह थाना क्षेत्र के बांधडीह फोरलेन चौक के समीप बुधवार को अवैध बालू लदा ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. जानकारी के अनुसार बांधडीह फोरलेन चौक के समीप बोकारो से रांची की ओर जा रहे बाइक पर सवार मलकेरा कतरास निवासी 25 वर्षीय ओमप्रकाश पांडेय (पिता चंद्र बल्लभ पांडेय) एवं दुर्गापुर पश्चिम बंगाल निवासी अमित यादव, (पिता बाबू नंद यादव) उम्र 28 वर्ष को बहादुरपुर की ओर से आ रहे अवैध बालू लदा ट्रैक्टर अपनी चपेट में ले लिया, जिसमें बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. दुर्घटना की सूचना पर जरीडीह पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए रेफरल अस्पताल ले गए और दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को कब्जे में ले लिया.

**सिंघो में महिला की संदेहास्पद स्थिति में मौत**

**तिसरी (गिरिडीह) ।** तिसरी थाना क्षेत्र के सिंघो में बुधवार को एक महिला की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई. मृतका सिंघो के राजकुमार यादव की 33 वर्षीय पत्नी मंजू देवी है. मृतका के तीन बच्चे भी हैं. हालांकि महिला के मायका वालों ने महिला के पति राजकुमार यादव पर हत्या का आरोप लगाया है.

घटना की जानकारी मिलते ही तिसरी पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन परिजनों ने पुलिस को शव ले जाने से रोक दिया. इसकी सूचना मिलते ही धनवार के पूर्व विधायक राजकुमार यादव, जिप सदस्य रामकुमार रावत, जय नारायण यादव आदि मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार से घटना के बाबत जानकारी ली. मृतका के पिता सूरज राउत ने बताया कि मंजू की दादी की मृत्यु के बाद वे लोग गंगा स्नान के लिए जा रहे थे. मंजू भी गंगा स्नान के लिए जाना चाह रही थी लेकिन उसके पति राजकुमार यादव ने उसे रोक लिया और कुछ देर बाद उसके मौत की खबर मिली.

## एनडीआरएफ ने रानीताल डैम में डूबे युवक की तलाश शुरू की



संवाददाता।पलामू

**खास बातें**

- दो बोट से एनडीआरएफ की टीम के सदस्य ढूंढ़ रहे शव
- सोमवार को रानी ताल डैम के किनारे पिकनिक मनाने गए थे

जिला मुख्यालय मेदिनीनगर से सटे चैनपुर थाना क्षेत्र के रानी ताल डैम में डूबे युवक को खोजने के लिए रांची से एनडीआरएफ की टीम आ गई है. टीम के छह से अधिक सदस्य दो अलग-अलग वोट पर सवार होकर युवक का शव ढूंढ रहे हैं. उल्लेखनीय है कि चैनपुर बाजार निवासी 40 वर्षीय धर्मेंद्र कमलापुरी सोमवार को रानी ताल डैम के किनारे पिकनिक मनाने गया था. डैम में नहाने के दौरान वह डूब कर लापता हो गया था. सोमवार और मंगलवार को स्थानीय गोताखोर की मदद से धर्मेंद्र को ढूंढने की कोशिश की गई लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी. मौके पर प्रशासनिक पदाधिकारी के अलावा आसपास के गांव के सैकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ मौजूद है.

**धोखाधड़ी, रंगदारी व हरिजन एक्ट का एक आरोपी गिरफ्तार**

**चांडिल ।** चांडिल थाना की पुलिस ने धोखाधड़ी, रंगदारी मांगने व हरिजन एक्ट के तहत दर्ज मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. चांडिल थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि इस मामले में चांडिल थाना में आसनबनी निवासी दुमका सिंह के बयान पर 23 जुलाई को चितरमल धुत, विनोद कुमार देबुका और निशांत धुत पर मामला दर्ज कराया था. चितरमल धुत जुगसलाई पुरानी बस्ती रोड में रहते है. मामले में उनके बेटे निशांत धुत भी आरोपी है. जबकि एक आरोपी विनोद कुमार देबुका कदमा रामनगर में रहते हैं और उनका साकची मिल एंड गोडाउन एरिया में प्लाइबोर्ड की दुकान है. जान मारने की भी दी थी धमकी : मिली जानकारी के अनुसार चांडिल के आसनबनी निवासी दुमका सिंह के पिता दुर्गाचरण भूमिज के नाम से खतियानी जमीन पर इन व्यापारियों द्वारा कब्जा कर गलत तरीके से जमीन रजिस्ट्री करवाकर निर्माण कार्य करवाया जा रहा था.

### सफलता कानपुर से भागकर आई काजल नामक युवती ने खोला था राज

## मानव तस्करी का आरोपी गार्ड सूरज गिरफ्तार

संवाददाता । आदित्यपुर



**खास बातें**

- मंगलवार रात आदितयपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार
- आरोपी स्टील कंपनी में गार्ड का काम करता था
- सूरज वर्षों से मानव तस्करी कर रहा था

मानव की तस्करी करने का आरोपी कंपनी का गार्ड सूरज यादव को मंगलवार रात आदित्यपुर पुलिस ने गम्हरिया स्टेशन से गिरफ्तार कर किया है. वह बाहर भागने के फिराक में था. सूरज यादव के करतूतों को मंगलवार को कानपुर से भागकर आई शर्मा बस्ती की काजल नामक युवती ने राज खोला था. बता दें कि आदित्यपुर की जगजीत स्टील कमनी कंपनी में गार्ड की नौकरी करने वाला सूरज यादव नामक युवक वर्षों से मानव तस्करी कर रहा था. जिसका खुलासा कानपुर से भागकर आई शर्मा बस्ती की काजल कुमारी नामक युवती ने किया था. बतौर काजल ने पुलिस को बताया कि सूरज यहां से गरीब लड़कियों को बहला फुसलाकर कानपुर ले जाकर शादी करवाकर बेच देता था. इस बात से आक्रोशित बस्तीवासियों ने मंगलवार की सुबह कंपनी में धावा बोलकर काफी हंगामा किया था. इस हंगामा को देखते हुए आरोपी कंपनी से फरार हो गया था. बाद में गुस्साए बस्तीवासियों ने आरोपी की पत्नी और बेटी को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया था. बता दें कि बस्ती वासियों ने सूरज उर्फ ओपी यादव पर लड़की की खरीद-बिक्री का आरोप लगाया था. जिसके बाद आदित्यपुर पुलिस भी हरकत में आ गई थी. थाना प्रभारी राजन कुमार खुद मौके पर पहुंचकर हंगामा कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर थाने ले आई थी. बताया जाता है कि सूरज यादव मूल रूप से यूपी का रहने वाला है. विगत 7 सालों से लड़कियों की खरीद-बिक्री का काम कर रहा था. बताया कि उसने अपनी बेटी के साथ मिलकर कई मासूम आदिवासी लड़कियों को लखनऊ जैसे शहरों में बेच डाला है. आरआईटी मोड़ पर अपनी साइकिल रिपेयरिंग की दुकान खोल रखा है और वहीं से काला कारोबार करता था. साइकिल दुकान के बगल में स्थित जगदीप स्टील कंपनी में भाड़े में रहता है और गार्ड की भी नौकरी करता था.

**अनियंत्रित कार खेत में घुसी, महिला घायल**

**घाटशिला।** गालूडीह थाना क्षेत्र के उल्दा गांव के समीप बुधवार को एनएच 18 फोरलेन से अनियंत्रित होकर कर खेत में घुस गया. इस दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई. घटना की सूचना गालूडीह पुलिस को मिलने के बाद तत्काल कर में सवार दो लोगों को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला भेज दिया. अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डॉ आर एन टुडू ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल 68 वर्षीय रश्मि चंद को बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया जबकि 75 वर्षीय हेम चांद को मामूली चोट लगी है. घटना के संबंध में कोलकाता के सर्वर रोड निवासी हेम चांद ने बताया कि अपने रिश्तेदार के घर दिल्ली से वापस कोलकाता जा रहे थे. बुधवार सुबह रांची से कोलकाता के लिए निकले थे.


## पारिवारिक विवाद में मां-बेटे ने जहर खाया, हालत गंभीर

संवाददाता।धनबाद

जिले के सरायढेला थाना क्षेत्र स्थित बापू नगर में पारिवारिक विवाद को लेकर मां-बेटे ने जहर खा लिया. आनन-फानन परिजन दोनों को एसएनएमएमसीएच में भर्ती कराया, जहां दोनों का इलाज चल रहा है. बेटे की स्थिति गंभीर है. हालांकि मां की हालत में थोड़ी ठीक है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि पैसे को लेकर घर में कुछ दिनों से विवाद चल रहा था. बुधवार की सुबह मां इंदु देवी ने बेटे गोविंद कुमार को डांटा तो बेटे ने जहर खा लिया. बेटे को जहर खाता देख मां ने भी जहर का सेवन कर लिया. घटना के बाद घर में अफरा-तफरी मच गयी. फिलहाल मां-बेटे दोनों इलाजरत हैं.

**बोलेरो से 40 लाख रुपये बरामद, युवक गिरफ्तार**

**गिरिडीह ।** गिरिडीह जिले के धनवार के घोड़थंबा ओपी पुलिस क्षेत्र में बुधवार सुबह एक बोलरो से 40 लाख रुपये की नकदी बरामद हुई है. पुलिस ने बोलेरो को जब्त कर लिया है. साथ ही बोलेरो में मौजूद युवक को हिरासत में लिया गया है. इस संबंध में घोड़थंबा ओपी पुलिस ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया है. एसपी दीपक कुमार शर्मा का कहना है कि ऐसी सूचना मिली है. इसके बाद संबंधित थाने ने आयकर विभाग को सूचना दी है. पुलिस ने नोटों की गिनती पूरी कर ली है. सभी गड्डियों में पांच-पांच सौ रुपये के नोट हैं. युवक से पूछताछ की जा रही है.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** गलत कार्य की प्रेरणा होगी. इससे बचें. भाई का सहयोग प्राप्त होगा. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. लाभ में वृद्धि होगी. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. समय सुखपूर्वक व्यतीत होगा. लाल फूल दुर्गा माता को अर्पण करें.

**वृषभ** कुटुम्ब से विवाद हो सकता है. क्रोध पर नियंत्रण रखें. धन का आगमन होगा. मान-सम्मान मिलेगा. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. व्यापार लाभदायक रहेगा. निवेश शुभ रहेगा. नेत्र रोग से बचें. सूर्य को अर्घ्य दें.

**मिथुन** दिल दिमाग में कुछ गलत भावना भी उत्पन होगी. व्यापार लाभदायक रहेगा. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा. मानसिक बेचैनी रहेगी. सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा.

**कर्क** लंबी यात्रा का योग है. भोजन पर नियंत्रण रखें. स्वयं या कुटुम्ब पर खर्च अधिक होगा. यात्रा का भी मन बनेगा. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. समय की अनुकूलता का लाभ लें. स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है.

**सिंह** किसी से उलझन होगा. उससे बचना होगा. यह बाद में हानि कर सकता है. रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे. पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा. मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा. प्रसन्नता में वृद्धि होगी.

**कन्या** पराक्रम और पिता का लाभ होगा. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें, गुम हो सकती है. विवाद के बढ़ावा न दें. बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें. किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है. मेहनत अधिक होगी. शनि को खुश करें.

**तुला** धार्मिक यात्रा होगी. भोग विलास से दूर रहें. धर्म में मन लगेगा. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. बनते कामों में विघ्न आ सकते हैं. चिंता तथा तनाव रहेंगे. बेकार बातों की तरफ ध्यान न दें.

**वृश्चिक** फालतू कार्य से बचें. यह समय और धन दोनों बर्बाद करेगा. फालतू खर्च होगा. अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. किसी व्यक्ति के बहकावे में न आएं. परिवार के किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य पर खर्च होगा.

**धनु** व्यावसायिक यात्रा की योजना बनेगी, जिसका लाभ भी मिलेगा. कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा.

**मकर** समय अनुकूल है, पर स्वास्थ के लिए नहीं. मौसम के रोग से बचे. आय में वृद्धि होगी. लाभ में वृद्धि होगी. कारोबार में वृद्धि होगी. शेयर मार्केट से लाभ होगा. व्यापार ठीक चलेगा. नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा. समय की अनुकूलता का लाभ लें.

**कुंभ** किसी मित्र से विवाद भी हो सकता है. संतान को लाभ होगा. व्यापार लाभदायक रहेगा. कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है. नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं. कार्यसिद्धि होगी. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. शनि चालीसा का पाठ करें.

**मीन** बेरोजगारी को दूर करने का प्रयास सफल रहेंगे. यात्रा लाभदायक रहेगी पर आज बचें. भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी. कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा. समय अनुकूल है. माता की सेवा करें. घर में मिठाई ले कर जाएं.

## पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम का रिजल्ट जारी

**रांची।** रांची यूनिवर्सिटी ने पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम का रिजल्ट जारी कर दिया है. अभ्यर्थी आरयू के ऑफिशियल वेबसाइटttp://exam.ranchiuniversity.co.in/home पर अपना रिजल्ट देख सकते हैं. मालूम हो कि पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम 2023 की परीक्षा 24 दिसंबर को हुई थी. इसके तीन दिन बाद ही परीक्षा परिणाम को जारी कर दिया है. आरयू के पीएचडी एंट्रेंस एग्जाम में कुल 188 छात्र सफल हुए हैं. एन्थ्रोपोलॉजी में 12, बांग्ला में 0, बॉटनी में 13, केमेस्ट्री में 2, कॉमर्स में 18, इकोनॉमिक्स में 14, इंग्लिश में 17, जियोग्राफी में 8, हिंदी में 17, हिस्ट्री में 16, होम साइंस में 20, मैथ में 3, फिलॉसफी में 11, फिजिक्स में 4, साइकोलॉजी में 12, संस्कृत में 6, सोसोलॉजी में 1, टीआरएल में 1, उर्दू में 1 और जूलॉजी में 1 छात्र पास हुए हैं.

## चैंबर ने सांसद संजय सेठ संग की बैठक



**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदधारियों ने अपने पूर्व अध्यक्ष सह सांसद संजय सेठ व पूर्व डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय संग चैंबर भवन में बैठक की. इस दौरान व्यापार व उद्योग जगत की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की गई. रांची संसदीय क्षेत्र के विकास के लिये किये जा रहे निरंतर प्रयासों के लिए चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री व महासचिव परेश गट्टानी ने सांसद के प्रति आभार जताया. मौके पर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव शैलेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति कुमारी, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, संजय अखौरी, साहित्य पवन, सुनील सरावगी, सदस्य संतोष अग्रवाल, राजीव चौधरी आदि शामिल थे.

**चिंताजनक :** घरेलू समस्याएं, बीमारी, वित्तीय समस्या, मानसिक तनाव और सर्विस कंडिशन पड़ रहे भारी

# तीन सालों में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के 17 जवानों ने की आत्महत्या

सौरभ सिंह ।रांची

झारखंड में तैनात केंद्रीय अर्धसैनिक बल के जवान लगातार आत्महत्याएं कर रहे हैं. बीते तीन सालों में झारखंड के विभिन्न इलाकों में तैनात केंद्रीय अर्धसैनिक बल के कुल 17 जवानों ने खुद को गोली मारकर या फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. जवानों के आत्महत्या करने के पीछे घरेलू समस्याओं, बीमारी, वित्तीय समस्या और मानसिक तनाव की बातें सामने आयी हैं. सीआरपीएफ के एक जवान ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि कई कारणों के साथ आत्महत्या की एक बड़ी वजह सर्विस कंडीशन्स भी है. उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के इलाकों में ज्यादातर समय छुट्टी या काम के घंटों का कोई कॉन्सेप्ट नहीं होता है. हमेशा घर से दूर रहने के बावजूद जवानों का भविष्य सुरक्षित नहीं है. उन्होंने कहा कि भत्ते और सैलरी भी नाम मात्र का है. जिसकी वजह से जवान तनाव में रहते हैं.

### जानें केंद्रीय अर्धसैनिक बल के जवानों ने कब-कब की आत्महत्याएं

**26 दिसंबर 2023 :** बोकारो जिले के रहावन कैंप में सीआरपीएफ 26 बटालियन के एक जवान ने सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली.

**7 नवंबर 2023 :** गुमला के सिलम में 218 सीआरपीएफ बटालियन कैंप में तैनात सीआरपीएफ के हवलदार संजय कुमार ने एके 47 से खुद को गोली मार ली थी.

**07 अक्टूबर 2023 :** पलामू जिले में सीआरपीएफ के जवान प्रांजल नाथ ने खुद को गोली मारकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी.

**19 अगस्त 2023 :** लोहरदगा जिले में सीआरपीएफ 158 बटालियन के जवान ने आत्महत्या कर ली है. घटना लोहरदगा जिले के सुदूरवर्ती पेशरार थाना क्षेत्र के केकरांग सीआरपीएफ कैंप में हुई थी.

**10 जुलाई 2023 :** पलामू के चियांकी 112 बटालियन में तैनात सीआरपीएफ के जवान प्रांजल नाथ ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी.

**06 जनवरी 2023 :** चाईबासा के गोईलकेरा में सीआरपीएफ के जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की थी.

**08 अक्टूबर 2022 :** लातेहार में सीआरपीएफ के जवान ने गोली मार ली थी.

**19 सितंबर 2022 :** धनबाद में आरपीएसएफ जवान ने छत से कूदकर आत्महत्या कर ली थी.

**27 अगस्त 2022 :** चाईबासा के कि चक्रधरपुर में सीआरपीएफ के जवान अजीत पाठक ने खुद को गोली मार ली थी.

**26 मई 2022 :** गिरिडीह पंचायत चुनाव की ड्यूटी में बगोदर आये एसएसबी (सशत्र सीमा बल) के जवान ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी.

**08 फरवरी 2022 :** धनबाद के चासनाला निवासी सीआईएसएफ के जवान सारथी नंदन झा ने आत्महत्या की थी.

**31 दिसंबर 2021 :** लोहरदगा के चैनपुर पिकेट में तैनात सीआरपीएफ के जवान दिलीप कुमार ने खुद को गोली मार ली थी.

**27 जुलाई 2021 :** हजारीबाग जिले में मेरु में सीमा सुरक्षा बल के जवान कमलेश सिंह ने आत्महत्या की थी.


**9 जुलाई 2021 :** गिरिडीह के मधुबन में सीआरपीएफ के जवान रतन दास ने गोली मार ली थी.

**08 जून 2021 :** चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के बेलगडा कोरोना आइसोलेशन सेंटर में सीआरपीएफ 190वीं बटालियन के एक जवान ने पहले साथी को और फिर खुद को गोली मार ली थी.

**31 मई 2021 :** हजारीबाग में बीएसएफ के एक जवान ने आत्महत्या की थी.

26 फरवरी 2021 : गुमला में सीआरपीएफ जवान ने अपनी ही रायफल से खुद को गोली मारकर की आत्महत्या कर ली थी.

### सीआईएसएफ के जवान ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को मारी गोली, मौत



**रांची।** जिले के खलारी थाना क्षेत्र के एनके एरिया स्थित सीआईएसएफ कैंप में एक जवान ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली. यह घटना बुधवार दोपहर की बतायी जा रही है. घटना के बाद आनन फानन में उसके साथी उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. मृतक जवान वीएन वर्मा मूल रूप से उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद के रहने वाले थे. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लेकर आगे की जांच में जुट गयी. जवान ने किस वजह से खुद को गोली मारकर आत्महत्या की है, इसके पीछे की सही वजह अभी तक सामने नहीं आ पायी है. खलारी थाना की पुलिस ने बताया कि मामले में जांच चल रही है.

खबर छपने के बाद बीसीसीएल के सीएमडी ने किया देवप्रभा आउटसोर्सिंग का दौरा

# प्रदूषण कम करने के लिए कंपनी बरतेगी हर सावधानी : सीएमडी

संवाददात।धनबाद

**शुभम संदेश इंपैक्ट**

बीसीसीएल समेत अन्य कंपनियों की अनदेखी से दामोदर नदी में प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है. शुभम संदेश ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए बुधवार के अंक में 'दामोदर की कब्र खोद रहे ओबी डंप के पहाड़' शीर्षक खबर प्रकाशित की थी. खबर छपते ही बीसीसीएल प्रबंधन की नींद खुली और सीएमडी समीरन दत्ता के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग पैच और डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया. टीम में बीसीसीएल के डीटी संजय सिंह समेत अन्य अधिकारी शामिल थे. सीएमडी ने आउटसोर्सिंग कंपनी को डंपिंग यार्ड की घेराबंदी करने का निर्देश दिया है. साथ ही प्रदूषण रोकने के लिए हर संभव कदम उठाने की बात कही.

ज्ञात हो कि भौरा जहाजटांड स्थित एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग कंपनी का डंपिंग यार्ड दामोदर नदी से बिलकुल सटा है. डंपिंग यार्ड के कचरे से नदी ही नहीं, पूरे इलाके में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है. इससे धनबाद ही नहीं, बल्कि नदी की दूसरी तरफ बोकारो जिले के चंदनकियारी के ग्रामीण भी परेशान हैं. विधायक सरयू राय ने भी धनबाद जिला प्रशासन को पंद्रह दिनों का अल्टीमेटम दे रखा है. इधर चंदनकियारी के सीओ ने बीसीसीएल महाप्रबंधन और आउटसोर्सिंग कंपनी के ठेकेदार के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज कराई है.

सीएमडी समीरन दत्ता निरीक्षण के दौरान आउटसोर्सिंग पैच में ही थे. उन्होंने पैच की तरफ से ही दामोदर को देखा और तय कर लिया कि यहां क्या-क्या हो सकता है. इधर, स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सीएमडी साहब को यदि वाकई में सच जानना था तो उन्हें थोड़ा आगे नदी की तरफ जाना चाहिए था. उससे पता चलता कि डंपिंग यार्ड की तरफ से कितना कचरा, चट्टान आदि नदी में गिराया जा रहा है और यहां के लोग किस कदर प्रदूषण में सांस ले रहे हैं. सिर्फ कोरम पूरा करने का इरादा लेकर आए हैं तो फिर ऐसे दौरे और निरीक्षण का कोई लाभ न तो नदी को मिलने वाला है और न ही यहां के लोगों को.





एटी देवप्रभा आउटसोर्सिंग पैच और डंपिंग यार्ड का निरीक्षण करते सीएमडी

### मुकदमे का कोर्ट में देंगे जवाब : सीएमडी

बीसीसीएल के अधिकारी व आउटसोर्सिंग कंपनी के खिलाफ दर्ज मुकदमे के संबंध में सीएमडी ने कहा कि यह मामला कोर्ट से जुड़ा है. इसका जवाब कोर्ट में दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि डंपिंग यार्ड के कारण हो सकता है कि थोड़ा बहुत डस्ट नदी में गिरता होगा, उसकी व्यवस्था की जा रही है. गार्डवॉल आदि बनाकर कचरा को नदी तक पहुंचने से रोका जाएगा.

### आओ जानें

## गरगा बांध बोकारो



- गरगा बांध झारखंड का एक अत्यंत लोकप्रिय और खुबसूरत पिकनिक स्थल है.
- यह बांध बोकारो में दामोदर नदी की सहायक नदी गरगा पर बना हुआ है.
- पिकनिक स्थल के रूप में यह स्थल अत्यंत लोकप्रिय है और लोगों को पसंद भी.
- यहां साल भर में लाखों पर्यटक आते हैं.
- यह बोकारो के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है जो शहर से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित है.
- यह बांध इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह बोकारो शहर को पानी तथा बिजली की आपूर्ति प्रदान करता है.
- इस बांध के चारों तरफ की बेहद ही खूबसूरत हरियाली तथा सुंदर और आकर्षक वातावरण पर्यटकों को बहुत ही आकर्षित करता है.
- मानसून के समय में यह बांध और भी खूबसूरत दिखाई देता है तथा यहां का आसपास का वातावरण और भी मंत्रमुग्ध कर देने वाला हो जाता है.

## हजारीबाग में स्कूली बच्चों की पोशाक बांटने में अनियमितता, जांच की मांग

विशेष संवाददाता।रांची

**खास बातें**

- भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने मुख्य सचिव को लिखा पत्र
- आपूर्ति किए गए स्वेटर और पोशाक की गुणवत्ता खराब

पूर्व सीएम एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हजारीबाग के सरकारी स्कूलों के बच्चों के पोशाक वितरण में भारी अनियमितता का अरोप लगाया है. इस बाबत उन्होंने मुख्य सचिव को एक पत्र लिखा है और इसकी जांच की मांग की है. बाबूलाल ने कहा कि हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने आपके नाम से प्रेषित शिकायत पत्र के माध्यम से मुझे अवगत कराया है. हाल में ही संपन्न हुए शीतकालीन सत्र में जिले में पोशाक वितरण में हुए भ्रष्टाचार के विषय में मामले को उठाकर सदन का ध्यान आकृष्ट कराया था.

मरांडी ने कहा कि सरकारी स्कूल में बच्चों को पोशाक वितरण से संबंधित दिशा-निर्देश के आलोक में राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची ने अपने पत्रांक 3130 8 अगस्त 2023 के तहत सभी जिला शिक्षा अधीक्षक और पदाधिकारी को 1 से 8 तक के बच्चों के लिए पोशाक, स्वेटर एवं जूता-मोजा क्रय करने के तय मापदंड के विरुद्ध जिला शिक्षा अधीक्षक हजारीबाग ने बिना निविदा तथा स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किए बगैर दूसरे जिले के एनजीओ को पोशाक आपूर्ति का आदेश दे दिया. जो नियम विरुद्ध तो है ही, इतना ही आपूर्ति किए गए स्वेटर एवं पोशाक की गुणवत्ता इतनी खराब है कि सप्ताह भर में ही स्वेटर और पोशाक फटना शुरू हो गया है.

मरांडी ने कहा कि निदेशक शिक्षा परियोजना द्वारा जारी दिशा निर्देश में कहा गया है कि यदि जिले में संचालित स्वयं सहायता समूह उक्त कार्य को निर्धारित समय में कर सकते हैं तो उनके माध्यम से कराना है अन्यथा डीबीटी के माध्यम से बच्चों को उनके बैंक खाते में राशि उपलब्ध कराई जानी है, लेकिन कमीशनखोरी के लिए हजारीबाग डीएसई द्वारा नियम कानून को ताक पर रखकर अपने चहेते स्वयं सहायता समूह को पोशाक आपूर्ति का आदेश देकर कुल 12 करोड़ रुपये की निकासी कर ली गई.

## पूजे गये अक्षत कलश का कराया गया नगर भ्रमण

**कोडरमा।** श्री अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश का शहर में भ्रमण कराया गया. कलश को विद्यापुरी के चमत्कारी बाबा मन्दिर से रेलवे स्टेशन काली मन्दिर और वहीं दूसरा पूजित अक्षत कलश देवी मन्दिर रोड के बड़ी देवी स्थान से झुमरी तिलैया नगर भ्रमण करते हुए, बाजे गाजे के साथ शीतला माता मन्दिर में शहर के सभी सनातनी धर्म प्रेमियों के दर्शन और पूजन के लिए रखा गया. वहीं कार्यकर्म मे प्रांत विशेष संपर्क प्रमुख अरबिंद सिंह,प्रांत सामाजिक समरसता सह प्रमुख मनोज चंद्रवंशी, विभाग गौ रक्षा प्रमुख अजय कुमार वर्मा, जिला मंत्री पंकज दुबे, जिला सह मंत्री सह नगर पालक संजय तर्वे, जिला बजरंग दल संयोजक राजू यादव, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सुनील दास ,चंद्र शेखर जोशी, नगर अध्यक्ष अरबिंद एकघरा, नगर मंत्री बिनय सिन्हा आदि सैकड़ों रामभक्त महिला पुरुष उपस्थित थे.

## मार्क्स-लेनिन विचारधारा पर संगठन करेंगे मजबूत

संवाददाता।मैथन

भाकपा (माले) निरसा एरिया कमेटी की बैठक बुधवार को कुमारधुबी पार्टी कार्यालय में हुई. सबसे पहले केंद्रीय कमेटी के 18 दिसंबर को लिया गया संकल्प का पाठ किया गया. पार्टी के पूर्व महासचिव कॉमरेड विनोद मिश्र और पार्टी नेता काशीनाथ कोयरी के पुत्र शहीद संजीव कुमार की याद में दो मिनट मौन रख श्रध्दांजलि दी गई. बैठक का संचालन एरिया कमेटी सचिव नागेन्द्र कुमार ने की. कहा कि आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों में संभावित फासीवादी हमले के विरुद्ध हमें निर्णायक प्रतिरोध के लिए तैयार रहना होगा. मार्क्सवाद-लेनिनवाद विचाराधारा पर मजबूती से खड़े होकर अपने सांगठनिक ढांचा और उसकी कार्यपद्धति को सुदृढ करना होगा. सक्रिय ब्रांचों और लोकल कमेटियों के बिना हम जमीन पर अपनी संगठित उपस्थिति को जारी नहीं रख सकते हैं. निर्णय लिया गया कि 31 दिसंबर तक पार्टी सदस्यता नवीकरण के काम को पूरा कर लेना है. ब्रांचों को पुनर्गठित करते हुए पांच जनवरी को निरसा, सात जनवरी को एग्यारकुण्ड एवं दस जनवरी को कलियासोल लोकल कमेटी का सम्मेलन होगा. बैठक में माले के वरिष्ठ नेता उपेन्द्र सिंह, कृष्णा सिंह, मनोरंजन मलिक, हरेन्द्र सिंह, जगदीश शर्मा, जितेंद्र शर्मा, बी के सिंह, काशीनाथ कोयरी, मनोज महतो, लक्ष्मी नारायण दास, राम लखन राय, सत्येन्द्र चौहान, मुन्ना चौहान, राजू चौहान, जमाल अंसारी, संजीत राऊत, पंचानंद माजी, मो सलीम, मनोज तूरी, नारायण तुरी आदि उपस्थित थे.



भाकपा-माले की निरसा एरिया कमेटी की बैठक में हिस्सा लेते सदस्य.

**इतिहास में पहली बार** सीजीपीसी के सदस्यों ने निभायी शाम के दीवान की प्रक्रिया

# शहीदी सप्ताह पर सोदर पाठ, कविता, कथा, शबद-कीर्तन

**खास बातें**

- दीवान में प्रधान भगवान सिंह ने किया रहरास साहिब का पाठ
- सह सचिव परमजीत सिंह काले ने किया कविता पाठ

संवाददाता । जमशेदपुर

सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (सीजीपीसी) के इतिहास में पहली बार इनके सदस्यों ने चार साहिबजादों की शहीदी को समर्पित शाम के दीवान की पूरी प्रक्रिया स्वयं निभा कर एक उदाहरण पेश किया. गुरुद्वारा सिंह सभा, मानगो में मंगलवार को देरशाम तक चले दीवान में प्रधान सरदार भगवान सिंह ने रहरास साहिब का पाठ पढ़ शहीदों को नमन किया. शाम छह बजे से रहरास साहिब के पाठ से शाम के दीवान की शुरुआत की गयी. सीजीपीसी के प्रधान सरदार भगवान सिंह ने स्वयं पाठ करने की इच्छा जतायी और काफी शालीन और गुरमत अनुसार पाठ पूरा किया. सदस्यों द्वारा सोदर का भी पाठ किया गया.



शहीदों को समर्पित शाम के दीवान में शामिल सीजीपीसी के सदस्य.

**प्रेरित करने करने वाला वाकया : भगवान सिंह :** इस दौरान धार्मिक कविता और कथा का भी आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से महासचिव गुरचरण सिंह बिल्ला, उपाध्यक्ष चंचल सिंह, सुखविंदर सिंह राजू, गुरमीत सिंह और हरचरण सिंह ने कथा वाचन किया. जबकि सह सचिव परमजीत सिंह काले ने "संगते नि मेरा नां गुजरी, मैं गोबिंद दी मां गुजरी, मैं गुजर-गुजर के गुजरी हां, संगते नि मेरा नां गुजरी" तथा "मेरे बाजां वाले वरगा कोई होर न सानी ए, दूजा कौण जहान अंदर पुत्रां दा दानी ए" कविता पाठ कर संगत की आंखें नम कर दीं. इसके आलावा हुकमनामा भी सीजीपीसी सदस्यों द्वारा ही लिया गया. शब्द कीर्तन की सेवा बच्चियों द्वारा की गयी. अंत में समाप्ति की अरदास सीजीपीसी के महासचिव अमरजीत सिंह ने की. सीजीपीसी के सदस्यों द्वारा शाम के दीवान की प्रक्रिया पूरी किये जाने पर हर्ष जताते हुए सरदार भगवान सिंह ने कहा कि यह प्रेरित करने वाला वाकया है. उन्होंने कहा, जमशेदपुर में सीजीपीसी के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब सीजीपीसी के सदस्यों ने स्वयं शाम के दीवान की प्रक्रिया पूरी की हो.

# हेमंत सोरेन सरकार के 4 साल पूरे होने पर कल मोरहाबादी मैदान में भव्य कार्यक्रम

संवाददाता।रांची


झारखंड में 29 दिसंबर को हेमंत सोरेन सरकार के कार्यकाल के चार साल पूरे होने जा रहे हैं. इस मौके पर रांची के मोरहाबादी मैदान में राज्यस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा. जिसकी तैयारियां जोरो-शोरों से चल रही है. प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे बुधवार को कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया. साथ ही उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. उन्होंने संबंधित अधिकारियों से सारी तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण करने को कहा है.

विनय कुमार चौबे ने कहा कि यह कार्यक्रम राज्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है. इस कार्यक्रम में भारी भीड़ होगी. जिसके लिए तमाम व्यवस्था चाक-चौबंद रखने की आवश्यकता है. उन्होंने कार्यक्रम के लाइव टेलीकास्ट के लिए अतिरिक्त एलईडी की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है. कहा कि कार्यक्रम के भव्य आयोजन की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की है. मौके पर डीसी राहुल कुमार सिन्हा, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, जिला नजारत उप समाहर्ता रांची केवल कृष्ण अग्रवाल, जिला जन संपर्क पदाधिकारी डॉ. प्रभात शंकर और आयोजन से जुड़े तमाम अधिकारी उपस्थित रहे.



# क्या सीमा पर खरे उतर पाएंगे अल्प प्रशिक्षित अग्निवीर?

## सेवानिवृत्त जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की आत्मकथा के बाद अग्निवीर पर नए सिरे से चर्चा





अग्निवीर के तहत सेना में जवानों की भर्ती जारी है. बड़ी संख्या में लोग भर्ती केन्द्रों में पहुंच रहे हैं. पहले ही इस योजना पर सवालिया निशान लगे थे.पर विवाद थमने के बाद भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई. लेकिन इस बीच सेवानिवृत्त जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की आत्मकथा "फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी"ने इसे नए सिरे से चर्चा में ला दिया है. मनोज मुकुंद नरवणे ने अपनी आत्मकथा में कहा है कि अग्निवीर योजना का प्रस्ताव भारत की तीनों सेना पर सरकार द्वारा थोपी गई योजना है. नरवणे की आत्मकथा लोगों के बीच आने के बाद इस मुद्दे पर बहस शुरू हो गई है. लोगों की मिलीजुली प्रतिक्रिया सामने आ रही है. कुछ इसे रोजगार से जोड़कर सही बता रहे हैं.वहीं बहुत से लोग इसे लेकर सरकार की आलोचना कर रहे हैं. कहा जा रहा है कि भारत जैसे विशाल देश जहां नौकरी की कमी है. सरकार ने युवाओं के लिए सेना में भर्ती का द्वार खोला है. वहीं कइयों का कहना है कि एक तो सरकार ऐसे जवानों को बहुत कम पैसा दे रही है. साथ ही अग्निवीरों की ट्रेनिंग मात्र चार वर्ष के लिए क्या देश के लिए उपयोगी है. इतने कम समय की ट्रेनिंग क्या युवाओं और देशहित में है. ऐसे कई सवाल हैं जो केन्द्र की सरकार को शक के घेर में ला खड़ा करती है. शुभम संदेश की टीम ने राज्य के विभिन्न जिलों में इस मामले में युवाओं की राय ली है. पेश है रिपोर्ट.

### मनोहरपुर



#### सैन्य सेवा में जाने के इच्छुक युवाओं के लिए यह योजना बहुत सही है : गोवर्धन ठाकुर

छात्र नेता गोवर्धन ठाकुर का कहना है कि अग्निवीर योजना भारतीय सैन्य सेवा में जाने वाले युवाओं के लिए काफी अहम है. यह आधुनिकीकरण के लिए बनाई गई है. केंद्र की मोदी सरकार ने सेना में सुधार और रोजगार बढ़ाने के उद्देश्य से इसे शुरू किया है.जो ठीक है. इसके लिए देश के प्रधानमंत्री का बहुत आभार है. वहीं सेवानिवृत्त जनरल नरवने ने अपनी आत्मकथा में इस बारे में जो लिखा है वह किस आधार पर कह रहे हैं.मुझे नहीं मालूम. किंतु मेरे विचार से जो युवा भारतीय सैन्य सेवा में जाना चाहते हैं.उन युवाओं में देशभक्ति के प्रति जज्बा पैदा करने वाला है.इसलिए इस योजना को बढ़ाना चाहिए. इससे युवाओं को लाभ मिलेगा.

#### अग्निपथ योजना मील का पत्थर एवं युवाओं के लिए अहम साबित हो रही : गोवर्धन महतो

गोवर्धन महतो ने कहा कि देश में आजकल घुसपैठियों,आतंकी संगठनों एवं देश की सीमाओं से सटे दो पड़ोसी मुल्कों के द्वारा कुछ न कुछ घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है. जिस प्रकार की गंदी सोच के साथ हमारे पड़ोसी मुल्क काम कर रहे हैं, वह हमारे मुल्क के लिए धातक ही नहीं बल्कि मुल्क की एकता व अखंडता को भी क्षति पहुंचा रहें हैं.इससे बचने के लिए भारतीय सेना के आधुनिकीकरण में अग्निवीर योजना मील का पत्थर साबित होगी. क्योंकि इससे भारतीय सेना का आधुनिकीकरण तो होगा ही साथ ही साथ इसमें अत्यधिक लोग अपनी सेवा समर्पित कर पाएंगे. इसलिए यह बेहतर योजना है. इसमें कहीं दिक्कत नहीं है. इस बावत सारी ख़ामियां केंद्र सरकार ने पहले ही दूर कर लिया है. इसलिए यह पूरी तरह से ठीक व सराहनीय है.

#### अग्निवीरों के लिए स्थायित्व नहीं है, बाद में पैसे होंगे पर नौकरी नहीं : निशुजैक चांपिया

निशुजैक चंपीया ने कहा कि अग्निवीर योजना में हम युवा चार साल ही नौकरी करेंगे. सेवानिवृत्त होने पर उन्हें सेवा निधि पैकेज के रूप में करीब 11 लाख रुपये मिलेंगे. अधिकतम 25 वर्ष की उम्र में सेवानिवृत्त होने के बाद जब अग्निवीर अपना परिवार बसाएंगे तो उनके पास पैसे तो होंगे लेकिन नौकरी नहीं होगी. सेवानिवृत्ति के पैसे से परिवार का भरण पोषण कितने दिन होगा. यदि अग्निवीर इस पैसे से अपना स्वरोजगार शुरू करते हैं तो यदि रोजगार ढंग से नहीं चला तो ऐसी परिस्थिति में वे सड़क पर आ जाएंगे. वहीं युवाओं द्वारा देश सेवा करने का परिणाम वृद्धअवस्था में विभिन्न प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ेगा.

#### इसमें गलत नहीं है, जो सक्षम और फिट होगा उनको आगे मिलेगा एक्सटेंशन : संजय समद

युवा संजय समद ने कहा कि सेना में रहना है तो फौजी को सक्षम और फिट होना जरूरी है. पहले फौज में गए युवाओं की अक्षमता साबित होने के बाद भी पूरी अवधि तक नौकरी में रखना मजबूरी होती थी. लेकिन इस योजना के तहत सबसे सक्षम और फिट अग्निवीर को 15 साल तक नौकरी करने का अवसर मिलता है. इसलिए अग्निवीर को अपनी दक्षता साबित करते रहें. शुरु में भले ही ट्रेनिंग की अवधि कम है लेकिन समय-समय पर ट्रेनिंग मिलती रहेगी. जिससे अग्निवीर पहले की अपेक्षा दक्ष होते जाएंगे. इससे उन्हें निकलने के बाद भी अपनी प्रतिभा के बल पर व दक्षता का पूरा लाभ मिलेगा.

#### इस योजना में देशभक्ति का जज्बा पैदा होने की काफी कम संभावना है : सुमन कुजूर

सुमन कुजूर का कहना है कि इस योजना के तहत अग्निवीरों को मात्र 6 माह की ट्रेनिंग देनी है, इसके बाद वह साढे तीन साल की नौकरी करेंगे. इतने कम समय में अग्निवीरों में एक देशभक्त फौजी होने का जज्बा पैदा होगा. इसकी कम संभावनाएं हैं. कम समय सेना में बिताने की वजह से इन सैनिकों में परिपक्वता नहीं आएगी. किसी बड़े अभियान के दौरान निर्णय लेने में भी उन्हें परेशानी आएगी. इससे विभिन्न प्रकार की समस्याओं के अलावा अभियान के दौरान परिपक्वता के अभाव में कैजुअल्टी बढ़ेगी. वर्ष 2020 में इस योजना को लागू होने के समय भी इसका हर स्तर पर विरोध हुआ था. केंद्र सरकार को इस योजना में परिवर्तन करना चाहिए.जिससे कि युवाओं को इस क्षेत्र में रोजगार के साथ साथ स्थाई अवसर मिल सके.

### जमशेदपुर

#### योग्य होंगे तो प्राथमिकता दी जाएगी विश्वास कर चलना होगा : किशोर मंडल

किशोर मंडल का कहना है कि लोगों को इस व्यवस्था में विश्वास कर चलना होगा क्योंकि ऐसा कभी नहीं होगा कि 4 वर्ष के पश्चात आपको एक तरह से तिरस्कृत कर दिया जाएगा या मझधार में छोड़ दिया जाएगा. इसके लिए भी व्यवस्था की गई है. ऐसे युवकों को, जो बाद में स्थाई तौर पर योग्य नहीं पाए जाएंगे, उनको दूसरी पैरामिलिट्री फोर्सेज, जैसे बीएसएफ, सीआईएसएफ, केंद्रीय पुलिस है, राज्य की पुलिस, उनमें भी प्राथमिकता दी जाएगी. जहां तक बात है आधी अधूरी ट्रेनिंग की बात है तो बिना ट्रेनिंग के जवान दुश्मनों से मुकाबला नहीं कर सकते.

#### यह सरकार की योजना है सेना की नहीं, सेना को मजबूरी में समर्थन देना पड़ाः संतोष तिवारी

संतोष तिवारी का कहना है कि सरकार को डिफेंस वालों की पेंशन गले के नीचे नहीं उतर रही थी. इस भार को कम करने के लिए इस योजना का जन्म हुआ है. क्योंकि ये योजना सरकार की रचित योजना है तो तीनों सेना अध्यक्षों को मजबूरन इस योजना का समर्थन देना अनिवार्य हो जाता है. वास्तव में इस योजना से पहले शार्ट सर्विस कमीशन का प्रावधान है सेना में.लेकिन इस योजना में पांच साल की सर्विस के बाद भी आगे जाकर पेंशन का प्रावधान स्वतः हो जाता था. अब इस चार साल की अग्निपथ आर्मी सेवा का निर्माण हुआ जिसमें पेंशन बाई लॉ का सफाया हो गया है.

#### तत्कालिक कमी को पूरा करने के लिए सरकार यह योजना लायी है : रत्नेश कुमार

बेरोजगारी इतनी बढ़ गई है कि मिल्ट्री में भी भर्ती होने के लिए मिडिल क्लास के लोगों को कड़ी मेहनत करनी पड़ती है. सत्य यह है कि देश को जवानों की जरूरत है पर एक जवान 15 वर्षों तक ही सेवा देता है. पर सरकार उसे जीवन भर पेंशन देती है. इस तरह से सस्ते में काम निकालने तथा तत्कालिक कमी को पूरा करने के लिए नई योजना बनाई गई है. एक नए सिपाही को उचित ट्रेनिंग देने में 2 वर्ष लग जाते है. उसे मात्र 2 वर्ष ही सेवा कराएंगे तो इसमें लाभ क्या होगा. उन अनुभवी जवानों के अनुभव का लाभ लेने तथा अच्छे नतीजे के लिए जवानों का सेवा काल पूर्व में 15 वर्ष तय किया गया था जिसकी जगह मात्र इन्हें 4 वर्ष के मियादी साथ ही में एक सेवा करार के तहत नौकरी मिलेगी जिसमे पेंशन नही होगी. निवृत्ति पर कुल 11 लाख मिलेंगे जिसे वो एक बचत समझकर आगे की जिंदगी बसर करेंगे.

#### सेना में पूर्व की बहाली प्रक्रिया ठीक थी भविष्य के साथ खिलवाड़ : राहुल कुमार

बागबेड़ा रेलवे गुदरी बाजार के रहने वाले राहुल कुमार का कहना है कि वे पूर्व की नौकरी बहाली प्रक्रिया ठीक थी. उस वक्त युवाओं को ठगा नहीं जाता था. अब कम समय के लिए व कम वेतन में अग्निवीर योजना के तहत बहाली की जा रही है, जो युवाओं के लिए उचित नहीं है. यह योजना देश हित में भी नहीं है. सरकार को विद्यार्थियों व युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए. राहुल तीन साल से थल सेना की नौकरी की तैयारी में लगा था. लेकिन अब उसने नौकरी की आस भी छोड़ दी है.

#### अग्निवीर योजना युवाओं के हित में नहीं है, चार साल बाद वे कहां जाएंगे : शुभम

स्थानीय युवा शुभम वर्णवाल का कहना है कि अग्निवीर योजना युवाओं के हित में नहीं है. युवा अपना जी जान लगाकर सेना में जाने की तैयारी करते है और उन्हें मात्र चार साल के लिए चुना जाना ठीक नहीं है. चार साल के बाद वे क्या करेंगे और कहां जायेंगे इसकी चिंता उन्हें लगी रहेगी. हालांकि कुछ लोगों को सेना में बहल किया जाएगा बाकि को सेवा निवृति दे दी जाएगी. जिन्हें नौकरी स्थाई तौर पर हो जाएगी उनका तो भला हो जायेगा. पर उनका क्या होगा जिन्हें सेवा निवृति दे दी जायेगी. इसलिए सरकार को इस योजना के बारे में एक बार फिर से सोचना चाहिए.

#### कम समय में ट्रेनिंग देकर सेना में भर्ती ठीक नहीं , इसे बढ़ाया जान चाहिए : हरी राम दास

हरहरगुट्टू के युवक हरी राम दास ने कहा कि देश सुरक्षा के लिए कम समय की ट्रेनिंग देकर सेना में नियुक्ति करना उचित नहीं है. इसलिए सरकार को इनके नियमों में बदलाव कर स्थाई नियुक्ति देने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए. जिससे युवा लगन के साथ देश की रक्षा करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे पाए. क्योंकि सेना के प्रशिक्षण में ही अधिक समय लग जाता है. वहीं प्रशिक्षण समाप्त होते ही बहुत कम समय अपने देश सेवा में दे पाते हैं. इसलिए समय अवधि को बढ़ाना चाहिए.

### किरीबुरु

#### कुछ मामले में यह योजना ठीक ही है और कुछ मामले में कमी है : किरण नीलगिरी

केन्द्र सरकार की अग्निवीर योजना कुछ मामले में अच्छा तो कुछ मामले में गलत है. उक्त बातें बीकौम का छात्र किरण नीलगिरी ने कहा. उसने बताया कि इस योजना के तहत भर्ती होने वाले युवाओं को 4 वर्ष की सेवा के पश्चात उनकी योग्यता को देखते हुये 25 फीसदी को ही सेना में स्थायी रुप से शामिल करने का प्रावधान है. इन चार वर्ष के दौरान अगर किसी अग्निवीर की मौत हो जाती है तो उसके आश्रित को बीमा के रुप में 48 लाख और अनुग्रह राशि के रुप में 44 लाख रूपये देने का प्रावधान है. साथ हीं मासिक वेतन 30 से 40 हजार रुपये है. यह अच्छा है, क्योंकि देश में बेरोजगारों की बड़ी फौज खडी.है. इस योजना से ऐसे बेरोजगारों को अवश्य लाभ मिलता. लेकिन इस योजना का दूसरा पहलू यह भी था कि 6 माह का प्रशिक्षण लेकर कोई अच्छा व परिपक्व सैनिक नहीं बन सकता है. अच्छा सैनिक बनने के लिए लिए आपरेशन में भाग लेना होता है. साढ़े तीन वर्ष के सेवाकाल में उसमें एक फौजी का जज्बा नहीं आएगा. ऐसे में सेना में मैच्योरिटी नहीं रहेगी. चार साल के बाद वैसे क्रान्तिवीर जो फौज में स्थायी नहीं हो पाते, उनके सामने पुनः बेरोजगारी की समस्या खडी.रहती.संघर्ष मेंही उनका जीवन व्यवस्थित रहने के लिए पार हो जाता.

### बेरमो

#### चार साल बाद आगे क्या होगा यह सोचकर अभी से डर लग रहा है : इशांत यादव

इशांत यादव गोमिया के निवासी हैं. सेना में भर्ती होने के लिए तैयारी कर रहा था. लेकिन अब राज्य के विभिन्न पुलिस सेवा में भर्ती होना चाहते हैं. उनका कहना है कि उनके भाई सेना में हैं. अग्निवीर योजना के तहत भर्ती हुए हैं. उसकी चिंता है कि चार साल बाद आगे का क्या होगा. सेना में भी अग्निवीर के जवान को अलग नजरिये से देखा जाता है. सरकार को इस तरह की योजना सेना में नहीं लाना चाहिए.

#### बेरोजगारी के कारण युवा नौकरी में जाने को विवश,पर आगे की भी चिंता है : राहुल कुमार

राहुल कुमार यादव गोमिया प्रखंड के हजारी पंचायत के अम्बा टोला गांव निवासी हैं. राहुल ने बताया कि बेरोजगारी के कारण युवा इस योजना में जाने को विवश हैं. लेकिन यह चिंता रहती है कि चार साल बाद क्या होगा. वह भी अग्निवीर की तैयारी कर रहा था लेकिन अब उम्र पार हो गया इसलिए दूसरे एग्जाम की तैयारी में जुट गया है. उनका कहना है कि सेना में चार साल की बहाली अच्छी नहीं है. सरकार को पुनर्विचार करना चाहिए.

### चक्रधरपुर

#### बिना बेहतर प्रशिक्षण के सेना में जाना देश के लिए खतरा ही हैः सूरज जामुदा

चक्रधरपुर के हथिया गांव निवासी सूरज जामुदा ने कहा है कि देश में सेना की नौकरी बहुत ही जिम्मेवारी वाली होती है.इसमें सतर्कता व सुरक्षा से किसी प्रकार का खिलवाड़ नहीं होना चाहिए.अग्निवीर योजना के तहत बिना बेहतर प्रशिक्षण के सेना में अल्प समय के लिए भी भर्ती लिया जाना देश के लिए खतरा है.

#### युवाओं को अग्निवीर योजना ने किया निराश किया है,भविष्य दांव पर : विजय नायक

चक्रधरपुर के पदमपुर गांव निवासी विजय नायक ने कहा कि सेना की नौकरी में जाने की चाहत रखने वाले युवाओं को अग्निवीर योजना ने निराश किया है.ऐसी योजना देशहित में नहीं है.सेना की नौकरी के नाम पर केंद्र सरकार युवाओं को ठगने का काम कर रही है.युवाओं का भविष्य दांव पर लगाया जा रहा है.कम वेतन व कम समय की नौकरी को लेकर अब युवा सेना में नहीं जाना चाहते हैं.

#### अग्निवीर योजना में नौकरी की अवधि बढ़ाई जानी चाहिए,फिर विचार होः मुकेश बिरुवा

चक्रधरपुर निवासी मुकेश बिरुवा का कहना है कि अग्निवीर योजना में नौकरी की अवधि बढ़ाई जानी चाहिए.चार साल की सेना की नौकरी करने वाले युवाओं को सही तरीके से प्रशिक्षण भी नहीं दिया जा रहा है.इससे युवा न तो अच्छे तरीके से नौकरी कर पाएंगे और न ही युवाओं को कुछ सीखने का अवसर मिल पाएगा.युवाओं की सिर्फ उम्र खत्म होगी, इससे बाद में युवाओं को अच्छी नौकरी नहीं मिल पाएगी.किसी भी योजना को लाने से पहले सरकार को बेहतर तरीके से विचार करना चाहिए.

### आदित्यपुर

## देश के युवाओं को रोजगार के नाम पर गलत रास्ते पर ले जाने का फैसला है अग्निवीर युवाओं की बहाली...

#### युवाओं को गलत रास्ते पर ले जाने का फैसला: रोहित कुमार शर्मा

रोहित कुमार शर्मा का कहना है कि अग्निवीर योजना देश के युवाओं को रोजगार नहीं देकर गलत रास्ते पर ले जाने का फैसला है . विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे बेरोजगार युवक रोहित कुमार शर्मा कहते हैं कि देश के युवाओं की आवाज दबाने के लिए अग्निवीरों को बहाल किया जा रहा है. उन्हें सेना के विरोध के बाद 30 हजार रुपए प्रतिमाह दी जा रही है. यह बात भी सच है कि सरकार ने इस योजना के पक्ष में माहौल बनाने के लिए सेना के कुछ रिटायर अफसरों का सहारा लिया था. केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना देशहित में बिल्कुल भी नहीं है.

#### युवाओं की आवाज दबाने के लिए यह योजना है : ललित यादव

ललित यादव ( शिक्षित बेरोजगार छात्र) का कहना है कि केंद्र सरकार अपनी कमजोरियों को छुपाने और बेरोजगार युवाओं की आवाज को दबाने के लिए अग्निवीर स्कीम लाई गई है. मेरा कहना है कि क्या अग्निवीर 4 वर्ष की ट्रेनिंग से वह सेना के काबिल हो पाएगा. इतने कम समय की ट्रेनिंग क्या युवाओं के जीवन और देशहित में होगा. आधी-अधूरी ट्रेनिंग के साथ क्या अग्निवीर सीमा पर दुश्मनों का मुकाबला कर पाएंगे, सरकार के फैसले पर यह प्रश्न उठाया जा रहा है. ऐसे अग्निवीर देशहित में किसी ऑपरेशन में खरे नहीं उतर पाएंगे.



## कम पैसा और छोटी सेवा अवधि को लेकर केंद्र सरकार शक के घेरे में

## लोगों ने क्या-क्या कहा

**सेना पर जबरन थोपी गई यह योजना कितनी कारगर होगी पता नहीं**

**भारत जैसे देश में रोजगार की दृष्टि से यह योजना सही है**

### गोड्डा

#### मारामारी करने से बहतर है नौकरी करना हुनर भी सीखने को मिलेगा : संदीप लोहार

रोजगार की तलाश कर रहे बेरोजगार को जब कोई नौकरी मिल जाती है तो वह खुश हो जाता है. छात्र संदीप लोहार कहते हैं कि पहले अपने पैर पर खड़े होकर कुछ पैसे कमा ले . इसके बाद ही आगे की सोचना है. अग्निवीर योजना हो या कोई दूसरी नौकरी मिले. पैसा तो मिल रहा है. बाहर जाकर दिन भर की मारामारी के बाद दस से पंद्रह हजार मिलते हैं. उससे अच्छा है बेहतर खाने पीने के साथ तीस हजार रुपए तो मिलेंगे. साथ में कुछ हुनर भी सीखने को मिलेगा.

#### सरकार भी बेरोजगारी को भुनाने में पीछे नहीं रहना चाहती है : मो. शमशुद्दीन

स्नातक की पढ़ाई पूरी कर नौकरी की तलाश कर रहे ग्राम कदमा के बेरोजगार छात्र शमसुद्दीन बताते हैं कि बेरोजगारों का शोषण हर जगह होता है. सरकार भी पीछे नहीं रहना चाहती है. सरकार अगर वाकई बेरोजगारों को नौकरी देना चाहती है तो उसको नियमित लॉन्ग टर्म के लिए बहाली करनी चाहिए न कि शॉर्ट टर्म के लिए. तब इसका लाभ छात्र को मिलता. चार साल का समय तो देखते देखते निकल जाता है. फिर से वहीं सड़क पर आ जाएगा.

#### योजना के तहत युवाओं को लाभ मिल रहा है बाद में अच्छा पैसा भी मिलेगा : पप्पू यादव

ग्राम राहा के छात्र पप्पू कुमार यादव कहते हैं कि केंद्र सरकार की योजना अग्निवीर से बेरोजगार युवाओं को लाभ मिल रहा है. इस योजना के तहत देश की सेवा भी हो जाती है. जबतक नौकरी करते हैं महीने का वेतन मिलता है. रहना खाना वहीं मिल जाता है. इसके बाद रिटायर हो जाए जरूरी नहीं है . अगर सेवा से हट भी गए तो इतना पैसा तो मिल ही जाता है कि अपना कोई रोजगार कर सके. इसके अलावा अन्य सुविधाएं भी मिलती है.

#### सरकार ने कुछ अच्छा सोचकर ही नियम में बदलाव किया है : विशाल सोरेन

बेरोजगार विशाल सोरेन का कहना है कि सरकार ने कुछ अच्छा सोचकर ही नियम कानून में बदलाव किया होगा. बेरोजगार रहकर बैठने से युवा इधर उधर गलत रास्ते पर चले जाते हैं. इससे अच्छा है कुछ समय के लिए ही नौकरी कर लेगा. एक अनुशासित सिपाही बन कर निकलेगा तो निश्चित है कि उसकी जिंदगी में बदलाव आएगा. बाद में उसके पास अपनी पूंजी भी होगी तो वह अपना रास्ता खुद व खुद बना लेगा. अभिभावक के भरोसे तो नहीं रहेंगे.

### धनबाद

#### अग्निवीर योजना हर तरह से गलत : मनीष कुमार

पाथरबंगला निवासी मनीष कुमार कहते हैं कि देश में अग्निवीर की व्यवस्था ही गलत परंपरा है. हर लिहाज से यह गलत है. दोनों देश सेवा के लिए जान हथेली पर रखते हैं, लेकिन जब सम्मान और वेतन की बात हो तो दोनों के अलग-अलग हैं. ऐसे में कैसे आप कह सकते हैं कि अग्निवीर देश के लिए बहुत प्रभावी योजना है.

#### देश के युवाओं का मनोबल टूटा : गोविंद कुमार

गोविंद कुमार कहते हैं कि अग्निवीर योजना देश के लिए हो सकता है सही हो, लेकिन युवाओं के लिए बिलकुल गलत है. हम खुद एयर फोर्स में जाने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन अब मैं ने पढ़ाई की दिशा बदल दी है. इस योजना से पूरे देश के युवाओं का मनोबल टूटा है. योजना के अंतर्गत भेदभाव की झलक साफ दिखती है.

#### योजना बिलकुल ही गलत है : अमन कुमार

अमन कुमार कहते हैं कि पहले स्ट्रगल करने के बाद नौकरी मिलती थी, लेकिन अब युवा सिर्फ चार साल की नौकरी के लिए स्ट्रगल करें, ऐसी सोच युवाओं को देश सेवा में जाने से रोक देगी. योजना बिलकुल ही गलत है और युवाओं का मनोबल तोड़ने वाली है. सरकार को फिर से विचार करने की आवश्यकता है.

#### और बेहतर सोचने की जरुरत थी : सूरज कुमार

जामाडोबा चार नंबर निवासी सूरज कुमार कहते हैं योजना को धरातल पर उतारने से पूर्व यदि युवाओं के बारे में सोच लिया जाता तो शायद परिणाम कुछ और होता. एक व्यक्ति पूरे जीवन में अपनी जवानी के दौर में ही मेहनत कर नौकरी पाने की हिम्मत करता है, लेकिन सिर्फ चार साल की नौकरी के लिए मेहनत करना कोई नहीं चाहता.

#### इस योजना में कई खामियां हैं : सौरभ मंडल

न्यू पाथरबंगला निवासी सौरभ मंडल कहते हैं कि योजना में कई खामियां हैं, एक अग्निवीर और देश का आर्मी दोनों के नाम और सम्मान में ही फर्क दिख जाता है. ऐसे में आप खुद सोच लें कि क्या बेहतर है. युवाओं के लिए योजना तो बिलकुल नहीं बनाई गई है. आगे देखिए, इस योजना से देश का क्या हित होता है, यदि देशहित नहीं हुआ तो फिर योजना बंद करनी चाहिए.

### लातेहार

#### 25 प्रतिशत को स्थायी करने का प्रावधान है,आगे भी ठीक ठाक ही है : दीपक विश्वकर्मा

मस्जिद रोड के युवा दीपक विश्वकर्मा ने कहा कि इस योजना के तहत चयनित सेना के जवानों को अग्निवीर के नाम से जाना जायेगा. चार वर्ष की सेवा के बाद 25 प्रतिशत अग्निवीरों को उनकी कार्य कुशलता के आधार पर स्थायी किये जाने का प्रावधान है. स्थायी कैडर बन जाने के बाद अग्निवीरों को बाकी जवानों की तरह पेंशन व अन्य सुविधायें दी जायेगी.

#### रिटायर होने के बाद भी मिलेगी सुविधायें मिलेंगी, योजना बुरी नहीं : संतोष दुबे

बजरंट टेंट हाउस के संतोष दुबे ने कहा कि अग्निवीर जवानों के चार साल के बाद रिटायर होने के बाद सेवा निधिससे कटने वाला पैसा उन्हें एक मुश्त दिया जाएगा. चार सालों में रिटायर होने के बाद अग्निवीरों को तकरीबन दस लाख रूपये से अधिक मिलेगें. रिटायर होने के बाद अग्निवीर दूसरी नौकरी या इस पैसे से अपना धंधा कर सकते हैं. आज के इस बेरोजगारी के समय में सबों को नियमित नौकरियां देना संभव नहीं है. इससे एक प्रकार का रोटेशन होगा और अधिक से अधिक युवाओं को मौका मिल सकेगा.

#### एक मुश्त राशि लेकर सामान्य जीवन में लौट सकते हैं, काफी सहूलियत है : पंकज प्रसाद

युवा उद्यमी पंकज प्रसाद ने कहा कि चार साल की सेवा पूरी होने के बाद अग्निवीर को एकमुश्त 11.71 लाख रूपये प्राप्त होंगे. 25 प्रतिशत अग्निवीरों को छोड़ कर शेष को सामान्य जीवन में लौटने का प्रावधान भी है. इसके बाद वह अपने घर परिवार में लौट सकते हैं. इतनी राशि से चाहे तो वह अपना व्यवसाय कर सकते हैं या फिर अगर उम्र रहती है तो कोई दूसरी नौकरी भी कर सकते हैं. सरकार ने अग्निवीरों को कई तरह की नौकरियों में प्राथमिकता दी है.

#### मूल उद्देश्य देश की सेवा होनी चाहिए,समर्पण की भावना का अभाव होगा : श्यामदेव सिंह

मतनाग ग्राम के श्याम देव सिंह ने कहा कि इस योजना के तहत भर्ती जवानों में समर्पण की भावनाओं का आभाव होगा. एक सैनिक का मूल उद्देश्य देश की सेवा होना चाहिए. मात्र छह महीने की ट्रैनिंग में कोई कैसे सैनिक बन सकता है. एक बार भर्ती होने के बाद चार साल में वह रिटायर कर जायेगा, इसके बाद वह क्या करेगा. उसे दस या 11 लाख मिलेगें, इससे क्या उसका जीवन चल जायेगा.

### गिरिडीह



#### योजना अच्छी सोच के साथ जरुर लायी गई है, पर सुधार की जरुरतः मो. फरीद

गांडेय प्रखंड के युवा मो फरीद ने कहा कि केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना में सुधार की जरूरत है. अग्निवीर योजना को एक अच्छी सोंच के तहत लाई गई है, लेकिन इसमें कुछ खामियां हैं,जिसे दूर किए बीना इसका समुचित लाभ नहीं मिल सकता है. अग्निवीर योजना का समय काफी कम है. इतने कम समय में प्रशिक्षण लेकर युवा देश की सेवा में पूर्ण रूप से तत्पर नहीं हो सकेंगे. इससे युवाओं के साथ-साथ देश को भी नुकसान होगा. उन्होंने कहा कि अग्निवीर की समय सीमा को बढ़ाने के साथ-साथ इसमें बहाल होने वाले युवाओं के वेतनमान को भी बढ़ाने की जरूरत है. जिस उद्देश्य से अग्निवीर योजना को लाने की जरूरत महसूस की गई है उसको भी पूरा होना चाहिए . सेवानिवृत्त जनरल मनोज मुकुंद की आत्मकथा बाजार में आने के बाद से युवाओं का उत्साह काफी कम हुआ है.

#### अग्निवीर योजना अच्छी पहल, पर कुछ सुधार की जरूरत भी है : अनिल विश्वकर्मा

युवा अनिल विश्वकर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लायी गई अग्निवीर योजना एक अच्छी पहल है, लेकिन इस योजना में काफी कुछ सुधार की जरूरत भी है . सुधार किए बिना अग्निवीर योजना देश और युवाओं के हित में सही साबित नहीं होगी . अग्निवीर में शामिल युवा जब_तक पूर्ण प्रशिक्षित नहीं होंगे,तब_तक देश की सुरक्षा के लिए सक्षम नहीं हो सकते हैं . उन्होंने केंद्र सरकार से इस योजना में सुधार करते हुए युवाओं के हित को ध्यान में रखने की अपील की है. सीमा पर तैनात जवानों के लिए पुख्ता ट्रेनिंग की जरुरत होती है.

#### मुकुंद की लिखी सभी बातें सत्य है,सरकार का निर्णय ठीक नहीं : दीपक कुमार भदानी

युवा दीपक कुमार भदानी ने कहा कि केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना को लेकर सेवानिवृत्ति जनरल मनोज मुकुंद द्वारा लिखी गई सभी बातें सत्य है. केंद्र सरकार का यह निर्णय अब तक बिल्कुल गलत साबित हुआ है. देश की सुरक्षा के लिए पूर्ण प्रशिक्षित सैनिक चाहिए. केंद्र सरकार ने अग्निवीर योजना तीनों सेनाओं को थोपा है. जो बिल्कुल गलत है. उन्होंने केंद्र सरकार से इस योजना में सुधार करने की मांग की है. उनका कहना है कि योजना को लागू करने से पहले सरकार को इस मुद्दे पर गंभीर विचार विमर्श करना करना चाहिये था.

### साहिबगंज

#### मेरा मन अब सेना में जाने का नहीं है, अब कुछ दूसरा सोच रहा हूं : अजय कुमार सिन्हा

रसूलपुर दहला निवासी अजय कुमार सिन्हा का कहना है कि सेना में भर्ती होने के लिए दो साल से तैयारी कर रहा हूं. पर जब से अग्निवीर के लिए केंद्र सरकार क ओर से भर्ती शुरू हुई है. मेरा मन अब सेना में जाने का नहीं है. अब मैं झारखंड पुलिस सेवा में भर्ती होना चाहता हूं. वह कहते हैं कि उनके कई मित्र अग्निवीर सेना के लिए भर्ती हुए हैं. उनके मित्र कहते हैं कि उन्हें अपने भविष्य की चिंता अभी से सता रही है. पता नहीं चार साल बाद क्या होगा. उन्होंने कहा कि सेना में भी अग्निवीर के जवान को अलग नजरिये से देखा जाता है. सरकार को इस तरह की योजना सेना में नहीं लानी चाहिए. उन्होंने कहा की केंद्र सरकार अगर वाकई बेरोजगारों को नौकरी देना चाहती है, तो उसको स्थाई तौर पर बहाली करनी चाहिए. चार साल का समय तो देखते ही देखते निकल जाता है. फिर से अग्निवीर सेना के जवानों को सड़क पर आ जाने की चिंता सता रही है.

#### आधे अधूरे प्रशिक्षण से देश की सेवा कैसे होगी, फिर से विचार हो :सुरेश मरांडी

साहिबगंज महाविधालय के बीए सेमेस्टर 3 के छात्र सुरेश मरांडी का कहना है कि अग्निवीर योजना आदिवासी युवाओं के लिए ठीक नहीं है. उन्होंने कहा कि अग्निवीर सेना में भर्ती के लिए इतने कम समय प्रशिक्षण दिलवाकर नौकरी में भर्ती करना ठीक नहीं है. युवाओं को अच्छा प्रशिक्षण भी नहीं मिल सकेगा. देश की सेवा और देश की सुरक्षा का दायित्व अग्निवीरों के कंधे पर होगी .आधे अधूरे प्रशिक्षण से देश और सीमा की सुरक्षा के लिए युवा पूर्ण रूपेण तैयार नहीं हो सकेंगे . इन सभी बिंदुओं पर पुनर्विचार करते हुए केंद्र सरकार अग्नि वीर की योजना में फिर से निर्णय लेकर स्थाई रूप से युवाओं को नौकरी देना चाहिए.

## महिला पहलवान की पीड़ा

'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का एक ब्रांड अंबेसडर महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सामाजिक प्रतिष्ठा के लिए यदि प्रधानमंत्री को मार्मिक पत्र लिख कर अपने पुरस्कारों की वापसी का एलान करे तो देश को सोचना चाहिए कि कुछ ऐसे तत्व हैं, जो देश के गौरव और गरिमा को वैश्विक नुकसान पहुंचा रहे हैं. सरकार को भी सजग हो जाना चाहिए और इस पत्र की पीड़ा को देश की पीड़ा समझ कर इंसाफ की राह की तमाम बाधाओं को दूर करना चाहिए. कुश्ती में देश का नाम रोशन करने वाली विनेश फोगाट का यह पत्र बताता है कि महिलाओं को किन मुश्किल हालतों से खेल की दुनिया हो या सार्वजनिक जीवन, उसमें गुजरना पड़ा है. मामला सामान्य नहीं है. सत्ता और शक्ति के गठजोड़ का प्रतीक बने इस मामले में विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया ने अपने कैरियर को कुर्बान कर देने तक का साहस जुटाया और महिला सम्मान की रक्षा के प्रतीक बन कर उभरे. नागरिकों को भी यह सोचना चाहिए कि एक ऐसी लड़की, जिसे प्रधानमंत्री ने अपने परिवार का सदस्य बताया था, उसे भी किन खतरों से गुजरना पड़ा है. इससे जाहिर होता है कि सामान्य महिलाओं को जीवन यापन और प्रतिभा प्रदर्शन के लिए किन किन चुनौतियों के दौर से गुजरना पड़ता है. विनेश के पत्र में ऐसा दर्द है, जिसे बयान करने के लिए शब्द चुक जाते हैं. विनेश ने प्रधानमंत्री को लिखा है : साक्षी मलिक ने कुश्ती छोड़ दी है और बजरंग पूनिया ने अपना पद्मश्री लौटा दिया है. देश के लिए ओलंपिक पदक मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को यह सब करने के लिए किस लिए मजबूर होना पड़ा. यह सब सारे देश को पता है और आप तो देश के मुखिया हैं तो आपतक भी यह मामला पहुंचा होगा. प्रधानमंत्री जी, मैं आपके घर की बेटी विनेश फोगाट हूं और पिछले एक साल से जिस हाल में हूं, यह बताने के लिए आपको यह पत्र लिख रही हूं.' विनेश ने साक्षी मलिक और प्रधानमंत्री की मुलाकात को याद करते हुए लिखा कि 'मुझे साल 2016 याद है, जब साक्षी मलिक ओलंपिक में पदक जीतकर आई थी, तो आपकी सरकार ने उन्हें 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' की ब्रांड एम्बेसडर बनाया था. आज जब साक्षी को कुश्ती छोड़नी पड़ी, तबसे मुझे वह साल 2016 बार बार याद आ रहा है. क्या हम महिला खिलाड़ी सरकार के विज्ञापनों पर छपने के लिए ही बनी हैं. हमें उन विज्ञापनों पर छपने में कोई एतराज नहीं है, क्योंकि उसमें लिखे नारे से ऐसा लगता है कि आपकी सरकार बेटियों के उत्थान के लिए गंभीर होकर काम करना चाहती है. मैंने ओलंपिक में मेडल जीतने का सपना देखा था, लेकिन अब यह सपना भी धुंधला पड़ता जा रहा है. बस यही दुआ करूंगी कि आने वाली महिला खिलाड़ियों का यह सपना जरूर पूरा हो. पर हमारी जिंदगियां उन फैंसी विज्ञापनों जैसी बिलकुल नहीं है. हम न्याय के लिए पिछले एक साल से सड़कों पर घिसट रहे हैं. कोई हमारी सुध नहीं ले रहा.'

> 'बस यही दुआ करूंगी कि आने वाली महिला खिलाड़ियों का यह सपना जरूर पूरा हो. पर हमारी जिंदगियां उन फैंसी विज्ञापनों जैसी बिलकुल नहीं है. हम न्याय के लिए पिछले एक साल से सड़कों पर घिसट रहे हैं.'

### सुभाषित

**एकेन अपि सुपुत्रेण सिंही स्वपिति निर्भयम् ।**
**सहैव दशभिः पुत्रैः भारं वहति गर्दभी ।।**


सिंहनी को एक ही संतान है तो भी वह आराम करती है, क्योंकि उसकी संतान उसे भोजन लाकर देती है, परन्तु गधी को दस बच्चे होने पर भी स्वयं भार का वहन करना पडता है. अतः गुणवान आज्ञाकारी संस्कारित ज्ञानी एक ही संतान कुल का नाम रोशन कर देती है, वही अधिक संतान क्लेश विवाद का कारण बन जीवन में अशांति का कारण बन जाती है.

# सवालों के घेरे में संसद की सुरक्षा

**याद कीजिए 19 मई, 1991 की वह शाम, जब राजीव गांधी के साथ ही कितने निर्दोष लोग उस दुर्भाग्यपूर्ण आतंकी हमले में हलाक हो गए थे. आइए, अब समय के साथ पीछे 13 दिसंबर, 2001 को पुराने ससद भवन में लौटते हैं, जब पांच सशस्त्र आतंकवादियों ने दिनदहाड़े चलते संसद सत्र में घुसकर दिल्ली पुलिस के छह जवान, दो संसदीय सुरक्षाकर्मी तथा एक माली की हत्या करके देश में दहशत का माहौल बना दिया था.**



• देश-काल



निशिकांत ठाकुर

वैसे इस मुद्दे पर अब तक बहुत कुछ कहा और लिखा जा चुका है, सबने अपने अपने तरीके से तर्क देकर कुछ ने आरोपियों के प्रति सहानुभूति दिखाई है तो कई ने इसकी आलोचना की है. फिर भी मामले की जांच पुलिस कर ही रही है, इसलिए इस निष्कर्ष पर तत्काल कोई नहीं पहुंच सकता कि आखिर सिलसिलेवार ढंग से घटना कैसे घटित हुई. फिलहाल अब तक जो बात सामने आ सकी है, उसमें यही बताया गया है कि सभी आरोपी शहीदे आजम भगत सिंह फैन ग्रुप से जुड़े थे और बेरोजगार थे. इसलिए कोई ऐसी घटना को अंजाम देना चाहते थे, जिसे देश के दूरदराज में बैठे लोगों तक इनकी आवाज पहुंच सके. खून बहाना या हत्या करना इनका उद्देश्य नहीं था, लेकिन उनका कहना था कि बहरों और तानाशाहों को सुनाने के लिए जिस धमाकों की जरूरत होती है. आज भी देश की वर्तमान तानाशाह सरकार को जोर से सुनाने के लिए धमाके की जरूरत है. यह तो ऐसी बात हुई, जो सार्वजनिक हुई है, लेकिन दिल दहलाने वाली बात तो यह है कि इतनी बड़ी घटना को अंजाम देने वाले जो दो युवा थे, उन्होंने इतनी जबरदस्त सुरक्षा में सेंध कैसे खोद डाली? जिस प्रकार स्मोक बम को छुपाकर संसद भवन ले जाया गया, यह घटना सुरक्षा चूक की उस घटना की याद दिलाती है, जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या की गई थी. जिस प्रकार लिक्विड बम को लेकर भरी सभा में राजीव गांधी की हत्या करने के लिए हत्यारे उनके पास तक पहुंच गए थे, तब भी लगभग ऐसी ही सुरक्षा चूक हुई थी! याद कीजिए 19 मई, 1991 की वह शाम, जब राजीव गांधी के साथ ही कितने निर्दोष लोग उस दुर्भाग्यपूर्ण आतंकी हमले में हलाक हो गए थे.

आइए, अब समय के साथ पीछे 13 दिसंबर, 2001 को पुराने ससद भवन में लौटते हैं, जब पांच सशस्त्र आतंकवादियों ने दिनदहाड़े चलते संसद सत्र में घुसकर दिल्ली पुलिस के छह जवान, दो संसदीय सुरक्षाकर्मी तथा एक माली की हत्या करके देश में दहशत का माहौल बना दिया था. आतंकवादी इतने दुस्साहसी थे कि उन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए देश को दहलाने में कामयाब हो गए थे. यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना उस समय की है, जब प्रधानमंत्री अटलबिहारी बाजपेई थे और पूरा सदन देश की गहन समस्याओं पर चिंतन कर रहा था. संयोग था कि आतंकी हमले के समय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई और विपक्ष की नेता सोनिया गांधी उस समय सदन से बाहर थे. आतंकवादियों के इस अप्रत्याशित हमले से पूरा देश गहरे सदमे में आ गया था. सच तो यह है कि इतनी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए जान की बाजी लगाने का काम कोई एक दिन में सम्पन्न नहीं हुआ होगा. निश्चित रूप से इसके लिए जिस आतंकी संगठन ने बीड़ा उठाया था, उसने इस हमले के लिए एक दिन में सारा काम नहीं किया था. लेकिन, बाद में, यानी दूसरे शब्दों में कहें कि सांप गुजर जाने के बाद जब इसकी जांच की गई, तो सबके होश फाख्ता हो गए.

संसद हमले में मारे गए पांचों आतंकियों की पहचान- हमजा, हैदर उर्फ तुफैल, राणा, रणविजय और मोहम्महद के तौर पर हुई. आतंकी हमले की दिल्ली, पुलिस ने जांच की. दिल्ली पुलिस ने दो दिन बाद 15 दिसंबर, 2001 को जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी और संसद हमले के मास्टरमाइंड अफजल गुरु को पकड़ा. उसके साथ ही एसएआर गिलानी और शौकत हुसैन को गिरफ्तार किया. हमला लश्ककर और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकियों ने किया था. सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के बाद गिलानी और अफशान को बरी कर दिया, जबकि अफजल गुरु की फांसी की सजा बरकरार रखी. शौकत हुसैन की मौत की सजा को घटाकर 10 साल की जेल की सजा दी. 9 फरवरी, 2013 को अफजल गुरु को दिल्ली की तिहाड़ जेल में फांसी पर लटका दिया गया.

1928 में साइमन कमीशन के लाहौर पहुंचने पर उसका घोर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था, जिसका नेतृत्व शेर—ए—पंजाब के नाम से मशहूर लाला लाजपतराय कर रहे थे. विरोध के बीच में ही पुलिस अधिकारी जॉन सैंडर्स के आदेश पर लाठीचार्ज कर दिया गया. कहा जाता है कि लाला लाजपत राय के सीने और सिर पर कई लाठियां बरसाई गईं. वे बुरी तरह से घायल हो गए, फिर एक महीने बाद उनकी मृत्यु हो गई. शेर—ए—पंजाब लाला लाजपत राय की मृत्यु ने आंदोलनकारियों को उद्वेलित कर दिया, जिससे आंदोलन इतना उग्र हो गया कि लाठीचार्ज के आदेश देने वाले अंग्रेज पुलिस अधिकारी जॉन सैंडर्स की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई. दूसरा अंजाम 8 अप्रैल, 1929 को सेंट्रल असेंबली (आज के पुराने संसद भवन) में सरदार भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने बम फेंक कर दिया और नारा लगाया कि 'बहरों को सुनाने को लिए धमाकों की जरूरत होती है.' यह देश के प्रति एक निःस्वार्थ समर्पण था, जज्बा था और कुर्बानी थी. फिर दोनों यदि चाहते, तो भाग सकते थे, लेकिन उन्होंने समर्पण किया और अपनी गिरफ्तारी देकर औपनिवेशिक हुकूमत को अहसास दिलाया कि बहुत हो गई तानाशाही, अब भारत को आजाद करो. 23 मार्च, 1931 को जॉन सैंडर्स की हत्या के आरोप में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को फांसी की सजा दे दी गई. उस समय भगत सिंह की उम्र मात्र 23 वर्ष थी. वह आधुनिक भारतीय इतिहास के स्तंभों और भारतीय स्वाधीनता संघर्ष के महान नायकों में हैं. संसद पर हमले के यह तीनों उदाहरण इसलिए कि संसद भवन आज से ही नहीं, बल्कि औपनिवेशिक शासन काल से ही असुरक्षित रहा है. फिर चाहे कोई कितने ही दावे क्यों न कर ले.

## • बोधि-वृक्ष

सुज्ञ



### स्वर्ण बेदी

बहुत समय पहले की बात है , एक राजा को उपहार में किसी ने बाज के दो बच्चे भेंट किये . वे बड़ी ही अच्छी नस्ल के थे , और राजा ने कभी इससे पहले इतने शानदार बाज नहीं देखे थे. राजा ने उनकी देखभाल के लिए एक अनुभवी आदमी को नियुक्त कर दिया. जब कुछ महीने बीत गए तो राजा ने बाजों को देखने का मन बनाया और उस जगह पहुंच गए जहां उन्हें पाला जा रहा था. राजा ने देखा कि दोनों बाज काफी बड़े हो चुके थे. राजा ने बाजों की देखभाल कर रहे आदमी से कहा, " मैं इनकी उड़ान देखना चाहता हूं, तुम इन्हें उड़ने का इशारा करो." आदमी ने ऐसा ही किया. इशारा मिलते ही दोनों बाज उड़ान भरने लगे, पर जहां एक बाज आसमान की ऊंचाइयों को छू रहा था, वहीं दूसरा कुछ ऊपर जाकर वापस उसी डाल पर आकर बैठ गया, जिससे वह उड़ा था . यह देख राजा को कुछ अजीब लगा "क्या बात है जहां एक बाज इतनी अच्छी उड़ान भर रहा है, वहीं यह दूसरा बाज उड़ना ही नहीं चाह रहा?", राजा ने सवाल किया. "जी हुजूर , इस बाज के साथ शुरू से यही समस्या है, वो इस डाल को छोड़ता ही नहीं." अगले दिन पूरे राज्य में ऐलान करा दिया गया कि जो व्यक्ति इस बाज को ऊंचा उड़ाने में कामयाब होगा उसे ढेरों इनाम दिया जाएगा. एक से एक विद्वान् आये और बाज को उड़ाने का प्रयास करने लगे, पर हफ़्तों बीत जाने के बाद भी बाज का वही हाल था. वह थोडा सा उड़ता और वापस डाल पर आकर बैठ जाता. फिर एक दिन कुछ अनोखा हुआ, राजा ने देखा कि उसके दोनों बाज आसमान में उड़ रहे हैं. उन्हें अपनी आंखों पर यकीन नहीं हुआ और उन्होंने तुरंत उस व्यक्ति का पता लगाने को कहा, जिसने ये कारनामा कर दिखाया था. वह व्यक्ति एक किसान था. अगले दिन वह दरबार में हाजिर हुआ. उसे इनाम में स्वर्ण मुद्राएं भेंट करने के बाद राजा ने कहा, "मैं तुमसे बहुत प्रसन्न हूं , बस तुम इतना बताओ कि जो काम बड़े-बड़े विद्वान नहीं कर पाये वो तुमने कैसे कर दिखाया." "मालिक ! मैं तो एक साधारण सा किसान हूं, मैं ज्ञान की ज्यादा बातें नहीं जानता, मैंने तो बस वो डाल काट दी जिस पर बैठने का आदि हो चुका था, और जब वो डाल ही नहीं रही तो वो भी अपने साथी के साथ ऊपर उड़ने लगा."

# भारत के लोगों की आकांक्षा और चुनौतियां

• सियासत

गिरीश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2016 में अपने आधिकारिक निवास का नाम लोक कल्याण मार्ग (एलकेएम) रखा. नया नाम मोदी की लोकलुभावनवाद और भारत के औपनिवेशिक अतीत को खत्म करने के झुकाव को दर्शाता है. सख्त सुरक्षा चौकी से परे ' 7 एलकेएम' में मोर और आंतरिक आंगन हैं जो फूलों की बड़ी आकर्षक सजावट से सजाये गये हैं. परिसर में ही एक बैठक कक्ष है जिसकी छत पर विश्व मानचित्रों को दर्शाने वाले भित्तिचित्र हैं. कैबिनेट कक्ष में 'प्रस्तावना' के कुछ अंश अंकित हैं. इसी शांत वातावरण से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभाव पर नजर रखते हैं. हालांकि, चिंता यह है कि मोदी स्वयं संविधान के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं. अपनी विशाल डेस्क के पीछे खड़े होकर, मोदी कार्यालय में एक और वर्ष के समापन पर आश्वासन दे रहे हैं.अपनी जनसंख्या चीन से अधिक होने के कारण भारत को अब चीन के लिए एक आशाजनक विकल्प के रूप में देखा जाता है. हर जगह लोग मोदी के अगले पांच साल के कार्यकाल के लिए कमर कस रहे हैं. 73 वर्षीय मोदी 2024 में जीत की दौड़ में सबसे आगे हैं. मोदी आम नागरिकों के जीवन में ठोस सुधार लाने के अपने ट्रैक रिकॉर्ड का हवाला देते हैं. मोदी शासन के पिछले एक दशक में भारतीय लोगों की इच्छाओं में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है. क्रीम कुर्ता और जंग रंग की स्लीवलेस जैकेट पहने हुए मोदी बेहद साफ-सुथरे दिखते हैं. उन्होंने जोर देकर कहा कि भारतीयों को पता है कि भारत बड़ी सफलताओं के कगार पर है और वे जानते हैं कि जो प्रगति वे देख रहे हैं, वह भाजपा के कारण है. भाजपा की हालिया विधानसभा चुनावों में जीत के बाद, फाइनेंशियल टाइम्स ने मोदी का साक्षात्कार लिया और पाया कि मोदी के लिए, पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव 2024 के आम चुनावों का पूर्वाभ्यास था जब 94 करोड़ से अधिक मतदाता चुनाव में भाग लेंगे. यदि मोदी लगातार तीसरा कार्यकाल हासिल करते हैं, तो यह उनके कई वफादार अनुयायियों के लिए उनका अनुमोदन होगा, जिनके अनुसार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत की अर्थव्यवस्था फली-फूली है, इसकी अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा बढ़ी है और लाखों लोगों के जीवन में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं. फाइनेंशियल टाइम्स को दिये अपने साक्षात्कार में मोदी ने भारत में मुस्लिम अल्पसंख्यक, अमेरिका और कनाडा के साथ तनाव और संविधान में बदलाव सहित विभिन्न सवालों के जवाब दिये. उन्होंने अपनी सरकार के आर्थिक और लोकतांत्रिक प्रदर्शन को लेकर आलोचनाओं को खारिज कर दिया. मोदी और उनके समर्थकों का मानना है कि भारत के लोकतंत्र के बारे में चिंताएं निराधार हैं और भारत जो प्रगति कर रहा है, वह उनकी दृष्टि से ओझल है. मोदी इस बात से सहमत हैं कि आलोचकों को अपनी राय और चिंताओं को व्यक्त करने का अधिकार है, लेकिन आरोपों के साथ बुनियादी समस्या यह है कि वे भारत के लोगों, मतदाताओं की बुनियादी बुद्धि पर सवाल उठाते हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अपनी दोस्ती को मजबूत किया और मोदी ने राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ भी अपने रिश्ते को मजबूत किया. मोदी ने भारत की लचीली और अनुकूलनीय विदेश नीति पर प्रकाश डालते हुए दुनिया के परस्पर जुड़ाव और परस्पर निर्भरता की बात की. मोदी ने इज़राइल-हमास संघर्ष पर चर्चा करने से परहेज किया और बेंजामिन नेतान्याहू सरकार की आलोचना करने से परहेज किया. उन्होंने गाजा को भारत की मानवीय सहायता का उल्लेख किया और दो-राज्य के सिद्धांत पर समाधान के लिए भारत के समर्थन को दोहराया. उन्होंने कहा, 'मैं क्षेत्रीय नेताओं के संपर्क में रहता हूं और अगर शांति प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए भारत कुछ भी कर सकता है, तो हम ख़ुशी से ऐसा करेंगे.'

एक उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति के रूप में भारत की अवधारणा नयी नहीं है, खासकर दुनिया के सबसे बड़े विकासशील देश के लिए. हालांकि, हाल ही में इस विचार के जोर पकड़ने का एक कारण मोदी और उनका 5 खरब डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य है. मोदी 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र में बदलने की बात करते नहीं थकते. हालांकि, इसके लिए मौजूदा 6-7फीसदी प्रति वर्ष की तुलना में काफी अधिक तेज़ विकास दर की आवश्यकता होगी.

> 73 वर्षीय मोदी 2024 में जीत की दौड़ में सबसे आगे हैं. मोदी आम नागरिकों के जीवन में ठोस सुधार लाने के अपने ट्रैक रिकॉर्ड का हवाला देते हैं. मोदी शासन के पिछले एक दशक में भारतीय लोगों की इच्छाओं में महत्वपूर्ण परिवर्तन आया है. क्रीम कुर्ता और जंग रंग की स्लीवलेस जैकेट पहने हुए मोदी बेहद साफ-सुथरे दिखते हैं.

# विकास : कितना हकीकत कितना फसाना

• सामयिकी

सुरेश सेठ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत के संकल्प के लिए जागरण, उद्यम और मेहनत के महत्व को बताया है. यह भी कि कर्तव्य पथ पर निरंतर चलने के बाद ही एक-चौथाई सदी के बाद देश विकसित हो सकेगा. अब अपनी इस सोच को बदलना होगा कि हम सदियों से अल्पविकसित देश हैं या पौन सदी से विकासशील हैं. बल्कि यह मानिए कि हम विकसित हैं और भविष्य में और विकसित होंगे. जब विकसित भारत की भावना लोगों के मन में आ जाएगी और उन्हें उनके लिये बनायी सभी योजनाओं की जानकारी मिल जाएगी तो वे भी संकल्प करेंगे कि राष्ट्र निर्माण के लिए वे भी अपना योगदान दें. यह वह समय है जब हमने आज़ादी का अमृत महोत्सव मना लिया. अब वह समय आ गया है, जब हम कर्तव्य पथ पर निरंतर चलते रहें. उस मूलभूत आर्थिक ढांचे की सहायता से चलें, जिसकी स्थापना अब हमारे बजटों का लक्ष्य है. आंकड़े गवाही देते हैं कि कोर उद्योगों में हमें गति प्राप्त हो रही है.

देश में विनिर्माण की ओर भी जड़ें गहरी हो रही हैं. अब तो खेतीबाड़ी के विकास के लिए भी सहकारिता को एक अलग उद्योग के रूप में स्थापित कर दिया गया है. फिर अब नहीं तो कब अपनाएंगे उस विकसित भारत संकल्प यात्रा को, जो 2047 में खत्म होनी है. प्रधानमंत्री ने कहा है कि हमने पिछले दस वर्षों में विश्वभर में दसवीं आर्थिक शक्ति से तरक्की करके पांचवीं आर्थिक शक्ति का मुकाम हासिल कर लिया. वह वादा करते हैं कि अपनी तीसरी शासन पारी में वह देश को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बना देंगे. इस दिशा में केवल संकल्प ही नहीं, कुछ नये कदम भी उठाए जा रहे हैं. इसके लिए एक देश एक कर अर्थात् जीएसटी का सफलतापूर्वक लागू होना, अपने पहले लक्ष्य एक लाख करोड़ को पार करके 1.60 लाख करोड़ तक पहुंच जाना और उसके करदाताओं की संख्या का बढ़कर 1.40 करोड़ हो जाना. यही नहीं, आत्मनिर्भरता का आह्वान भी हमें सफल होता नजर आ रहा है. भारत ने दुनिया के अन्य देशों के मुकाबले आगे बढ़कर कोरोना की लहरों का मुकाबला किया. उसके द्वारा ईजाद किए गए टीके आज दुनिया के छोटे-बड़े देशों में निर्यात हो रहे हैं.

नई शिक्षा नीति आ गई है. यह जितनी रोजगारपरक होगी, उतना ही नौजवानों का पलायन अपने देश से दूसरे देशों की ओर रुक जाएगा, लेकिन इस उम्मीद भरे वातावरण में आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने इस रास्ते में खड़े हो सकने वाले अवरोधों और कमजोरियों का संज्ञान लेने की ताकीद की है. उनका कहना है कि अगर देश की विकास दर सालाना औसतन 6 फीसदी ही रहती है तो देश 2047 तक भी विकसित अर्थव्यवस्था नहीं बल्कि मध्यम आय वाला देश ही बना रहेगा, क्योंकि भारत की कराधान नीति ऐसी है और भारत में निजी क्षेत्र को सार्वजनिक क्षेत्र के मुकाबले इस प्रकार वरीयता दी जा रही है कि भारत की इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य और लक्ष्य अवरोधित होने लगते हैं.रघुराम राजन ने तो यह भी कहा कि यही हाल रहा तो 2047 तक आज जो युवा देश की युवा शक्ति का लाभ देश को प्राप्त हो रहा है, वह भी खत्म हो जाएगा. हम अमीर होने से पहले ही वृद्ध हो जाएंगे. देश पर बड़ी उम्र की आबादी का बोझ बढ़ रहा है. औसत आयु बढ़ने के साथ-साथ यह देश भी अपने पड़ोसी देशों चीन और जापान की तरह एक वृद्ध देश बन जाएगा, जिससे इसको सस्ती श्रम लागत से मिलने वाले लाभ भी खत्म होते जाएंगे. आज भी यह हाल है कि वर्तमान विकास दर अगर 7 प्रतिशत तक चली जाए, तो भी श्रम की भागीदारी इसमें काफी कम है. देश डिजिटल हो रहा है. स्वचालित मशीनों का युग है, जहां शारीरिक श्रम की आवश्यकता कम है. भारत में महिलाओं की भागीदारी अन्य देशों के मुकाबले कम है. जहां तक युवा शक्ति का संबंध है, उनके लिए कोई उचित कार्य या उद्यम नीति तो सामने आ नहीं रही और उन्हें सरल रास्ता यही लगता है कि वे देश छोड़ डॉलर और पौंड देशों की ओर पलायन कर जाएं. महिला कामगारों की उपेक्षा आदि कुछ ऐसे कारण हैं जो विकसित होने की इस संकल्प यात्रा की रुकावट बन सकते हैं. महिला श्रम शक्ति ऐसी शक्ति है जिसके उचित इस्तेमाल की नीति तत्काल सामने आनी चाहिए.

> जब विकसित भारत की भावना लोगों के मन में आ जाएगी और उन्हें उनके लिये बनायी सभी योजनाओं की जानकारी मिल जाएगी तो वे भी संकल्प करेंगे कि राष्ट्र निर्माण के लिए वे भी अपना योगदान दें. यह वह समय है जब हमने आज़ादी का अमृत महोत्सव मना लिया. अब वह समय आ गया है, जब हम कर्तव्य पथ पर निरंतर चलते रहें.

## मीडिया में अन्यत्र

# समुद्री व्यापार पर बड़ा संकट

**इजराइल** व हमास के बीच जारी युद्ध की तपिश अब लाल सागर समेत अन्य अंतरराष्ट्रीय नौवहन मार्गों को अपनी चपेट में ले रही है. हाल के दिनों में हमारी समुद्री सीमा के निकट अरब सागर तथा लाल सागर में उन जहाजों को निशाना बनाया गया, जो भारत आ रहे थे. ये जहाज भारत के स्वामित्व वाले तो नहीं थे, लेकिन उनका संचालन भारतीयों के हाथ में था. यमन के हूती विद्रोही पिछले कुछ समय से लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों पर ड्रोन व मिसाइलों से लगातार हमले कर रहे हैं. खासकर उन जहाजों पर जिनको लेकर उन्हें शक है कि वे किसी न किसी रूप में इजराइल से संबंध रखते हैं. निस्संदेह, इन हमलों से समुद्री व्यापार पर घातक प्रभाव पड़ रहा है. साथ ही इजराइल व हमास के बीच जारी संघर्ष के अंतरराष्ट्रीय रूप लेने की आशंका है. इस घटनाक्रम के बाद अमेरिका ने लाल सागर में जहाजों को सुरक्षा देने के लिये एक अंतरराष्ट्रीय टास्क फोर्स बनायी है. हालांकि, अरब देशों ने इजराइल को मदद पहुंचने की चिंता में इस टास्क फोर्स में कोई रुचि नहीं दिखायी है. यूं तो कई अरब देशों को इन हमलों का शिकार होना पड़ रहा है. लेकिन उन्हें लग रहा है कि इस टास्क फोर्स से गाजा में लड़ाई लड़ रहे इजराइल को फायदा पहुंच सकता है. अरब देशों में केवल बहरीन खुलकर टास्क फोर्स के साथ खड़ा नजर आ रहा है. वहीं दूसरी ओर अमेरिकी रक्षा विभाग का कहना है कि गुजरात के पास अरब सागर में चेम प्लूटो नामक टैंकर पर हुए हमले में ईरान से छोड़े गए ड्रोन का प्रयोग हुआ है. दरअसल, सऊदी अरब से चले इस टैंकर को भारत के न्यू मैंगलोर बंदरगाह पर पहुंचना था. सात अक्तूबर को इजराइल पर हुए हमास के हमले के बाद हुई जवाबी कार्रवाई के बाद क्षेत्र में जो तनाव बढ़ा है, उसका असर इस समुद्री मार्ग पर होने वाले हमलों के रूप में हुआ है. उसके बाद ईरान समर्थित हूती विद्रोही अंतरराष्ट्रीय सीमा में जहाजों को निशाना बना रहे हैं. दरअसल, चिंता की बात यह है कि गुजरात तट तथा लाल सागर में जिन समुद्री जहाजों को हमले का शिकार होना पड़ा, उन दोनों में चालक दल के सदस्य भारतीय थे. चिंता की बात यह है कि समुद्री मार्गों पर हूती विद्रोहियों द्वारा जहाजों पर मिसाइलें दागी जा रही हैं.



(द ट्रिब्यून)

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### मुरीद/मुराद

**एक** सुप्रसिद्ध हिंदी दैनिक में एक समाचार का शीर्षक इस प्रकार था- शिवराज के मुरीद हुए मुराद, मोदी पर साधा निशाना. इस शीर्षक में किसी प्रकार का दोष नहीं है, बल्कि यह आकर्षक है. इसके उल्लेख का कारण इसमें प्रयुक्त मुरीद और मुराद शब्दों का प्रयोग है. शीर्षक में प्रयुक्त मुरीद शब्द अपने असली अर्थ में है, लेकिन मुराद का अर्थ फिल्मी अभिनेता रजा मुराद से है. खैर, ये दोनों शब्द अरबी मूल के हैं. जहां मुराद संज्ञा स्त्रीलिंग है, वहीं मुरीद संज्ञा पुल्लिंग. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार मुराद का मतलब है इच्छा, अभिलाषा, आकांक्षा, मनौती, मन्नत. बहुत दिनों से मन में बनी रहनेवाली अभिलाषा. रेख्ता उर्दू-हिंदी शब्दकोश में इसका मतलब और बताया गया है, जैसे बहुत दिनों से मन में बनी रहनेवाली अभिलाषा, कामना, आशय, उद्देश्य, मकसद शब्द सागर ने भी मुराद का मतलब कुछ ऐसा ही बताया है. किसी शायर ने कहा है-भटकते भटकते चले जा रहे हैं, कहीं तो खिलेंगी मुरादों की कलियां. जब इसका क्रिया के साथ प्रयोग होता है तो बनता है मुरादें पूरी होंगी. इससे बना मुहावरा है मुराद पाना मतलब मन की चाही हुई चीज पा लेना, मन की चाही हुई बात पूरी हो जाना. संक्षेप में कहा जा सकता है कि मुराद वह मनोवृत्ति है, जो किसी बात या वस्तु की प्राप्ति की ओर ध्यान ले जाती है. यह भी विचारणीय है कि एक व्यक्ति सैंकड़ों मुरादें पाल सकता है, लेकिन कोई व्यक्ति ऐसा नहीं है, जिसकी सभी मुरादें पूरी हों. दूसरा विचारणीय शब्द मुरीद है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार मुरीद का मतलब है चेला, शिष्य, अनुगमन करनेवाला व्यक्ति, श्रद्धा रखनेवाला व्यक्ति, अनुयायी. यदि आप किसी को मुरीद बनाने की सोच रहे हैं तो यह महत्वपूर्ण है कि आप उनके स्वास्थ्य, स्वतंत्रता और सामाजिक सामर्थ्य का सम्मान करें और किसी को अपने मार्ग पर मजबूर नहीं करें.

# कहिए बंधुवर, क्या हाल-चाल हैं?

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश



आमतौर पर लोग नमस्ते के स्थान पर "क्या हाल-चाल हैं"- शब्द का प्रयोग करते हैं. उनका अभिप्राय नमस्ते ही होता है. वह हाल-चाल पूछने के लिए हाल-चाल नहीं पूछते हैं. कई बार नमस्ते करने के बाद बातचीत को आगे बढ़ाने की दृष्टि से लोग अक्सर कह देते हैं -"और क्या हाल-चाल हैं ". इसका अभिप्राय भी किसी का हाल-चाल पूछना नहीं होता. यह एक तरह से नमस्ते के कार्यक्रम को लंबा खींचना कहा जा सकता है. एक बार हमारे पास दूसरे शहर से एक साहित्यकार का फोन आया. नमस्ते के उपरांत प्रश्न था "और क्या हाल-चाल हैं?" हमने सीधेपन में उन्हें बता दिया "हमारी तबीयत खराब है. अभी तो हम एक महीने से बीमार हैं. एक महीना और बीमार रहेंगे." फिर टेलीफोनकर्ता हमारा हाल-चाल ही पूछते रहे और हम उन्हें केवल अपना हाल-चाल बताते रहे. उसके बाद उन्होंने अंत में यह कहकर टेलीफोन रख दिया-" ईश्वर करे आपका हाल-चाल ठीक हो जाए." जब वार्तालाप समाप्त हो गया, तब हमारी समझ में आया कि इन सज्जन ने हमारा हाल-चाल पूछने के लिए टेलीफोन नहीं किया था. बाद में पता चला कि पड़ोसी शहर की एक संस्था हमें सम्मानित करना चाहती थी, जिसकी सूचना देने का दायित्व टेलीफोनकर्ता के ऊपर सौंपा गया था. लेकिन उन्होंने हमारे हाल-चाल को सुनकर अपने शहर का हाल-चाल कुछ बताया ही नहीं. इस तरह एक अदद सम्मान हाल-चाल पूछने और बताने के चक्कर में हमारे हाथ से निकल गया. दरअसल हमें पूछना चाहिए था कि "नमस्ते! बताइए कैसे याद किया ?" अपना हाल-चाल बाद को बताना चाहिए. जब सारी बातें हो जाएं तब आप अपना हाल-चाल बताने के लिए स्वतंत्र हैं. उसमें कभी भी घाटा नहीं होगा. उसके बाद से हमने कसम खा ली कि अगर कोई व्यक्ति टेलीफोन पर हमसे कहेगा कि क्या हाल-चाल है, तो हम उत्तर में केवल नमस्ते कहेंगे. एक बार हमने सड़क पर चलते-चलते एक दुकानदार से पूछ लिया -"बंधुवर क्या हाल-चाल हैं?" तेजी से जा रहे हमको उन दुकानदार बंधु ने तत्काल रोक लिया. कहने लगे -"हाल-चाल बहुत खराब हैं." फिर विस्तार से अपना हाल-चाल बताने लगा. बीमारी गंभीर थी. पृष्ठभूमि के साथ दुकानदार ने अपनी बीमारी के बारे में बुनियादी बातों से बताना शुरू किया. पृष्ठभूमि बताने में ही दस मिनट लग गए. फिर जांच बताने का नंबर आया. हम अब तक परेशान हो चुके थे. आधे घंटे में जब हाल-चाल पूरा हुआ, तब हमने कसम खाई कि अब भविष्य में कभी किसी से हाल-चाल नहीं पूछेंगे.

# लाइफ लाइन

सेलेब्स डाइट सीक्रेट : नयनतारा

## नारियल पानी से करती हैं प्यार



**नयनतारा एक अरसे से फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रही हैं लेकिन बॉलीवुड में उनकी पहचान अभी बनी है. उनकी फिटनेस और ब्यूटी को देखकर कोई कह नहीं सकता कि वे 38 साल की और दो बच्चों की मां हैं. इसमें कोई शक नहीं है कि उम्र की इस दहलीज पर नयनतारा अपने से कम उम्र की लड़कियों को कड़ी टक्कर देने की क्षमता रखती हैं. आइए जानते है कि उनके फिटनेस का क्या राज है ........**

नयनतारा अपनी फिटनेस पर खास ध्यान देती हैं और इसके लिए रोजाना जिम में वेट ट्रेनिंग और वर्कआउट करती हैं. वेट मेंटेन रखने या कम करने के लिए क्रैश डाइट फॉलो नहीं करती हैं. वे फिट रहने के लिए सभी तरह के हेल्दी फूड्स खाती हैं. उनकी डाइट बैलेंस्ड होती है जिसमें फल, सब्जियां, मीट और अंडे शामिल होते हैं.

उन्हें नारियल पानी बेहद पसंद है और उनकी ब्यूटी इस बात की गवाह है. नयनतारा के मॉर्निंग रूटीन में नारियल पानी के साथ नारियल स्मूदी जरूर शामिल होते हैं. नारियल पानी में विभिन्न पोषक तत्व पाए जाते हैं और इसमें बहुत कम कैलोरी होती है. जो वजन कंट्रोल रखने वालों के लिए यह बेस्ट ऑप्शन है. वजन कम करने में उनकी एक और आदत सहयोगी है. उन्होंने कड़ाई से रिफाइंड शुगर यानी सफेद चीनी से दूरी बनाकर रखती हैं.

**हाइड्रेट रहना भी जरूरी :** हेल्दी एंड फिट रहने और शरीर के बेहतर कामकाज के लिए बॉडी को हाइड्रेट रखना जरूरी होता है. इसके लिए नयनतारा सिर्फ नारियल पानी ही नहीं बल्कि अपनी डाइट में फ्रूट जूस और सूप आदि भी शामिल करती हैं.

**योग :** योग करने से न केवल फिजिकल हेल्थ बल्कि मेंटल हेल्थ को भी बढ़ावा मिलता है. नयनतारा नियमित रूप से योग करती हैं. कई ऐसे योगासन हैं, जो वजन कंट्रोल करने के साथ-साथ कई बीमारियों से बचाने में सहायक होते हैं.



**डॉ दीपक चंद्रा प्रकाश**
फिजीशियन व गहन रोग विशेषज्ञ मेडिका, रांची

***भारत में कोरोना ने एक बार फिर दस्तक दी है. वर्तमान में इसके साढ़े तीन हजार से अधिक एक्टिव केस हैं. नए वेरिएंट जेएन-1 का तेजी से बढ़ता प्रसार और इससे हो रही मौतों की खबर चिंता उत्पन्न कर रही है. कितना खतरनाक है है वेरिएंट, क्या हैं इसके लक्षण और कैसे करें इससे बचाव, आइए, इस पर डालें एक नजर.***



### यहां मिले मामले

ओमिक्रॉन सब-वैरिएंट से आया जेएन.1 सबसे पहले लक्जमबर्ग में मिला था. अमेरिका, ब्रिटेन, आइसलैंड, स्पेन, पुर्तगाल, नीदरलैंड और हाल ही में चीन सहित अलग-अलग देशों में इसकी मौजूदगी मिली है. अब इस सूची में भारत का नाम भी जुड़ गया है. भारत में जेएन.1 का पहला मामला 8 दिसंबर को सामने आया था जब केरल में 79 साल की एक बुजुर्ग महिला इससे संक्रमित हुई थीं.

# कितना खतरनाक जेएन-1!

### बरतिए सावधानी

**मास्क पहनिए**

मास्क पहनना भीड़ भाड़, ट्रेन, बस, शादी-समारोह जैसी जगहों के लिए एक बेहतर विकल्प है. खासकर बुजुर्ग, गर्भवती महिलाओं और कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचना चाहिए. यदि जाते भी हैं तो मास्क अवश्य पहनें. श्वसन संबंधी संक्रमण, सर्दी और खांसी वाले लोग भी भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क पहनें.

**सामाजिक दूरी का पालन करें**

कोविड के मामले जब सामने आते दिखे तो बेहतर है कि हम सामाजिक दूरी का पालन करें. दूसरों से कम से कम 2 मीटर की सामाजिक दूरी बनाएं. बहुत जरूरी हो तभी भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाएं. यथा संभव मार्केट, गैदरिंग में शामिल होने से बचें.

**हाईजीन का ख्याल**

समय-समय पर साबुन से अपने हाथ धोएं. किसी भी चीज को छूने के बाद सैनिटाइजर का इस्तेमाल करें. संभव हो तो सार्वजनिक इस्तेमाल की चीजें छूने/उपयोग करने से बचें. इससे आपको वायरस से बचने में मदद मिलेगी.

**आइसोलेशन**



अगर सर्दी-खांसी, जुकाम, बुखार जैसे लक्षण हों तो कोविड काल की तरह आइसोलेशन का नियम अपनाएं तो इसके फैलाव से बचा जा सकता है. अगर घर में किसी में लक्षण हो तो उन्हें एक खुले-हवादार कमरे में आइसोलेट कर दें. इस दौरान बर्तन-कपड़े सब अलग रख दें.

**हेल्दी लाइफस्टाइल**

हेल्दी लाइफ स्टाइल अपनाएं. भोजन में प्रोटीन व अन्य पौष्टिक तत्वों को अधिक शामिल करें. बाहर का और जंक फूड खाने की बजाय घर का खाना खाएं.

## स्पाइक प्रोटीन बनाता अधिक संक्रामक

इसका सोर्स पिरोला वैरायटी बीए.2.86 है. इसमें स्पाइक प्रोटीन आल्टरेशन हैं जिसकी वजह से इसे अधिक संक्रामक माना जाता है. स्पाइक प्रोटीन वायरस का वह हिस्सा होता जो इसे मानव कोशिकाओं पर आक्रमण करने की इजाजत देता है. हालांकि अब तक केस पर नजर डालें तो इसके संक्रमण के चपेट में आए लोगों में से 90% से अधिक घर पर ही उपचार से सही हो गए हैं. उनके अस्पताल में भर्ती होने की नौबत नहीं आई. जिन मरीजों को भर्ती कराया गया, वे 60 साल से अधिक उम्र के और कई तरह की गंभीर बीमारियों से ग्रस्त थे.

### पहचानिए लक्षण


सर्दी, जुकाम, बहती नाक, गला खराब होना, सिरदर्द, गले में खराश, खांसी जैसे लक्षण सामान्य हैं. तेज बुखार भी प्राथमिक लक्षण में है. अत्यधिक थकान होना और मांसपेशियों में कमजोरी महसूस जैसे लक्षण हो सकते हैं. कुछ मामलों में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल व स्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं भी दिख सकती हैं. कुछ मामलों में लोगों को पेट खराब होने और सांस फूलने की शिकायत भी हो सकती है. अगर इस तरह दो दिन से अधिक समय तक बने रहें तो ही कोविड टेस्ट जरूर कराएं. डब्ल्यूएचओ की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने संक्रमण में बढ़ोतरी के नए दौर पर मीडिया से बातचीत के क्रम में चेतावनी दी कि कोरोना को सामान्य सर्दी के रूप में नहीं लिया जाए. उन्होंने कहा कि अगर गंभीर रूप से बीमार हैं और लंबे समय तक प्रभाव देखे जा रहे हैं, तो इसे सामान्य सर्दी जुकाम न समझें.

## जेएन.1 पर मौजूदा वैक्सीन कितनी असरदार?


स्पाइक प्रोटीन को टारगेट करने वाली वैक्सीन जेएन.1 वैरिएंट के खिलाफ भी प्रभावी रहने की उम्मीद जाहिर की जा रही है. दूसरे शब्दों में कहें तो जो वैक्सीन भारत की ज्यादातर आबादी ने ली है, जेएन.1 वैरिएंट के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करेगी. इसी कारण कहा जा रहा है कि इस वेरिएंट से घबराने की बहुत जरूरत नहीं है. बावजूद इसके एहतियात के तौर पर स्थितियों पर नजर जरूर रखना होगा.

### ये बरतें अधिक सावधानी

जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक और कोई क्रॉनिक बीमारी है उन्हें सावधानी बरतने की जरूरत है. इसके अलावा बच्चे और गर्भवती महिलाएं भी ध्यान रखें.



दरअसल इन सभी की रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता थोड़ी कम होती है. ऐसे में इनमें संक्रमण की आशंका ज्यादा रहती है.



दादी मां के नुस्खे

## एक आंवला भगाएगा कई रोग



आंवला को आयुर्वेद में अमृतफल या धात्रीफल कहा गया है. वैदिक काल से ही आंवला का प्रयोग औषधि के रूप में किया जा रहा है. कई समस्याओं का समाधान आंवला से संभव है. बाल बेजान और रूखे-सूखे हो जाते हैं तब आंवला का पेस्ट लगाने पर रूखे बाल काले, घने और चमकदार नजर आने लगाते हैं. आंवला वह औषधि है, जो शरीर के दोष को मल के द्वारा बाहर निकालने में मदद करता है.

आंवला का रस मुल्तानी मिट्टी में मिक्स करना के भी सिर पर लगाया जा सकता है. जिन लोगों को ज्वाइंट्स में दर्द की समस्या रहती है वे आंवला का रस गाजर आदि के रस में मिला कर लें या फिर चटनी का सेवन करें या सब्जी आदि में आंवला डाल कर खाएं. आंवला में कैरोटीन पाया जाता है जो आंखों की रोशनी बढ़ाने का काम करता है. यह पाचन भी दुरुस्त करता है.

## सुरक्षित नहीं है स्क्रीन पर टिकी नजर

कभी मोबाइल, कभी लैपटॉप, कभी टीवी तो कभी डेस्कटॉप...स्क्रीन ने हमें इन दिनों कम ही फुर्सत मिल पाती है. हमारा काम और आराम दोनों इसी के हवाले है. रात में जब सोने के लिए बेड पर लाइट ऑफ कर जाते हैं तब भी हाथ से मोबाइल नहीं छूटता. अपने काम के कारण कंप्यूटर पर ड्यूटी के आठ घंटे गंवाने के बाद फुर्सत में रील्स, सोशल साइट्स या नेटफ्लिक्स देखने की आदत हमें इन दिनों स्मार्टफोन विजन सिंड्रोम का शिकार बना रही है.



**क्या है स्मार्टफोन विजन सिंड्रोम**

स्मार्टफोन विजन सिंड्रोम दरअसल आंखों की दृष्टि से संबंधित समस्या है. इसके प्रमुख लक्षणों में आंखों में किरकिरी होना, आंखों का लाल होना, आंखों से पानी जाना, सिरदर्द आदि शामिल है. विजन में स्पॉट्स, जिग-जैग लाइनें, किसी चीज पर फोकस कर पाने में परेशानी हो या ऊपर बताई गई शारीरिक समस्याएं हो तो संभव है कि आप स्मार्टफोन विजन सिंड्रोम से पीड़ित हो गए हों. ऐसे में तुरंत डॉक्टर से संपर्क किया जाना चाहिए.


**क्यों होता है यह रोग**

रेटिना में एक छोटा लेकिन बेहद महत्त्वपूर्ण भाग होता है मैक्युला. यह हिस्सा हमें दूर की वस्तुओं और रंगों को देखने में सहायता करता है. इंफ्रा रेड और अल्ट्रा वॉयलेट किरणों का इस पर बुरा असर पड़ सकता है. इसकी वजह से आखों की रोशनी प्रभावित होती है. इन दिनों हम एसी कमरों में रहते हैं, यह भी आंखों की ड्राइनेस का मुख्य कारण है. बीम लाइट में काम करने की वजह से भी ऐसा होता है. मोबाइल देखते समय हम कई बार आंखों की पलक झपकाना तक भूल जाते हैं. पलक झपकाने से हमारे टीयर ग्लैंड्स भी एक्टिव रहते हैं और बेहतर काम करते हैं. इससे आंखों में ड्राइनेस की समस्या नहीं होती है.

**बरतें सावधानी**

स्क्रीन टाइम को कम करने की कोशिश करें. लैपटॉप-डेस्कटॉप पर काम करें या मोबाइल पर सोशल साइट्स देखें, ध्यान रखें कि वहां की रोशनी पर्याप्त हो. फोन या लैपटॉप/ डेस्कटॉप का नॉर्मल ब्राइटनेस का इस्तेमाल करें. स्क्रीन से हर बीस मिनट के बाद 20 सेकेंड के लिए नजर हटाएं. पलकें झपकाते रहें. स्मार्टफोन पर टेक्स्ट का साइज ऐसा हो जिसमें आंखों पर अधिक दवाब नहीं पड़े. यह न तो अधिक बड़ा हो और न अधिक छोटा. अगर टेक्स्ट साइज ठीक नहीं है तो आप सेटिंग्स में जाकर इसे आसानी से बदल सकते हैं.

## बिगड़े मूड से उबारेंगे ये फूड



**मूड स्विंग की समस्या आम है. महिलाओं को ज्यादातर पीरियड के पहले या दौरान रूब-ब-रू होना पड़ता है. वैसे भी परिस्थितिवश हम सब कभी न कभी बेहद उदास हो जाते हैं तो कभी बेहद आक्रोशित. बिगड़े मूड से उबारने में कई बार फूड भी कारगर होते हैं. डिप्रेशन या उदासी के दौर में पैकेटबंद चिंप्स टूंगना या चॉकलेट, कोक आदि का सेवन करना जैसे विकल्प सबसे अधिक अपनाए जाते हैं. पर इसे हेल्दी विकल्प नहीं कहा जाता सकता. चॉकलेट, आइसक्रीम कोक आदि में मौजूद शक्कर जितनी जल्दी खुशी का अहसास दिलाती है, उतनी ही जल्दी ऊर्जा के स्तर को गिरा भी देती है. इसी तरह चिप्स से वजन बढ़ने, एसिडिटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं. आइए आज हम कुछ हेल्दी मूड बूस्टर फूड की करें चर्चा...**

- **केला**

केला न केवल एनर्जी बूस्टर है, बल्कि तनाव, बेचैनी, अवसाद को भी दूर भगाता है. इसमें मौजूद पोटैशियम दिल की धड़कनों को भी नियंत्रित करता है.

- **अखरोट**

ओमेगा-3 से भरपूर अखरोट के सेवन से डिप्रेशन के लक्षणों में सुधार देखा जाता है. ओमेगा 3 फैटी एसिड्स मस्तिष्क के लिए जरूरी वसा है, लेकिन यह हमारे शरीर में अपने आप नहीं बन सकता इसलिए इसे खाने के जरिए लेना जरूरी हो जाता है.

- **अंडे**

अंडे में एमिनो एसिड ट्रिप्टोफैन होता है जो सेरोटोनिन के उत्पादन के लिए जरूरी है. सेरोटोनिन आपके मस्तिष्क में एक न्यूरोट्रांसमीटर है जो आपको खुश रखता है. रोजाना अंडे खाने से वास्तव में आपके मूड को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है.

- **बादाम**

बादाम खाने से भी आपके मूड को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है. बादाम मैग्नीशियम का एक अच्छा स्रोत है और इन्हें खाने से आपको ऊर्जा मिलेगी.यह एक बढ़िया मूड बूस्टर है.

- **मशरूम**

कैल्शियम, प्रोटीन और विटामिन डी से भरपूर मशरूम का सेवन उदास लम्हों में चमत्कारी असर दिलाता है. इससे उदासी सिरदर्द और बेचैनी दूर होती है.

- **काबुली चना**

प्रोटीन, विटामिन बी 6 आदि पोषक तत्वों से यह भरपूर है. यादाश्त बढ़ाने में इसे मददगार माना जाता है.

- **ब्राउन राइस**

शरीर में फील गुड हार्मोन का स्तर बढ़ाने में कार्ब्स भी मददगार हैं. फील गुड हार्मोन बढ़ाने के लिए सामान्य कार्ब्स का कम और जटिल कार्ब्स का सेवन ज्यादा करें. जटिल कार्ब्स में ब्राउस राइस, होल ग्रेन ब्रेड्स, होल ग्रेन पास्ता आदि आते हैं.

- **तीसी**



कई रिसर्च में देखा गया है कि जिन लोगों में डिप्रेशन, एंग्जाइटी के लक्षण वाले लोगों में ओमेगा थ्री फैटी एसिड की कमी होती है. बिहार-झारखंड में सहजता से उपलब्ध तीसी के तेल और बीज में ओमेगा 3 फैटी एसिड भरपूर मात्रा में होता है. तीसी के बीज को अपने यहां कई तरीके से सेवन की परंपरा रही है. तीसी की चटनी, या गुड़ वाले लड्डू आदि का सेवन किया जा सकता है.

- **मछली**



मछली में ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी एसिड भरपूर पाए जाते हैं, जो मस्तिष्क के स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं. साथ ही स्ट्रेस, डिप्रेशन जैसी मानसिक समस्याओं से निपटने में मदद करते हैं. प्रतिदिन सीमित मात्रा में इनका सेवन मूड हेल्दी और हैप्पी बना रहेगा.

## पालक ही नहीं, इनसे भी मिलेगा भरपूर आयरन



**डॉ मनीषा घई**
सीनियर डायटीशियन

**आयरन हिमोग्लोबीन के निर्माण के लिए आवश्यक मिनरल है जो पूरे शरीर में ऑक्सीजन के प्रवाह के लिए रेड ब्लड सेल्स की मदद करता है. आयरन स्वस्थ गर्भावस्था, ऊर्जा के स्तर को बरकरार रखने, बालों के बेहतर स्वासथ्य आदि के लिए भी जरूरी है. भारतीय परिवारों में आमतौर पर आयरन के लिए सबसे पहले पालक की ही चर्चा होती है. जबकि पांच अन्य ऐसे फूड की भी चर्चा की जा सकती है जो आयरन के बेहतर स्रेत हैं. आइए, आज इनकी चर्चा करें –**



**सूखे एप्रिकोट्स**



आधा कप सूखे एप्रिकोट्स में 2 मिली ग्राम आयरन होता है. इसमें भरपूर विटामिन ए भी होता है जो आंखों की रोशनी के लिए महत्वपूर्ण है. उच्च रक्त चाप यानी हाई ब्लड प्रेशर वाले लोगों को भी सूखे एप्रिकोट खाने की सलाह दी जाती है.

**किनुआ**



किनुआ न केवल प्रोटीन बल्कि आयरन का भी बहुत शानदार स्रोत है. एक कप किनुआ में 2.8 मिली ग्राम आयरन होता है. किनुआ में कॉपर, मैग्निशियम और एंटीऑक्सीडेंट भी भरपूर मात्रा में होते हैं. ग्लूटेन फ्री होना इसकी अन्य विशेषता है.

**मसूर की दाल**




मसूर की दाल भारतीय रसोई में बेहत सहज-सामान्य है. आमतौर पर चावल और रोटियों के साथ इसे परोसा जाता है. आधा कप पकी मसूर की दाल में तीन मिली ग्राम आयरन मौजूद होते हैं. फैट और कार्बोहाइड्रेट की न्यूनतम मात्रा के कारण इसे वजन कम करने में भी सहायक माना जाता है.

**काजू**



सूखे मेवे ही नहीं, खीर, पुलाव, सब्जियों आदि में काजू का उपयोग भारतीय रसोई में बेहद आम है. बेशक स्नैक्स के रूप में भी उपयोग होता है, पर ध्यान रखें कि तब इसे फ्राइड या रोस्ट नहीं करें न इसमें ऊपर से नमक डालें. करीब सौ ग्राम काजू में 6.68 मिली ग्राम आयरन होता है.

**चिया सीड्स**



चिया सीड्स न केवल आयरन बल्कि फाइबर और प्रोटीन के भी बेहतर स्रोत हैं. स्मूदी, शेक, ड्रिंक, पुडिंग, सलाद आदि में इसका सहजता से उपयोग संभव है. हाई प्रोटीन और हाई फाइबर होने की वजह से यह वजन घटाने के लिए भी सहायक माना जाता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### न्याय यात्रा' के दौरान बिहार आयेंगे राहुल

**पटना।** कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी 14 जनवरी से 20 मार्च तक मणिपुर और मुंबई के बीच भारत न्याय यात्रा का नेतृत्व करेंगे. 'भारत न्याय यात्रा' में 14 राज्यों में 6,200 किलोमीटर की पद यात्रा के दौरान राहुल गांधी बिहार भी आयेंगे. न्याय यात्रा की शुरुआत राहुल गांधी मणिपुर से करेंगे. यात्रा एक तरह से पूर्वी भारत से पश्चिमी भारत की ओर जायेगी. इसमें बिहार सहित कुल 14 राज्यों को राहुल गांधी पैदल लांघेगे. राहुल गांधी के भारत न्याय यात्रा पर निकले की चर्चा लम्बे समय से थी लेकिन लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस ने बड़ा प्लान किया है.

### ट्रेन से गिराने के मामले में 3 अपराधी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के सुगौली रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में मोबाइल छिन्नतई की घटना में अपनी जान गंवा चुकी छात्रा सलोनी मामले का रेल पुलिस ने पूरी तरह से उद्भेदन करते हुए इस घटना में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है. बीते 17 दिसबंर को जिले के पलनवा थाना क्षेत्र के ऊंचीहीह गांव निवासी प्रमोद पांडेय की 23 वर्षीय पुत्री सलोनी ट्रेन से दारोगा बहाली की परीक्षा में शामिल होने जा रही थी. इसी बीच अज्ञात अपराधकर्मियों ने हाथ में रखे उसके मोबाइल को छीनकर चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला. घटना के क्रम में सलोनी का पैर फिसलने से वह गिर गयी.


### ब्रांडेड कंपनी का 6 ट्रक नकली नमक जब्त

**हाजीपुर।** हाजीपुर में पुलिस ने नमक की बड़ी खेप को जब्त किया है. गुजरात से बिहार पहुंची नकली नमक की बड़ी खेप को सराय में पुलिस ने जब्त किया है. नकली नमक के कई धंधेबाजों को गिरफ्तार किया है. दरअसल, पुलिस को खबर मिली की ब्रांडेड कंपनी के नकली रैपर में भारी मात्रा में नमक की खेप को बिहार में खपाने का खेल चल रहा है. रेलवे के बड़े रैक पॉइंट सराय में पुलिस ने पड़ताल की तो नमक नकली मिला और ब्रांडेड कंपनी के रैपर में पैक किया हुआ था. पता चला की नामी कंपनी के ब्रांड के नाम के रैपर में पैक कर नमक की खेप को बिहार भेजा गया था.

# नीतीश कुमार गलत जगह पर फंस गए हैं : विजय सिन्हा

- एनडीए में नीतीश कुमार की वापसी की अटकलों पर बदले भाजपा के सुर
- 29 दिसंबर को जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की बैठक बुलायी गयी है

**संवाददाता।पटना**




मकर संक्रांति के बाद बिहार की सियासत करवट लेती है. इस बार भी राज्य का सियासी पारा चढ़ गया है. जदयू में घमासान जैसी स्थिति है. 29 दिसंबर को जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की बैठक बुलाई गई है. बैठक में बड़े फैसले की उम्मीद जताई जा रही है. पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे. भारतीय जनता पार्टी से नजदीकियों के कारण सीएम नीतीश कुमार ने आरसीपी सिंह को पद से हटा दिया था. आज की तारीख में वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, लालू प्रसाद यादव के करीब हैं और अब उनकी जगह नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की ताजपोशी की तैयारी है. पूरे घटनाक्रम पर भारतीय जनता पार्टी की नजर है. पिछले कुछ दिनों से भाजपा नेताओं के सुर बदल गए हैं. प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने नीतीश कुमार को जहां अभिभावक करार दिया. वहीं, विजय सिन्हा यह कह रहे हैं कि, नीतीश कुमार गलत जगह पर फंस गए हैं. गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय भी नीतीश कुमार के लिए नो एंट्री के सवाल को खारिज कर रहे हैं और कह रहे हैं कि नीतीश कुमार हताश और निराश हैं. भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधान पार्षद अनिल शर्मा ने कहा है कि जदयू के अंदर जो कुछ हो रहा है. वह उनका आंतरिक मामला है.

इधर, राजनीतिक विश्लेषक डॉक्टर संजय कुमार का मानना है कि जदयू के अंदर मची घमासान ने बीजेपी को हाई अलर्ट पर ला दिया है. भाजपा की ओर से फिलहाल जल्दबाजी नहीं दिखाई जाएगी. भाजपा नीतीश कुमार के कमजोर होने का इंतजार करेगी और फिर अपनी शर्तों पर समझौता करेगी. वहीं, सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी समझौते के मूड में तो है, लेकिन मुख्यमंत्री पद को लेकर समझौता करना नहीं चाहती. भाजपा इस बार अपने किसी नेता को मुख्यमंत्री के पद पर बैठाना चाहती है.

### उपेंद्र परेशान हैं, बीजेपी नहीं दे रही तवज्जो : मंत्री

पटना। राष्ट्रीय लोक जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा के जदयू में शामिल होने के लगाए जा रहे कयास पर जदयू के मंत्रियों ने कहा कि उपेंद्र कुशवाहा एनडीए में परेशान हैं. वहां उनकी कोई पूछ नहीं है, लेकिन जदयू में इतनी बार आए और गए कि अब उनके बारे में कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा. इसी बीच मंत्री जयंत राज ने कहा कुशवाहा कई बार जदयू में आ चुके हैं और जा चुके हैं, इसलिए उनके बारे में कुछ भी कहना मुश्किल है.

## आओ जानें

### बिहार : सामान्य ज्ञान

| | |
|---|---|
| बिहार की पुरुष साक्षरता % कितना है | -73.39% |
| बिहार की महिला साक्षरता % कितना है | -53.33% |
| साक्षरता दर के मामले में राज्य का स्थान | -28 वां स्थान |
| बिहार की कुल साक्षरता दर | – 61.80 % |
| पुरुष साक्षरता दर | – 71.20 % |
| महिला साक्षरता दर | – 51.5 % |
| साक्षरता की दृष्टि से भारत के राज्यों में क्रम | – 28 वां |
| सर्वाधिक साक्षरता दर बल जिला | – रोहतास |
| न्यूनतम साक्षरता दर वाला जिला | – पूर्णिया |
| सर्वाधिक पुरुष साक्षरता दर वाला जिला | – रोहतास |
| सर्वाधिक महिला साक्षरता दर वाला जिला | – रोहतास |
| न्यूनतम पुरुष साक्षरता दर वाला जिला | – पूर्णिया |
| न्यूनतम महिला साक्षरता दर वाला जिला | – सहरसा |

## समस्तीपुर में मंगलवार की रात शादी में हुआ जमकर बवाल

# खाने के बाद बाराती लौटने लगे तो जमकर पीटा, एक की मौत

- मारपीट में पांच बाराती जख्मी हो गए,इनमें से दो की हालत गंभीर
- मृतक की पहचान शिव शंकर राय के रूप में की गयी है

**संवाददाता।समस्तीपुर**

शादी समारोह में मंगलवार की रात दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प में बाराती पक्ष से एक व्यक्ति की मौत हो गई. घटना में पांच बाराती भी जख्मी हो गए. इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है. जख्मी हुए सभी लोगों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में हुआ. यहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है. मृतक की पहचान शिव शंकर राय के रूप में की गई है. इस घटना से गुस्साए लोगों ने बुधवार की सुबह चंदन चौक के समीप पटोरी-मदुदाबाद और पटोरी-समस्तीपुर मार्ग को बांस-बल्ला लगाते हुए टायर जलाकर सड़क जाम करते हुए हंगामा करने लगे. जानकारी मिलने के बाद पुलिस पदाधिकारी और अन्य जवान मौके पर पहुंचे. स्थिति को नियंत्रित किया. सड़क जाम कर हंगामा कर रहे लोग घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे.



### क्या है पूरा मामला

तारा धमौन गांव के संजय राय की पुत्री की शादी में बिशनपुर पहाड़पुर से बारात पहुंची थी. दरवाजा लगने के दौरान डीजे पर डांस करने को लेकर बाराती-सराती में विवाद हो गया. इस दौरान दोनों तरफ़ से जमकर नोकझोंक हुई. स्थानीय लोगों ने दोनों पक्ष को समझाते हुए मामले को शांत करा दिया. इसके बाद लड़का पक्ष ने धूमधाम से दरवाजा लगाया. वरमाला के बाद बाराती पक्ष के लोग खाना खाकर अपने गांव लौट रहे थे. इसी बीच मंगलवार देर रात पहले से घात लगाए कुछ लोगों ने धमौन रेलवे गुमटी के पास अचानक बारातियों पर हमला कर दिया. घटना में शिव शंकर राय नाम के व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई. पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए. इस संबंध में पटोरी थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है. मृतक के परिवार वालों से आवेदन मिलने के बाद अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी.

### पुलिस के डर से नदी में कूदा युवक, मौत

**समस्तीपुर।** पुलिस के डर से नदी में कूदे एक युवक की डूबने से मौत हो गई. घटना मंगलवार दोपहर की है. मंगलवार देर शाम में एसडीआरएफ ने युवक के शव को पानी से खोज कर निकाला. घटना से गुस्साए परिजनों ने पुलिस के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए हंगामा शुरू कर दिया. डायल 112 गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया. ईंट-पत्थर चलाकर शीशा आदि तोड़ दिया. मृतक युवक की पहचान धरमपुर बीस फुट्टा निवासी जगन्नाथ प्रसाद के पुत्र अप्पू कुमार (28 वर्ष) के रूप में हुई है. घटना को लेकर बताया जाता है कि रेलवे पुल के पास मंगलवार की दोपहर स्नान करने गया अप्पू नदी किनारे कपड़ा साफ कर रहा था. इसी दौरान नगर थाना पुलिस की हॉक्स टीम कुछ लोगों को खदेड़ रही थी. यह देख वह भी नदी में कूद गया जिससे वह गहरे पानी में डूब गया. पुलिस चाहती तो बच जाता युवक जाता.

# नीतीश कुमार से मिले आनंद मोहन

**संवाददाता।पटना**



बाहुबली आनंद मोहन बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात करने एक अन्ने मार्ग पहुंचे. इसके बाद से ही राज्य की सियासी हलचल तेज हो गई. दोनों की इस मुलाकात को लेकर राजनीतिक गलियारे में कई कयास लगाए जा रहे हैं. हालांकि, आनंद मोहन ने इसे औपचारिक मुलाकात बताया है. आनंद और नीतीश के बीच यह मुलाकात करीब 20 मिनट तक हुई. इस दौरान उनके साथ उनकी पत्नी लवली मोहन भी थी. कयास लगाया जा रहा है कि आनंद मोहन जल्द ही जदयू का दामन थाम सकते हैं. कुछ महीने पहले ही यह खबर सामने आई थी कि आनंद मोहन पत्नी लवली मोहन और बेटे के साथ जदयू में शामिल होंगे. हालांकि, आनंद मोहन इस बात का खंडन करते आए हैं. मुलाकात के बाद सीएम हाउस से बाहर निकले पर आनंद मोहन ने कहा कि सीएम से यह हमारी औपचारिक मुलाकात थी. ऐसी कोई बात नहीं है.

### युवक ने फंदे पर झूल कर खुदकुशी कर ली

**बेगूसराय।** बेगूसराय में एक युवक ने फांसी की फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया. घटना मुफसिल थाना क्षेत्र के हरदिया गांव की है. मंगलवार देर रात युवक ने आत्महत्या कर लिया. मृतक युवक की पहचान हरदिया निवासी श्याम सुंदर शर्मा के पुत्र पिंटू शर्मा के रूप में की गई है. फिलहाल मुफस्सिल थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया है. पुलिस पूरे मामले के छानबीन में जुटी हुई है. बताया जा रहा है कि पिंटू शर्मा कई दिनों से अपने पिता को बाइक खरीद देने के लिए कह रहा था. बाइक नहीं मिलने के कारण वह कई दिनों से नाराज चल रहा था. परिजनों को आशंका है कि बाइक नहीं खरीदने के कारण है उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया.

# कैमूर में रॉड से बुजुर्ग की पीट पीट कर हत्या, प्राथमिकी दर्ज

**संवाददाता।कैमूर (भभुआ)**

कैमूर में पूर्व के लकड़ी के विवाद को लेकर बुजुर्ग की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. मृतक के परिजनों ने गांव के नौ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है. मामला रामगढ़ थाना क्षेत्र के महुअर गांव का है. वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल में भेज दिया.

मृतक की पहचान रामगढ़ थाना क्षेत्र के महुअर गांव निवासी स्वर्गीय मंगल राम का 40 वर्षीय पुत्र मुनीब राम के रूप में की गई है. वहीं, सदर अस्पताल पहुंचा मृतक का पुत्र आकाश कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले गांव के ही लोगों से लकड़ी को लेकर विवाद हुआ था. मंगलवार की रात को मेरे पिता झोपड़ी में सो रहे थे. तभी गांव के नौ लोग पहुंचे और लोहे के रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी. परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है. वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.



## कारोबार

### नियुक्ति के प्रस्ताव को किया गया खारिज

**नयी दिल्ली।** डिश टीवी के शेयरधारकों ने पिछले सप्ताह हुई कंपनी की असाधारण आम बैठक (ईजीएम) में एक हैरान करने वाले घटनाक्रम में चार स्वतंत्र निदेशकों की उम्मीदवारी को खारिज कर दिया. इससे डायरेक्ट-टू-होम सेवा प्रदाता के निदेशक मंडल में केवल एक निदेशक रह गया था. इसके बाद कंपनी ने उसी दिन बोर्ड में दो नए लोगों की नियुक्ति की, क्योंकि निदेशकों की संख्या वैधानिक न्यूनतम संख्या तीन से कम हो गई थी. 22 दिसंबर को आयोजित ईजीएम में डिश टीवी के शेयरधारकों ने खारिज कर दिया.

### एक्सिस बैंक के खिलाफ एनसीएलटी में याचिका

**नयी दिल्ली।** निजी क्षेत्र के ऋणदाता एक्सिस बैंक ने जी लर्न के खिलाफ राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण में याचिका दायर की है. इसमें शिक्षा सेवा प्रदाता कंपनी के खिलाफ दिवालिया कार्यवाही शुरू करने की अपील की गई है. जी लर्न ने मंगलवार को शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा, कंपनी को इस संबंध में एनसीएलटी की मुंबई पीठ से नोटिस मिला है. इसमें कहा गया है, राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण, मुंबई के समक्ष कंपनी की कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू करने के लिए याचिका दायर की गई है.

### अडाणी सॉल्यूशंस को मिली परियोजना

**नयी दिल्ली।** अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) को पीएफसी कंसल्टिंग से हल्वड़ ट्रांसमिशन का अधिग्रहण करने का आशय पत्र मिल गया है. हल्वड़ ट्रांसमिशन एक विशेष इकाई है जिसकी स्थापना पीएफसी कंसल्टिंग द्वारा खावड़ा आरई पार्क, गुजरात से सात गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) निकालने के लिए की गई है. कंपनी के बयान में कहा गया है कि एईएसएल 301 किलोमीटर (656 सर्किट किलोमीटर या सीकेएम) पारेषण परियोजना के निर्माण, स्वामित्व, संचालन और रखरखाव के लिए 35 साल की अवधि में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी.

## भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के लिए 2023 का साल काफी अच्छा रहा

# बैंकों का मुनाफा डेढ़ लाख करोड़ पहुंचा

**संवाददाता।नयी दिल्ली**

भारतीय बैंकिंग क्षेत्र के लिए 2023 का साल काफी अच्छा रहा है. चालू वित्त वर्ष में देश के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का कुल मुनाफा 1.50 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है. मजबूत आर्थिक वृद्धि के बीच कर्ज की ऊंची मांग की वजह से देश के बैंकिंग क्षेत्र की स्थिति इस समय काफी सुधर चुकी है.

चालू वित्त वर्ष के पहले छह महीनों के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने लगभग 68,500 करोड़ रुपये कमाए हैं और दूसरी छमाही में भी यह रफ्तार जारी रहने की उम्मीद है. यदि यह रुझान जारी रहता है, तो 2023-24 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का शुद्ध लाभ 1.50 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच सकता है, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 1.04 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा था. माना जा रहा है कि गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) के मोर्चे पर स्थिरता, मजबूत ऋण मांग और ऊंची ब्याज दर व्यवस्था से आने वाले महीनों में बैंकों की लाभप्रदता में मदद मिलेगी. कोटक महिंद्रा बैंक की पूर्णकालिक




निदेशक शांति एकंबरम ने पीटीआई-भाषा को बताया, अंतर्निहित अर्थव्यवस्था ने बहुत मजबूती दिखाई है. आखिरकार, जब अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन करती है तो बैंकिंग क्षेत्र का प्रदर्शन भी अच्छा रहता है.

आरबीआई ने हाल में भारत के वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत से संशोधित कर सात प्रतिशत कर दिया है. उन्होंने कहा कि वृद्धि मजबूत है. खुदरा खंड के साथ कर्ज की मांग डेढ़ साल पहले शुरू हुई थी. अब यह पूंजीगत व्यय की ओर बढ़ रही है. हालांकि, उन्होंने कहा कि जमा वृद्धि ऋण वृद्धि की तुलना में धीमी रही है और यही चुनौती है जिससे बैंकों को आने वाले महीनों में निपटना है. उन्होंने कहा कि जमा में कुछ सुधार हुआ है, लेकिन यह अब भी कर्ज वृद्धि की तुलना में पांच प्रतिशत कम है. चालू वित्त वर्ष के पहले आठ माह (अप्रैल-नवंबर) में बैंकों के पास कुल जमा में 12.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि एक साल पहले समान अवधि में जमा में 9.3 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी.

**खास बातें**

- बैंकों ने लगभग 68,500 करोड़ रुपये कमाए हैं
- चालू खाते और बचत खाते (कासा) में गिरावट आएगी

रिजर्व बैंक के ताजा बुलेटिन के अनुसार, एक दिसंबर, 2023 को ऋण वृद्धि एक साल पहले के 17.5 प्रतिशत से घटकर 16.4 प्रतिशत रह गई. धीमी जमा राशि जुटाने से चालू खाते और बचत खाते (कासा) में गिरावट आएगी जिससे दर में कटौती की गुंजाइश सीमित हो जाएगी. जैसा कि अक्टूबर में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने संकेत दिया था, ब्याज दर कुछ समय तक ऊंची बनी रहेगी. विश्लेषकों के अनुसार, केंद्रीय बैंक द्वारा कम से कम अगले छह महीनों तक नीतिगत दर में कटौती की संभावना नहीं है. आवास, कार, शिक्षा और व्यक्तिगत ऋण की मांग में दोहरे अंक की वृद्धि जारी रहेगी. हालांकि, ग्रामीण क्षेत्र से ऋण की मांग में कमी आई है. दोपहिया और ट्रैक्टर की बिक्री में गिरावट से इसका पता चलता है. यहां तक कि ब्याज दर के ऊंचे स्तर के कारण अधिकांश बैंकों के लिए शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) तीन प्रतिशत से अधिक रहने की उम्मीद है.

बैंकों के लिए एक अच्छी बात एनपीए में कमी है. रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के सकल एनपीए में पिछले तीन साल में गिरावट आई है. बैंकिंग क्षेत्र के लिए इस साल एक प्रमुख घटनाक्रम उदय कोटक का कोटक महिंद्रा बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का पद छोड़ने की घोषणा रहा. उनके उत्तराधिकारी अशोक वासवानी अगले साल प्रभार संभालेंगे. हालांकि, बैंकिंग प्रणाली की वित्तीय स्थिति मजबूत हुई है, लेकिन इस साल बैंकों में कुछ धोखाधड़ी के मामले भी सामने आए. यूको बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा को साइबर धोखाधड़ी का सामना करना पड़ा.

# पांच साल में भारत का केले का निर्यात बढ़ाने का लक्ष्य

**संवाददाता।नयी दिल्ली**

भारत ने अगले पांच साल में केला निर्यात को एक अरब डॉलर पर पहुंचाने का लक्ष्य रखा है. समुद्री मार्ग से परीक्षण के तौर पर नीदरलैंड को केले के सफल निर्यात के बाद भारत ने यह लक्ष्य तय किया है. एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी. फिलहाल मात्रा कम होने तथा पकने की अलग-अलग अवधि की वजह से फलों का ज्यादातर निर्यात हवाई मार्ग से होता है.

भारत समुद्री मार्ग के माध्यम से अपने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए केले, आम, अनार और कटहल जैसे ताजे फलों और सब्जियों के लिए समुद्री प्रोटोकॉल विकसित कर रहा है. इस प्रोटोकॉल में यात्रा के समय को समझना, वैज्ञानिक रूप से इन वस्तुओं के पकने की अवधि, एक विशेष समय पर कटाई करना और किसानों को प्रशिक्षण देना शामिल है. ये प्रोटोकॉल अलग-अलग फलों और सब्जियों के लिए भिन्न-भिन्न होंगे. कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) ने अन्य हितधारकों के साथ मिलकर केले के लिए ये प्रोटोकॉल विकसित किए हैं. एपीडा वाणिज्य मंत्रालय की एक इकाई है. अधिकारी ने कहा, सफल परीक्षण निर्यात के साथ भारत का लक्ष्य अगले पांच साल में एक अरब डॉलर से अधिक मूल्य के केले निर्यात करना है, जो समुद्री मार्ग के माध्यम से एक विविध बाजार पोर्टफोलियो के द्वार खोल देगा. परीक्षण खेप पांच दिसंबर को रॉटरडैम, नीदरलैंड पहुंची. यह खेप बारामती, महाराष्ट्र से भेजी गई थी.



अधिकारी ने कहा कि भारत का केला निर्यात गंतव्य पश्चिम एशिया से परे फैला है. केला निर्यात के लिए अमेरिका, रूस, जापान, जर्मनी, चीन, नीदरलैंड, ब्रिटेन और फ्रांस में अवसर हैं. दुनिया का सबसे बड़ा केला उत्पादक होने के बावजूद, वैश्विक निर्यात में भारत का हिस्सा फिलहाल केवल एक प्रतिशत है.

**घोषणा**


## खदानों के रिकॉर्ड को डिजिटल करने की भी चल रही है तैयारी

# कोयला गैसीकरण परियोजनाओं को बढ़ावा दे रही है सरकार

**संवाददाता।नयी दिल्ली**

कोयला गैसीकरण परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता, उत्पादन में बढ़ोतरी और भूमिगत खनन गतिविधियों को बढ़ावा देना कोयला क्षेत्र के लिए सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है. यह क्षेत्र देश की बढ़ती बिजली मांग को पूरा करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है. इसके अलावा सरकार अधिक कैप्टिव (खुद के इस्तेमाल वाली) और वाणिज्यिक कोयला खदानों को परिचालन में लाने, शुष्क ईंधन की गुणवत्ता सुधारने और पर्यावरण स्थिरता के लिए परिवहन ढांचे पर भी काम कर रही है.

खानों के रिकॉर्ड को डिजिटल करने की भी तैयारी है. कोयला सचिव अमृत लाल मीणा ने पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार में कहा कि सरकार ने कोयला गैसीकरण के संबंध में पहले ही दो नीतियों को अधिसूचित कर दिया है और ऐसी परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता के साथ-साथ कर प्रोत्साहन भी प्रदान करने की योजना बनाई है. कोयला मंत्रालय ने अपनी ऊर्जा बदलाव योजनाओं के अनुरूप वित्त वर्ष 2029-30 तक 10 करोड़ टन कोयले को गैसीकृत करने का लक्ष्य रखा है.



मीणा ने कहा, अब, हम (कोयला गैसीकरण परियोजनाओं के लिए) कुछ वित्तीय सहायता और कर प्रोत्साहन के लिए एक नीति ला रहे हैं. यह विचाराधीन है... और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कोयला गैसीकरण में सकारात्मक तेजी आए.

**खास बातें**

- बढ़ती बिजली मांग को लेकर यह महत्वपूर्ण है
- खानों के रिकॉर्ड को डिजिटल करने की भी तैयारी

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि सरकार कोयला गैसीकरण को बढ़ावा देने के लिए एक सक्षम वातावरण बनाने के लिए काम कर रही है. कोयला गैसीकरण से 2030 तक आयात कम होने के साथ-साथ कार्बन उत्सर्जन घटाने और हरित व्यवहार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है.

कोयला गैसीकरण प्रक्रिया में पर्यावरणीय चिंताओं को दूर करने के लिए सरकार ने हरित मंजूरी देना अनिवार्य कर दिया है. इसमें परियोजना प्रस्तावक को पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन अध्ययन करना होगा और एक पर्यावरण प्रबंधन योजना तैयार करनी होगी. कोयला गैसीकरण संयंत्र की स्थापना से संबंधित किसी भी गतिविधि को शुरू करने से पहले एक विशेषज्ञ समिति द्वारा योजना की विधिवत जांच की जाएगी. केंद्र ने एक नीति भी बनाई है जिसमें गैसीकरण के लिए उपयोग किए जाने वाले जीवाश्म ईंधन के लिए भविष्य की सभी वाणिज्यिक कोयला ब्लॉक नीलामी में राजस्व हिस्सेदारी में 50 प्रतिशत की छूट का प्रावधान किया गया है. यह इस शर्त पर होगा.

# इस साल घरेलू कंपनियों में निजी इक्विटी 40% घटा

**संवाददाता।मुंबई**

निजी इक्विटी और उद्यम पूंजी कोषों से घरेलू कंपनियों में निवेश इस साल अबतक लगभग 40 प्रतिशत घटकर 27.9 अरब डॉलर रह गया है. वहीं इस दौरान घरेलू कंपनियों से निकासी सालाना आधार पर मामूली रूप से बढ़कर 19.34 अरब डॉलर हो गई है. निजी पूंजी और ऋण प्रवाह पर नजर रखने वाली वेंचर इंटेलिजेंस और उद्योग निकाय आईवीसीए द्वारा एकत्र किए गए आंकड़ों के अनुसार, 20 दिसंबर, 2023 तक निजी इक्विटी और उद्यम पूंजी कोषों द्वारा घरेलू कंपनियों में निवेश 697 सौदों में 27.9 अरब डॉलर के निचले स्तर पर आ गया. 2022 में 1,364 सौदों में 47.62 अरब डॉलर का निवेश हुआ था. आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष निजी इक्विटी खिलाड़ियों द्वारा देश से अधिक पैसा निकाला गया. इस दौरान 248 कंपनियों से कुल निकासी 19.34 अरब डॉलर पर पहुंच गई. वहीं 2022 में 233 कंपनियों से कुल 18.45 अरब डॉलर निकाले गए थे. हालांकि, उद्योग पर नजर रखने वालों का कहना है कि आने वाले वर्ष में वित्तपोषण की अधिक संभावनाएं दिख रही हैं.





## प्रीमियर लीग : रोमांचक मुकाबले में मैनचेस्टर यूनाइटेड ने हासिल की महत्वपूर्ण जीत

**भाषा । मैनचेस्टर**

प्रीमियर लीग में मैनचेस्टर यूनाइटेड और एस्टन विला के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम ने जीत हासिल की. रासमस के पहले प्रीमियर लीग गोल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को एक शानदार जीत दिलाई. यूनाइटेड ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए ओल्ड ट्रैफर्ड में बॉक्सिंग डे पर एस्टन विला को 3-2 से हराया. यह मैनचेस्टर यूनाइटेड की चार लीग मैचों में पहली जीत थी, इस जीत के साथ ही वह अंक तालिका में छठे स्थान पर पर पहुंच गई है. मैच की शुरुआत में एस्टन विला ने आक्रामक खेल दिखाया और उसके लिए पहला गोल जॉन मैकगिन ने 21वें मिनट में किया. 1-0 से पहले ही आगे चल रही एस्टन की बढ़त मात्र पांच मिनट बाद दोगुनी हो गई, जब लिएंडर डेंडोनकर ने 26वें मिनट में टीम के लिए दूसरा गोल दागा. 2-0 से पिछड़ने के बाद यूनाइटेड दबाव में दिखी, लेकिन हॉफ टाइम के बाद मैच का पासा ही पलट गया.

एलेजांद्रो गार्नाचो ने 59वें मिनट में मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए पहला गोल दागा. यहां से टीम में उम्मीद जगी और उन्होंने तेजी से आक्रमण करना शुरु किया. जल्द ही एलेजांद्रो ने अपना दूसरा गोल करते हुए 71वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया. मैच के अंतिम क्षणों में दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर हुई और रासमस के विनिंग गोल ने रोमांचक मैच में मैनचेस्टर की जीत की कहानी लिखी. रासमस होजलुंड ने 82वें मिनट में अपना पहला गोल दागा और स्कोर अपनी टीम के पक्ष में 3-2 कर दिया. एस्टन विला के पास शीर्ष पर पहुंचने का मौका था, लेकिन वह चूक गए.

**02** गोल से पिछड़ने के मैनचेस्टर यूनाइटेड ने की शानदार वापसी

**04** लीग मैचों में मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम ने दर्ज की पहली जीत

- एस्टन विला ने तालिक में शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवाया
- रोमांचक मुकाबले में 3-2 से जीती लिवरपूल की टीम



## लिवरपूल ने बर्नले को हराया

लिवरपूल और बर्नले के बीच खेले गए मुकाबले में लिवरपूल की टीम ने जीत हासिल की. लिवरपूल ने इस मुकाबले में बर्नले को 2-0 से हराया. लिवरपूल का पहला हाफ अच्छा रहा. डार्विन नुनेज ने छठे मिनट में अपना 600 मिनट का ऑन-पिच गोल रहित सिलसिला समाप्त कर दिया, जिससे लिवरपूल को बढ़त मिल गई. 90वें मिनट में डिओगो जोटा ने लिवरपूल के लिए मैच विजयी गोल किया, जिससे वह 12 जीत, छह ड्रॉ और एक हार के साथ कुल 42 अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गया.

| रैंक | टीम | मैच | जीत | ड्रॉ | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लिवरपूल | 19 | 12 | 6 | 1 | 42 |
| 2 | आर्सनल | 18 | 12 | 4 | 2 | 40 |
| 3 | एस्टन विला | 19 | 12 | 3 | 4 | 39 |
| 4 | टॉटनहैम हॉटस्पर | 18 | 11 | 3 | 4 | 36 |
| 5 | मैनचेस्टर सिटी | 17 | 10 | 4 | 3 | 34 |
| 6 | मैनचेस्टर यूनाइटेड | 19 | 10 | 1 | 8 | 31 |
| 7 | वेस्ट हैम युनाइटेड | 18 | 9 | 3 | 6 | 30 |
| 8 | न्यूकैसल यूनाइटेड | 19 | 9 | 2 | 8 | 29 |
| 9 | ब्राइटन एंड होव एल्बियन | 18 | 7 | 6 | 5 | 27 |
| 10 | बौर्नेमौथ | 18 | 7 | 4 | 7 | 25 |

### ब्रीफ खबरें

#### जिम्नास्टिक चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी दीपा

**भुवनेश्वर ।** स्टार जिम्नास्ट दीपा करमाकर अगले हफ्ते भुवनेश्वर में आठ साल बाद सीनियर कलात्मक जिम्नास्टिक राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी. यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता दो से चार जनवरी तक होगी. दीपा के अलावा इस चैंपियनशिप में तोक्यो ओलंपियन प्रणति नायक, योगेश्वर सिंह, राकेश पात्रा, तपन मोहंती, सैफ तंबोली और गौरव कुमार जैसे खिलाड़ी भी चुनौती पेश करेंगे. दीपा के कोच बिश्वेश्वर नंदी ने बताया कि दीपा सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी. पिछली बार वह 2015 में इस घरेलू प्रतियोगिता में खेली थी. यह उसकी आखिरी राष्ट्रीय चैंपियनशिप होगी.

#### आईपीएल करार के बाद घर खरीदना चाहते हैं दुबे

**जयपुर ।** आईपीएल की नीलामी में राजस्थान रॉयल्स से पांच करोड़ 60 लाख रूपये का करार पाने वाले शुभम दुबे अतीत के संघर्षों को पीछे छोड़कर अब परिवार के लिये नया घर खरीदना चाहते हैं.उनका बचपन काफी अभावों में बीता और उनके पिता को उनके लिये क्रिकेट किट खरीदने के लिये पान तक बेचना पड़ा. अब उनके अच्छे दिन शुरू हो गए हैं और वह इससे बहुत खुश हैं. दुबे ने कहा कि मेरा परिवार मेरे लिये क्रिकेट किट खरीदने की स्थिति में नहीं था लेकिन मेरे पिता ने खरीदी. दुबे ने कहा कि मैं सबसे पहले अपने परिवार के लिए घर खरीदना चाहता हूं.

#### मुंबई मैराथन की एंबेसडर होंगी केटी मून

**मुंबई ।** पोल वॉल्ट में दो बार की विश्व चैंपियन और तोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता केटी मून को रविवार को यहां होने वाली टाटा मुंबई मैराथन का प्रतियोगिता एंबेसडर नियुक्त किया गया है. आयोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी. मुंबई मैराथन को विश्व एथलेटिक्स से 'गोल्ड लेवल' दौड़ का दर्जा हासिल है. अमेरिका की स्टार एथलीट मून ने 2022 में यूजीन और 2023 में बुडापेस्ट विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था.

## महिला क्रिकेट : भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहल वनडे आज

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रिकॉर्ड सुधारना चाहेगी भारतीय टीम

**भाषा । मुंबई**

लगातार दो टेस्ट मैच में जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाली तीन एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ रिकॉर्ड में सुधार करने की कोशिश करेगी. भारतीय टीम इस समय शानदार फॉर्म में चल रही है. उसने इंग्लैंड को रिकॉर्ड 347 रन से हराने के बाद वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए टेस्ट मैच में 8 विकेट से जीत दर्ज की थी.

वनडे श्रृंखला के सभी मैच वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाएंगे. भारत आगामी मैचों में अपना विजय अभियान जारी रखने को लेकर प्रतिबद्ध है लेकिन हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम इस बात से अच्छी तरह वाकिफ होगी कि ऑस्ट्रेलिया को हराना आसान नहीं होगा, जिसका 50 ओवर के प्रारूप में शुरू से दबदबा रहा है. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए 50 वनडे मैचों में भारत केवल 10 मैच में जीत दर्ज कर पाया है जबकि 40 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा. घरेलू मैदानों पर भारत का रिकॉर्ड अधिक खराब है. भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी धरती पर जो 21 वनडे मैच खेले हैं उनमें से उसने केवल चार मैच जीते हैं, जबकि 17 मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा. भारत ने फरवरी 2007 से लेकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी धरती पर जो सात मैच खेले हैं उन सभी में उसे हार झेलनी पड़ी.

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में पिछले दो वनडे मैच मार्च 2012 में खेले थे, जिनमें उसे 221 रन और 5 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था. इस श्रृंखला का पहला मैच अहमदाबाद में खेला गया था जिसमें आस्ट्रेलिया ने 30 रन से जीत दर्ज की थी. लेकिन अब भारत के पास हरमनप्रीत के रूप में नई कप्तान और अमोल मजूमदार के रूप में नया कोच है.



**खास बातें**

- वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाएंगे श्रृंखला के सभी मैच
- 2007 से भारतीय परिस्थितियों में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा

**टीम इस प्रकार हैं**

- **भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, टिटास साधु, पूजा वस्त्राकर, स्नेह राणा, हरलीन देयोल.
- **ऑस्ट्रेलिया :** डार्सी ब्राउन, हीथर ग्राहम, एशले गार्डनर, किम गार्थ, एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), जेस जोनासेन, अलाना किंग, फोएबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, बेथ मूनी (विकेटकीपर), एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम.

#### भारत के साथ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलना चाहता है ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न ।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी निक हॉकले ने कहा कि वह भारत और इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू धरती पर तीन मैचों की महिला टेस्ट श्रृंखला खेलने पर विचार कर रहे हैं. भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम अभी तक एकमात्र टेस्ट मैच की श्रृंखला खेलते रहे हैं. इन दोनों टीम के बीच हाल में एकमात्र टेस्ट मैच खेला गया था, जिसमें भारतीय टीम ने 8 विकेट से जीत दर्ज की थी. भारत और ऑस्ट्रेलिया की महिला टीमों के बीच भारतीय धरती पर 1984 के बाद खेला गया यह पहला टेस्ट मैच था. हॉकले ने एसईएन से कहा कि हम महिला क्रिकेट की कई प्रारूपों की श्रृंखला में अधिक टेस्ट मैच की वकालत करते रहेंगे.

### आओ जानें

## खेल से संबंधित सामान्य ज्ञान

- ओलंपिक खेलों में स्विमिंग पूल में कुल कितनी लेन होती है? -8
- किस पदार्थ से ओलंपिक मशाल प्रज्वलित की जाती है? -सूर्य की किरण से
- किस जगह पर ओलंपिक म्यूजियम स्थित है? -लोसाने स्विजरलैंड
- ओलंपस क्या है? -यूनान का एक पर्वत
- किस खेल से संबंधित है 'ओवल स्टेडियम'? -क्रिकेट
- किस देश का राष्ट्रीय खेल कबड्डी है? -बांग्लादेश
- किस दौड़ में दिया जाता है किंग्स कप ? -वायुयान रेस
- किसके जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रुप में मनाया जाता है? -मेजर ध्यानचंद
- क्रिकेट का बाइबिल किस पत्रिका को कहा जाता है? – विजडन

# बांग्लादेश ने न्यूजीलैंड को हराया

**भाषा । नेपियर (न्यूजीलैंड)**

सलामी बल्लेबाज लिटन दास की नाबाद 42 रन की धैर्य पूर्ण पारी की मदद से बांग्लादेश ने पहले टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में बुधवार को यहां न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया. बांग्लादेश में शनिवार को तीसरे वनडे मैच में न्यूजीलैंड को 98 रन पर आउट करके इस देश में सीमित ओवरों की क्रिकेट में अपनी पहली जीत दर्ज की थी.

इसके चार दिन बाद बांग्लादेश ने पहली नौ गेंद के अंदर तीन विकेट हासिल किये और न्यूजीलैंड को 9 विकेट पर 134 रन पर रोक दिया.



**टी-20 श्रृंखला**

- लिटन दास की धैर्यपूर्ण पारी से बांग्लादेश जीता
- बांग्लादेश ने न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराया

न्यूजीलैंड की तरफ से जिमी नीशाम ने सर्वाधिक 48 रन बनाए जबकि कप्तान मिशेल सेंटनर ने 23 रन का योगदान दिया. बांग्लादेश की तरफ से शोरिफुल इस्लाम ने तीन जबकि मुस्तफिजुर रहमान और मेहदी हसन ने दो-दो विकेट लिए. इसके जवाब में बांग्लादेश ने 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 137 रन बनाकर जीत दर्ज की और तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई. लिटन दास ने 36 गेंद की अपनी पारी में दो चौके और एक छक्का लगाया.

# डब्ल्यूएफआई के कामकाज के लिए तदर्थ समिति गठित

**भाषा । नयी दिल्ली**

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने निलंबित भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के दैनिक कार्यों के संचालन के लिए तीन सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया है. फैसले करते हुए अपने ही संविधान के प्रावधानों का पालन नहीं करने पर खेल मंत्रालय ने डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था.

भारतीय वुशु संघ के अध्यक्ष भूपिंदर सिंह बाजवा पैनल के अध्यक्ष होंगे जबकि पूर्व हॉकी ओलंपियन एमएम सोमाया और पूर्व अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंजुषा कंवर इसके दो अन्य सदस्य हैं. खेल मंत्रालय ने रविवार को डब्ल्यूएआई को निलंबित कर दिया था जिसके तीन दिन पहले नए पदाधिकारी चुने गए थे. पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह को चुनावों में अध्यक्ष चुना गया था. खेल मंत्रालय ने इसके बाद डब्ल्यूएफआई के दैनिक कार्यों के संचालन के लिए आईओए को तदर्थ समिति का गठन करने को कहा था.

**खास बातें**

- तीन सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन किया गया है
- डब्ल्यूएफआई को खेल मंत्रालय ने रविवार को कर दिया था निलंबित

#### खेल मंत्रालय ने सही निर्णय लिया: बबीता

**भिवानी (हरियाणा) ।** दंगल ग्राम गर्ल के नाम से विख्यात पूर्व अंतरराष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी एवं हरियाणा महिला विकास निगम की अध्यक्ष बबीता फोगाट ने कहा है कि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की नवनिर्वाचित संस्था को निलंबित करके खेल मंत्रालय ने सही समय पर सही निर्णय लिया. बबीता ने कहा कि खेल मंत्रालय का सही समय पर सही निर्णय आया है और इससे पहलवानों को न्याय मिलेगा. खेल मंत्रालय ने फैसला करते समय अपने संविधान के प्रावधानों का पालन नहीं करने पर महासंघ के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह की अगुवाई वाले नव निर्वाचित पैनल को निलंबित कर दिया था

## पहला टेस्ट : भारत बनाम दक्षिण अफ्रीका

# एल्गर के शतक से बैकफुट पर भारतीय टीम

**संवाददाता । भाषा**

सेंचुरियनभारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले जा रहे श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका की टीम मजबूत स्थिति में है. दक्षिण अफ्रीका की ओर से डीन एल्गार की शानदार पारी के बदौलत भारतीय टीम बैकफुट पर है. दक्षिण अफ्रीका अब लीड ले चुकी है, जिससे भारत की परेशानी बढ़ गयी है. इससे पहले लोकेश राहुल ने बल्लेबाजी के लिए मुश्किल हालात में शतक जड़ा जिससे भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बुधवार को यहां पहली पारी में 245 रन बनाए. राहुल ने दिन की



शुरुआत नाबाद 70 रन से करते हुए 137 गेंद में 101 रन की पारी खेली. उन्होंने अपनी पारी में 14 चौके और चार छक्के मारे तथा अपने करियर का आठवां टेस्ट शतक जड़ा. वह आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज रहे. अगर मुश्किल हालात पर गौर करें तो सेना देशों (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) में किसी भारतीय बल्लेबाज की यह सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक है. किसी अन्य देश का कोई बल्लेबाज सुपर स्पोर्ट पार्क पर दो टेस्ट शतक नहीं लगा पाया है और अब यह विशिष्ट रिकॉर्ड राहुल के नाम है. राहुल की यह पारी इसलिए भी काबिले तारीफ है क्योंकि इसी साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान उन्हें खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर कर दिया गया था. राहुल ने सुबह के सत्र में कुछ आकर्षक शॉट खेले. उन्होंने कागिसो रबादा (59 रन पर पांच विकेट) पर चौका जड़ने के बाद इस तेज गेंदबाज पर स्क्वायर लेग पर छक्के के साथ 90 रन के स्कोर को पार किया. राहुल ने गेराल्ड कोएट्जी (74 रन पर एक विकेट) पर अपने चौथे छक्के के साथ शतक पूरा किया. उन्होंने सिराज (22 गेंद में पांच रन) के साथ नौवें विकेट के लिए 47 रन जोड़कर टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई. कोएट्जी ने सिराज को विकेटकीपर काइल वेरिने के हाथों कैच कराके इस साझेदारी को तोड़ा. राहुल भी शतक पूरा करने के तुरंत बाद नांद्रे बर्गर (50 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर बोल्ड हो गए जिससे भारतीय पारी का अंत हुआ.

## टेनिस : रविवार से होगी ब्रिस्बेन इंटरनेशनल प्रतियोगिता की शुरुआत, तैयारी में जुटीं ओसाका

# प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगे नडाल और ओसाका

**भाषा । ब्रिस्बेन**

विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी राफेल नडाल और नाओमी ओसाका रविवार से यहां शुरू होने वाले ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टूर्नामेंट से प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगे. ऑस्ट्रेलिया और अमेरिकी ओपन की पूर्व चैंपियन ओसाका मां बनने के बाद खेल में वापसी करेंगी और उन्होंने बुधवार को यहां अभ्यास सत्र में भाग लेकर तैयारी भी शुरू कर दी. ओसाका पिछले साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हट गई थी और बाद में उन्होंने खुलासा किया था कि वह गर्भवती थी.

नडाल भी चोट से उबरने के बाद वापसी करने के लिए तैयार हैं. उन्हें ब्रिस्बेन में विंबलडन फाइनलिस्ट माटेओ बेरेटिनी और 2020 के अमेरिकी ओपन चैंपियन डोमिनिक थिएम की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा.

विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी होल्गर रून इस टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सर्वाधिक रैंकिंग के खिलाड़ी हैं. अमेरिका के बेन शेल्टन और तीन बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन एंडी मर्रे भी इस टूर्नामेंट में भाग लेंगे. महिला वर्ग के एकल में ओसाका के अलावा मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका, एलेना रयबाकिना, येलेना ओस्टापेंको, विक्टोरिया अजारेंका, सोफिया केनिन और सलोन स्टीफंस इस प्रतियोगिता में अपना भाग्य आजमाएंगे.




चोट से उबरने के बाद वापसी करेंगे नडाल

इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक रैंकिंग वाले खिलाड़ी होंगे होल्गर रून

मां बनने के बाद वापसी करेंगी नाओमी ओसाका

## टेस्ट मैच : कमिंस ने की शानदार गेंदबाजी के सामने पाक पस्त

# मैच में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी

**ऑस्ट्रेलिया बनाम पाकिस्तान**

**भाषा । मेलबर्न**

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस ने बुधवार को यहां चार गेंदों में दो विकेट लेकर पाकिस्तान की दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में वापसी की संभावनाओं को करारा झटका दिया. पाकिस्तान ने अच्छी शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसकी पारी लड़खड़ा गई और दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक वह 6 विकेट पर 194 रन बनाकर संघर्ष कर रहा था. ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 318 रन बनाए थे और इस तरह से वह अभी पाकिस्तान से 124 रन आगे है. खेल का दूसरा दिन काफी घटनाप्रधान रहा और इस दिन कुल 13 विकेट गिरे. कमिंस ने अभी तक 37 रन देकर तीन विकेट लिए हैं जबकि ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने 48 रन देकर दो विकेट हासिल किए हैं. पाकिस्तान की तरफ से सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक (62) और कप्तान शान मसूद (54) ने अर्धशतक जमाए. इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 90 रन की साझेदारी की. पाकिस्तान ने सतर्क शुरुआत की. लियोन ने इमाम उल हक (10) को दूसरी स्लिप में कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई. इसके बाद जब पाकिस्तान मजबूत स्थिति की तरफ बढ़ रहा था.



**खास बातें**

- मुकाबले के दूसरे दिन दोनों टीमों के कुल 13 विकेट गिरे
- कमिंस ने पाक की वापसी को करारा झटका दिया



बुधवार को पर्यटक लाहौल और स्पीति जिले के कोकसर में बर्फ से खेलते हुए. -फोटो : पीटीआई)

## आओ जानें

### मलिन बस्तियों में रहने वाली जनसंख्या

(शहरी जनसंख्या का %)

| | | | |
|---|---|---|---|
| दक्षिण सूडान : | 94 | केन्या : | 51 |
| चाड : | 82 | इराक : | 49 |
| सूडान : | 74 | भारत : | 49 |
| अफगानिस्तान : | 73 | नाइजीरिया : | 49 |
| नाइजर : | 70 | नेपाल : | 40 |
| मध्य अफ्रीकी गणराज्य : | 69 | फिलीपींस : | 37 |
| इथियोपिया : | 64 | मालदीव : | 35 |
| इक्वाडोर : | 58 | वेनेजुएला : | 26 |
| पाकिस्तान : | 56 | दक्षिण अफ्रीका : | 24 |



## ब्रीफ खबरें

### तमिलनाडु में अमोनिया गैस लीक, 12 भर्ती

**चेन्नई।** उत्तरी चेन्नई के एन्नोर में उर्वरक विनिर्माण इकाई से जुड़ी एक उपसमुद्र पाइपलाइन से अमोनिया गैस का रिसाव हुआ. गैस का रिसाव होने पर लोगों ने बेचैनी, सांस लेने में तकलीफ, मतली जैसी समस्याओं की शिकायत की, जिसके बाद लगभग 25 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया. आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि घटना मंगलवार देर रात 11 बजकर 45 मिनट की है. उन्होंने बताया कि इलाके में हवा के माध्यम से गैस फैल गई, जिससे लोगों को गंभीर असुविधा हुई.

### यौन शोषण के आरोप में बुजुर्ग हिरासत में

**पलक्कड़।** उत्तरी केरल के पलक्कड़ जिले में अपने माता-पिता के साथ सड़क के किनारे सो रही तीन साल की बच्ची का यौन शोषण करने के आरोप में 77 वर्षीय एक बुजुर्ग को हिरासत में लिया गया है. पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि बच्ची के माता-पिता प्रवासी श्रमिक हैं. उसने बताया कि यह घटना यहां कोझिनजांबरा पुलिस थाना क्षेत्र के नादुपुन्नी इलाके में आज सुबह हुई और आरोपी को तुरंत पकड़ लिया गया. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी तमिलनाडु का एक प्रवासी मजदूर था.

### 'धोखाधड़ी वाले 'लोन ऐप' के विज्ञापन नहीं लगाए'

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने बुधवार को कहा कि सरकार ने सोशल मीडिया और ऑनलाइन मंचों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि वे अपने मंच पर कर्ज देने वाले धोखाधड़ी वाले ऐप के विज्ञापन नहीं लगाएं. चंद्रशेखर ने कहा कि आईटी मंत्रालय ने मंचों को स्पष्ट कर दिया है कि वे धोखाधड़ी वाले ऋण ऐप के विज्ञापन नहीं दे सकते क्योंकि ये विज्ञापन गुमराह करने वाले हैं और इंटरनेट का उपयोग करने वाले लोगों को नुकसान पहुंचाते हैं.

### रजनीकांत की पत्नी को सशर्त जमानत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की एक अदालत ने तमिल फिल्म अभिनेता रजनीकांत की पत्नी लता रजनीकांत को 2014 में आई फिल्म 'कोचादाइयां' से संबंधित विवाद से उत्पन्न जालसाजी मामले में सशर्त जमानत दे दी है. लता इस मामले में आरोपी हैं . लता रजनीकांत 26 दिसंबर को बेंगलुरु में मजिस्ट्रेट अदालत के सामने व्यक्तिगत रूप से पेश हुईं. उन्होंने मामले में खुद को आरोप मुक्त करने के लिए एक याचिका दायर की और अदालत ने मामले की सुनवाई छह जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी है.

### भस्म आरती के दर्शन अब रेलवे स्टेशन पर

**रतलाम।** मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्थित विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर में प्रतिदिन सुबह होने वाली भस्म आरती में शामिल नहीं होने और बाबा महाकाल के दर्शन नहीं मिलने की कसक अब भक्तों को नहीं रहेगी. रेलवे, उज्जैन और इंदौर के स्टेशन पर वीआर तकनीक से इसे दिखाने का प्रबंध कर रहा है, जिससे भक्तों को सीधे महाकाल मंदिर की भस्म आरती में शामिल होने का अनुभव मिलेगा. वर्चुअल रियलिटी अर्थात वीआर तकनीक से भस्म आरती के दर्शन के लिए भोपाल की एक निजी कंपनी को रेलवे द्वारा काम सौंपा गया है.

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के 50 दिन भी नहीं हुए और बनाया रिकॉर्ड

# महिलाओं के लिए बहुत बड़ा अभियान चला रहे हैं : पीएम

**भाषा। नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार सहकारी समितियों को ग्रामीण जीवन का एक मजबूत हिस्सा बनाने के लिए काम कर रही है. उन्होंने कहा कि इसके मद्देनजर दूध तथा चीनी उत्पादन जैसे क्षेत्रों में पहचान बनाने के बाद अब कृषि और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में तेजी लाई जा रही है. 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों के साथ बातचीत में मोदी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में उनकी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के करोड़ों लाभार्थियों के जीवन में आया बदलाव साहस, संतुष्टि और सपनों की कहानी है.

मोदी ने कहा कि जब वह लोगों के साथ बातचीत करते हैं तो उनका आत्मविश्वास देखना उनके लिए संतुष्टि का एक बड़ा स्रोत रहा है. प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश में लगभग 10 करोड़ महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं. इससे पहले, प्रधानमंत्री ने इस यात्रा के कुछ लाभार्थियों से संवाद भी किया. उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अद्भुत परिणाम सामने आ रहे हैं. आज देश के लाखों लाभार्थी सरकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने का माध्यम बन रहे हैं. लोगों को नई ताकत मिल रही है और वे अपने लिए एक बेहतर भविष्य बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने और गांवों में महिलाओं को स्वरोजगार देने के लिए भारत सरकार बहुत बड़ा अभियान चला रही है. उन्होंने कहा कि जिस प्रकार देश के गरीब, किसान, युवा और महिलाएं आत्मविश्वास से अपनी बातें सामने रखते हैं, उन्हें सुनकर मैं खुद विश्वास से भर जाता हूं...यह उनके साहस, संतुष्टि और सपनों से भरी कहानी है.



### क्या कहा

- योजनाओं को आगे बढ़ा रही है मोदी की गारंटी गाड़ी
- 10 साल पहले लोग सरकारी दफ्तर का चक्कर काटते थे
- लोकल फॉर वोकल का करें प्रचार, अभियान से जुड़ें

### 'मोदी की गारंटी' उम्मीदें पूरी कर रही

कार्यक्रम में देश भर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के हजारों लाभार्थी शामिल हुए. कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय स्तर के प्रतिनिधि भी शामिल हुए. प्रधानमंत्री ने कहा कि इस यात्रा को आरंभ हुए अभी 50 दिन भी नहीं हुए हैं लेकिन यह लाखों गांवों तक पहुंच चुकी है. उन्होंने कहा कि यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है. विकसित भारत संकल्प यात्रा का लक्ष्य हर उस व्यक्ति तक पहुंचना है जो किसी कारणवश भारत सरकार की योजनाओं से वंचित रह गया है. उन्होंने कहा कि 'मोदी की गारंटी' वाली वाली गाड़ी जहां भी जा रही है लोगों की उम्मीदें पूरी कर रही है. उन्होंने कहा कि यात्रा शुरू होने के बाद उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए 4.30 लाख नए लोगों ने आवेदन किए है और एक करोड़ आयुष्मान कार्ड दिए जा चुके हैं. उन्होंने कहा कि पहली बार इसके जरिए देशव्यापी स्वास्थ्य जांच की जा रही हैं और लगभग सवा करोड़ लोग इसका लाभ ले चुके हैं. उन्होंने कहा कि 70 लाख लोगों की टीबी से जुड़ी जांच पूरी हो चुकी है जबकि 15 लाख लोगों की सिकल सेल एनीमिया के लिए जांच हुई है. प्रधानमंत्री ने 15 नवंबर, 2023 को विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की थी. वह इस यात्रा के लाभार्थियों के साथ नियमित संवाद कर रहे हैं. विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं की अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे.

2024 का लोकसभा चुनाव देश की नियति तय करने जा रहा है

# राहुल गांधी योग्य व्यक्ति हैं : सैम पित्रोदा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

राहुल गांधी को समझना मुश्किल है क्योंकि भारत में एक राजनेता होने का मतलब झूठ बोलना और चालाकी करना होता है. राहुल गांधी राजनीतिक डीएनए वाले एक युवा और शिक्षित नेता हैं. वह बहुत बुद्धिमान हैं. यह कहना है इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा का.

न्यूज एजेंसी एएनआई को दिये गये एक इंटरव्यू में अपना बात रख रहे थे. इस क्रम में उन्होंने राम मंदिर और 2024 के लोकसभा चुनाव पर भी अपनी बात रखी. सैम पित्रोदा ने चिता जताते हुए कहा कि यह चुनाव देश की नियति तय करने जा रहा है. यह तय करेगा कि भारत भविष्य में किस रास्ते पर चलेगा राहुल गांधी के संदर्भ मे कहा कि भारत में एक राजनेता को तब अच्छा माना जाता है जब वह जोड़-तोड़ करता है. राहुल गांधी को बहुत अच्छा और योग्य व्यक्ति बताते हुए कहा कि उनकी एक अलग शैली है.

### धर्म को बहुत अधिक महत्व दिया जाता है


22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन को लेकर सैम पित्रोदा ने कहा कि देश में सत्तारूढ़ भाजपा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उससे जुड़े संगठन इसकी तैयारी में लग गये हैं. मंदिर के गर्भगृह में भगवान राम की मूर्ति स्थापित करने के लिए पीएम मोदी को आमंत्रित किया गया है. पित्रोदा को यह बात परेशान करती है कि देश की आज की राजनीति में राम मंदिर और दीप जलाना राष्ट्रीय मुद्दा बन गया है. सैम पित्रोदा ने चिंता जताई कि धर्म को बहुत अधिक महत्व दिया जाता है. सैम पित्रोदा ने कहा कि उनके लिए धर्म बहुत ही व्यक्तिगत चीज है. पित्रोदा ने शिक्षा, रोजगार, विकास, अर्थव्यवस्था, मुद्रास्फीति, स्वास्थ्य, पर्यावरण और प्रदूषण को राष्ट्रीय मुद्दा करार दिया लेकिन कोई इसके बारे में बात नहीं करता है. उदाहरण दिया कि इजरायल या पाकिस्तान जैसे धर्म आधारित राष्ट्र अमेरिका जैसे लोकतंत्र, स्वतंत्रता और मानवाधिकारों पर बने देशों से बहुत अलग हैं. सैम पित्रोदा ने कहा कि लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है.



## गांधीपीडिया का हुआ लोकार्पण

**भाषा। कोलकाता**

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बुधवार को 'गांधीपीडिया' का लोकार्पण किया. यह महात्मा गांधी, उनकी जिंदगी, दर्शन और शिक्षाओं पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से जुड़ा कोष है. 'गांधीपीडिया' पोर्टल को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-खड़गपुर, आईआईटी गांधीनगर और राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) ने विकसित किया है. मेघवाल ने कहा कि वेब पोर्टल उपयोगकर्ताओं के लिए प्रासंगिक होगा. उन्होंने कहा कि केंद्र को आशा है कि 'गांधीपीडिया' युवाओं और समाज को गांधीवादी मूल्यों के प्रति जागरूक करेगा. 'गांधीपीडिया' से लोग विशिष्ट जानकारी को कुछ संकेड में ही हासिल कर लेंगे. इस परियोजना की घोषणा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2019 के बजट भाषण में की थी. एनसीएसएम के महानिदेशक ए डी चौधरी ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता से संचालित मंच न केवल जानकारी वाला कोष है, बल्कि महात्मा गांधी के जीवन और शिक्षाओं की एक गहन यात्रा भी है.



### कांगो में भारी बारिश से बाढ़, 22 लोगों की मौत

**किंशासा।** अफ्रीकी देश कांगो में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई. एक स्थानीय अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. 'कासाई सेंन्ट्रल' प्रांत के गवर्नर जॉन काबेया ने बताया कि कानन्गा जिले में घंटों तक हुई बारिश ने कई घरों और निर्माणस्थलों को तबाह कर दिया. उन्होंने बताया कि क्षेत्र में तलाश अभियान चलाया जा रहा है. उन्होंने बताया कि शुरुआत में 17 लोगों की मौत की जानकारी मिली थी और मंगलवार को पांच और लोगों की मौत की पुष्टि की गई. काबेया ने कहा कि दीवार गिरने से 10 लोगों की मौत हो गई, सभी बिकुकु में एक ही परिवार के सदस्य थे. भारी बारिश से कांगो के कुछ हिस्सों में अक्सर बाढ़ जैसे हालात हो जाते हैं.

## कांग्रेस की 'हैं तैयार हम' रैली आज, खड़गे फूकेंगे बिगुल

**भाषा। नयी दिल्ली**

कांग्रेस अगले साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र के नागपुर शहर में गुरुवार, 28 दिसंबर को एक विशाल रैली का आयोजन कर रही है. इस रैली के जरिए कांग्रेस अपने चुनाव अभियान की शुरुआत करेगी. 28 को कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है. इस अवसर पर रैली 'हैं तैयार हम' का आयोजन किया जा रहा है. महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को रैली स्थल पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के लोगों के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण है. पार्टी के नेताओं के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी इस रैली को संबोधित करेंगे. यह रैली इस मायने में महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका आयोजन नागपुर में हो रहा है, जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का मुख्यालय और ऐतिहासिक स्थल दीक्षाभूमि स्थित है.

**'जब भी देश पर संकट आया, कांग्रेस आगे आयी' :** नाना पटोले ने कार्यक्रम स्थल पर कहा कि जब भी देश पर संकट आया, कांग्रेस आगे आयी और देश में एक बड़ा बदलाव आया. उन्होंने कहा कि आपातकाल के बाद (तत्कालीन प्रधानमंत्री) इंदिरा गांधी ने नागपुर में जनसभा की थी, और कांग्रेस को विदर्भ की सभी सीटों पर जीत मिली थी . कांग्रेस नेता ने कहा कि इतिहास अपने आपको दोहरायगा और देश में एक बड़ा परिवर्तन होगा.

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकवादियों को चेताया, कहा -

## सेना पर कोई नजर डाले बर्दाश्त नहीं

**भाषा। जम्मू**

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी पहुंचे. रक्षा मंत्री के दौरे के मद्देनजर राज्य में कड़ी सुरक्षा की गई है. जम्मू कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर राजौरी पहुंचे. इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारे लिए हर सैनिक महत्वपूर्ण है.राजौरी पहुंचे केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारे लिए हर सैनिक बेहद महत्वपूर्ण है, हमारा हर एक सैनिक परिवार के सदस्य के समान है. आपके ऊपर कोई नज़र डाले यह हमें कतई बर्दाश्त नहीं है.



### राजनाथ के दौरे से कोई उम्मीद नहीं : फारूक

नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की जम्मू-कश्मीर यात्रा से उन्हें कोई उम्मीद नहीं है अब्दुल्ला ने कुलगाम में कहा कि मुझे उनकी यात्रा से कोई उम्मीद नहीं है. क्या वह मृतक नागरिकों को वापस ला सकते हैं?

### मारे गए तीन लोगों के परिवारों से मिले राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पीड़ित परिवारों से मिले और न्याय का आश्वासन दिया. पिछले सप्ताह पुंछ में दो सैन्य वाहनों पर हमले के बाद कथित तौर पर सेना द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद तीन लोग मृत पाए गए थे. उन्होंने कहा कि जो कुछ भी हुआ...न्याय होगा.

## पीटीआई के शाह महमूद कुरैशी फिर गिरफ्तार हुए

**भाषा। लाहौर**

पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी को बुधवार को अदियाला जेल के बाहर से दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया. उच्चतम न्यायालय ने पिछले सप्ताह ही उन्हें सिफर मामले में जमानत प्रदान की थी.

डॉन समाचार पत्र की खबर के मुताबिक, टीवी चैनलों पर प्रसारित और सोशल मीडिया पर पीटीआई द्वारा साझा की गई फुटेज में 67 वर्षीय पूर्व विदेश मंत्री पुलिस की कार्रवाई को ''गैर कानूनी'' करार देते हुए चिल्ला-चिल्लाकर विरोध कर रहे थे. फुटेज में पंजाब पुलिस की वर्दी पहने एक अधिकारी उन्हें बख्तरबंद वाहन में धकियाते हुए दिखाई दे रहे हैं. पार्टी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सिफर मामले में जमानत पर रिहाई के बाद कुरैशी को अदियाला जेल के बाहर से दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया. पार्टी ने कहा कि रावलपिंडी के उपायुक्त हसन वकार चीमा द्वारा मंगलवार को कुरैशी की 15 दिन की हिरासत के लिए जारी आदेश वापस ले लिया गया था. पुलिस ने इस मुद्दे पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है.



**रिजल्ट** मध्यप्रदेश राज्य सेवा परीक्षा 2019 में लड़कियों ने मारी बाजी, टॉप 10 में 7 लड़कियां

# पहले प्रयास में प्रिया को एमपीएससी में शीर्ष स्थान

**भाषा। इंदौर**

अपने पहले प्रयास में मध्यप्रदेश राज्य सेवा परीक्षा 2019 में शीर्ष स्थान हासिल करके उप जिलाधिकारी (डिप्टी कलेक्टर) पद पर चुनी गईं प्रिया पाठक (26) ने बुधवार को कहा कि वह भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की चर्चित अफसर टीना डाबी की सफलता से प्रेरित हैं. बेहद कड़े मुकाबले वाली भर्ती परीक्षा की अव्वल उम्मीदवार प्रिया ने कहा कि सरकारी सेवा में मौका मिलने पर वह विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगी. सतना जिले के नागौद से ताल्लुक रखने वाली प्रिया राज्य सेवा परीक्षा 2020 में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) पद पर चुनी गई थीं और इसके नौ जून 2023 को घोषित परिणाम में चयन सूची में दूसरा स्थान हासिल किया था. लम्बी कानूनी पेचीदगियों के चलते मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने 2019 की राज्य सेवा परीक्षा का परिणाम मंगलवार (26 दिसंबर) देर रात घोषित किया.

**टीना डाबी रहीं हैं प्रेरणा:** अपनी कामयाबी से उत्साहित प्रिया ने फोन पर बताया कि मैं संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की 2015 में आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में शीर्ष स्थान करने वाली टीना डाबी से प्रेरित हूं. उप जिलाधिकारी पद पर चयनित शीर्ष 10 उम्मीदवारों में प्रिया के अलावा क्रमशः शिवांगी बघेल, पूजा सोनी, राहुल कुमार पटेल, निधि मिश्रा, हरनीत कौर कलसी, सौरभ मिश्रा, सलोनी अग्रवाल, रितिका पाटीदार और आशुतोष महादेव सिंह ठाकुर शामिल हैं.



प्रिया पाठक

### कोरोना में पिता को खोया मगर हिम्मत नहीं हारीं सलोनी

कोविड-19 के कारण अपने पिता को खोने वाली 25 वर्षीय सलोनी अग्रवाल ने मध्यप्रदेश की राज्य सेवा परीक्षा 2019 में आठवां स्थान हासिल किया है और वह उप जिलाधिकारी (डिप्टी कलेक्टर) के पद पर चुनी गई हैं. सलोनी ने बुधवार को इंदौर में बताया कि जब मैं राज्य सेवा परीक्षा की तैयारी कर रही थी, तो मेरे पिता का कोविड-19 से निधन हो गया था. पिता के नहीं रहने से घर में सारी चीजें उथल-पुथल हो गई थीं. मुझे अपनी मां और छोटे भाई का ध्यान भी रखना था. उन्होंने कहा कि कोविड-19 की तालाबंदी के वक्त वह घर में ठीक से पढ़ाई नहीं कर पाती थीं क्योंकि चारों ओर का माहौल बहुत ही पीड़ादायक था लेकिन मेरे पास कोई दूसरा विकल्प नहीं था. मैं कतई पीछे नहीं हट सकती थी. इसलिए मैंने अपनी तैयारी जारी रखी और हार नहीं मानी.

## दूतावास विस्फोट : इजराइल ने जारी किया यात्रा परामर्श

**भाषा। येरूशलेम**

इजराइली राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने भारत में अपने नागरिकों के लिए एक यात्रा परामर्श जारी किया और संदेह व्यक्त किया कि मंगलवार को नयी दिल्ली में इजराइली दूतावास के पास हुआ विस्फोट आतंकवादी हमला हो सकता है. इजराइली दूतावास के प्रवक्ता गाइ नीर ने कहा कि हम इस बात की पुष्टि कर सकते हैं कि शाम करीब 5:48 बजे दूतावास के नजदीक एक विस्फोट हुआ था. दिल्ली पुलिस और सुरक्षा टीम अब भी स्थिति की जांच कर रही हैं. इजराइली राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी) ने यात्रा परामर्श इसी घटना के मद्देनजर जारी किया है. इजराइली नागरिकों से भीड़-भाड़ वाले स्थानों (मॉल अथवा बाजार) पर जाने से बचने तथा ऐसे स्थानों पर नहीं जाने की सलाह दी गई है जो यहूदियों या इजराइलियों से किसी प्रकार से जुड़े हों.

### सीसीटीवी में दिखाई दिए दो संदिग्ध युवक

दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित इजराइल के दूतावास के पास मंगलवार शाम को हुए विस्फोट मामले में सीसीटीवी कैमरे में दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए हैं. सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी. सूत्रों ने बताया कि विस्फोट से कुछ देर पहले दो युवकों को घटनास्थल के करीब सड़क पर चलते हुए देखा जा सकता है.

### हादसे में विधायक के छह रिश्तेदारों की मौत

**अमलापुरम।** आंध्र प्रदेश के कोनसीमा जिले के अमलापुरम शहर के रहने वाले छह लोगों की मंगलवार शाम अमेरिका के टेक्सास में एक कार दुर्घटना में मौत हो गई. हादसे में मारे गए सभी लोग राज्य की मुम्मीदिवरम सीट से विधायक पी वेंकट सतीश कुमार के रिश्तेदार थे. पीड़ितों की पहचान पी. नागेश्वर राव, सीता महालक्ष्मी, नवीना, कृतिक, निशिता और परिवार के ही अन्य रिश्तेदार के तौर पर की गई है. कार में सात लोग सवार थे और टेक्सास के क्लेबर्न शहर में राजमार्ग संख्या 67 पर उनकी कार एक ट्रक से टकरा गई. ट्रक में दो लोग सवार थे. विधायक ने बताया कि हादसे में कार में सवार एकमात्र व्यक्ति लोकेश हैं जो जिंदा बचे हैं. उन्हें हवाई मार्ग से अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उनकी हालत गंभीर बनी हुई है.

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी जोर-शोर से चल रही, सज रही अयोध्या नगरी

# सूर्य स्तंभों से सजाई जा रही है राम नगरी




भाषा । अयोध्या (उप्र)

अयोध्या में अगले महीने होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले शहर की एक प्रमुख सड़क को सूरज की थीम वाले 'सूर्य स्तंभों' से सजाया जा रहा है. तीस फुट ऊंचे प्रत्येक स्तंभ में एक सजावटी गोला है, जो रात में लाइट जलने पर सूर्य जैसा दिखता है. उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अयोध्या संभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ऐसे 40 स्तंभ 'धर्म पथ' मार्ग पर लगाए जाएंगे, जो नया घाट के पास लता मंगेशकर चौक को अयोध्या बाईपास से जोड़ता है.

पीडब्ल्यूडी के सहायक अभियंता एपी सिंह ने बताया कि नवनिर्मित राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा से पहले इन 'सूर्य स्तंभों' को स्थापित किया जा रहा है. इनमें से लता मंगेशकर चौक के पास सड़क के दोनों ओर 10-10 स्तंभ लगाए जाएंगे. सोमवार रात तक 10 स्तंभ लगाए जा चुके हैं, और सड़क के दूसरी तरफ 10 स्तंभों पर सजावट की जा रही है. सिंह ने कहा कि अन्य 20 स्तंभ सतरंगी पुल से आगे साकेत पेट्रोल पंप के पास उसी सड़क पर लगाए जाने हैं. उस तरफ भी काम चल रहा है और शुक्रवार तक काम पूरा करने का लक्ष्य है.




**जय श्री राम के नारे, गदा व अन्य चीजों से की गई है स्तंभ की सजावट**

अधिकारी ने कहा कि प्रत्येक स्तंभ पर एक विशेष फाइबर से बना सजावटी आवरण है, जिसमें 'जय श्री राम' का नारा, भगवान हनुमान की गदा और अन्य सजावटी चीजें प्रदर्शित की गई हैं. उन्होंने कहा कि अयोध्या भगवान राम और भगवान हनुमान की नगरी है. पीडब्ल्यूडी अधिकारी ने कहा कि इस परियोजना की कल्पना अक्टूबर में की गई थी और इस महीने की शुरुआत में स्तंभों की स्थापना शुरू हुई थी. अधिकारियों ने पहले ही बताया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अयोध्या पहुंचेंगे. अपनी यात्रा के दौरान, मोदी पुनर्विकसित अयोध्या रेलवे स्टेशन और एक नए हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे और एक रैली को संबोधित करेंगे. मोदी हवाई अड्डे से शहर तक एक रोड शो भी करेंगे. सिंह ने कहा कि हवाई अड्डे का उद्घाटन करने के बाद जब प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से अयोध्या पहुंचेंगे तो वह इस सड़क से प्रवेश करेंगे और ये 'सूर्य स्तंभ' मंदिर शहर में उनका स्वागत करेंगे.

## हिंदू प्रतीकों और कलाकृतियों से सजाये गये दुकानों के शटर

जनवरी में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले अयोध्या में राम पथ और अन्य प्रमुख सड़कों पर स्थित दुकानों के शटरों को हिंदू प्रतीकों की कलाकृतियों से सजाया गया है. इन कलाकृतियों में मंदिर की आकृति के साथ जय श्री राम के नारे और स्वास्तिक चिन्ह शामिल हैं. एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 22 जनवरी को होने वाले 'प्राण प्रतिष्ठा' के लिए शहर को सजाने के प्रयासों के तहत स्थानीय अधिकारियों ने इस कार्य को अंजाम दिया है. सहादतगंज और नया घाट को जोड़ने वाली 13 किलोमीटर लंबी सड़क को पुनर्विकास के बाद नया नाम रामपथ दिया गया है. इसके दोनों और बड़ी संख्या में स्थित दुकानों को संवारा गया है. बिड़ला धर्मशाला से नया घाट तक का क्षेत्र फिलहाल 'जय श्री राम', भगवान राम, राम दरबार की तस्वीरों और आगामी राम मंदिर की कलात्मक प्रस्तुति वाले भगवा झंडे बेचने वाले विक्रेताओं से भरा हुआ है. इस मार्ग पर कई विक्रेता भगवान राम की फ्रेमयुक्त तस्वीरें और राम मंदिर की प्रतिकृतियां भी बेच रहे हैं. पिछले दो वर्षों में अयोध्या में किए गए पुनर्विकास के तहत इस सड़क को दोनों तरफ से चौड़ा किया गया है और इसके लिए सामने की ओर से कई संरचनाओं को आंशिक रूप से ध्वस्त कर दिया गया. इस खंड पर कई पुरानी इमारतें भी स्थित हैं, जिन्हें बाहर से मरम्मत कर सजाया गया है. उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ये विषयगत कलाकृतियां "22 जनवरी के बड़े दिन" के लिए शहर को सजाने के प्रयासों के तहत बनाई गई हैं. उन्होंने बताया कि सौंदर्यीकरण अभियान के तहत, अयोध्या विकास प्राधिकरण, डीएम कार्यालय और



अयोध्या आयुक्त कार्यालय सभी ने मिलकर काम किया है. राम पथ और मंदिर स्थल की ओर जाने वाली सड़कों पर स्थित दुकानों पर उनके नाम और अयोध्या विकास प्राधिकरण के लोगो को प्रदर्शित करने वाले एक समान बोर्ड लगाए गए हैं. प्रत्येक शटर पर एक कलाकृति है और रात में बाजार बंद होने के बाद, क्षेत्र का दृश्य बेहद अलग नजर आता है. राम पथ के किनारे स्थित दुकानों के शटर पर बनीं कलाकृतियों में मंदिर की आकृति के साथ जय श्रीराम का नारा लिखा हुआ हैय इसके अलावा इनपर स्वस्तिक चिह्न, शंख, एक गदा, लहराता हुआ भगवा झंडा, सूर्य, धनुष और बाण आदि शामिल हैं.

## श्रद्धालु रुककर ले रहे हैं कलाकृतियों की तस्वीरे

कई राहगीर और श्रद्धालु रुककर इन कलाकृतियों की तस्वीरें ले रहे हैं. मिठाई की दुकान पर काम करने वाले रामबाबू अपनी पड़ोस की दुकान पर की गई कलाकृति दिखाते हुए कहते हैं कि यह सब सरकारी अधिकारियों के माध्यम से "कलाकारों द्वारा किया गया है. पास ही होम्योपैथी डिस्पेंसरी चलाने वाले डॉक्टर सुनील कुमार तोमर कहते हैं कि अयोध्या राम की भक्ति में डूब रहा है. उन्होंने कहा कि मेरे शटर पर कलाकृति में भगवान हनुमान को दर्शाया गया है. एक दिन जब मैं अपनी डिस्पेंसरी खोलने आया तो इसे देखकर मुझे बहुत खुशी हुई. हालांकि मुझे इस परियोजना के बारे में पता था, लेकिन यह एक सुखद आश्चर्य जैसा लगा.



### हवाई अड्डा भी तैयार

**अयोध्या।** 30 दिसंबर को उद्घाटन से पहले पूरी तरह से तैयार है आयोध्या का नवनिर्मित मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा.

## पीएम के अयोध्या आगमन के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा पर निगरानी बढ़ी

महाराजगंज (उप्र)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अयोध्या आगमन कार्यक्रम को देखते हुए भारत-नेपाल सीमा पर राज्य पुलिस और सशस्त्र सीमा बल ने खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर चौकसी बढ़ा दी है. अधिकारियों ने कहा कि शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या में श्रीराम हवाईअड्डे के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होंगे जिसे ध्यान में रखते हुए भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है. उन्होंने कहा कि अयोध्या में हवाईअड्डे के उद्घाटन के अलावा गणतंत्र दिवस



और 22 जनवरी, 2024 को भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं मंदिर के उद्घाटन को भी ध्यान में रखकर निगरानी बढ़ाई गई है. सशस्त्र सीमा बल, गोरखपुर के उप महानिरीक्षक अखिलेश्वर सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अवांछित तत्वों का आवागमन रोकने के लिए सुरक्षा एजेंसियों को किसी भी व्यक्ति को सीमा पार करने की अनुमति देने से पूर्व उसकी पहचान सुनिश्चित करने को कहा गया है. उन्होंने बताया कि मुख्य मार्गों के अलावा, सशस्त्र सीमा बल की चौकियों पर कैमरे लगाए गए हैं. खोजी श्वान दस्तों और महिला शाखा के एक प्लाटून की भी तैनाती की गई है. भारत-नेपाल सीमा पर सोनौली और थूथीबारी चौकियों पर मेटल डिकेक्टर लगाए गए हैं. सिंह ने कहा कि इसके अलावा, भारत-नेपाल सीमा पुलिस, एलआईयू और अन्य खुफिया एजेंसियों को भी सीमा पर चौकस रहने के लिए आदेश जारी किए गए हैं.

### आओ जानें

## 28 दिसंबर का इतिहास

- 1885 – बंबई (अब मुंबई) में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का पहला अधिवेशन. 1926 – इंपीरियल एयरवेज ने भारत और इंग्लैंड के बीच यात्री और डाक सेवा शुरू की.
- 1928 – कलकत्ता (अब कोलकाता) में पहली बार सवाक (बोलती) फिल्म मेलोडी ऑफ लव प्रदर्शित हुई.
- 2003 – अमेरिका में ब्रिटेन के कुछ विमानों में स्काई मार्शल यानि सुरक्षा गार्ड तैनात करने का फैसला लिया गया.
- 2008 – भारत के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि और साहित्यकार प्रो. सुरेश वात्स्यायन का निधन.
- 2013 – आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में कांग्रेस के समर्थन से

## अंशु को 'योगी श्रेष्ठ' व स्मिकी को 'योग गौरव' की उपाधि

संवाददाता । जमशेदपुर

भारतीय योग चिकित्सक महासंघ द्वारा प्रथम अंतरराष्ट्रीय योगा प्राइम अवार्ड समारोह का आयोजन उत्तरप्रदेश के कानपुर स्थित पद्मपत सिंघानिया ऑडिटोरियम में किया गया. इस अवसर पर सरकार योगा एकेडमी के संस्थापक व संचालक योग विशेषज्ञ अंशु सरकार को ''योगी श्रेष्ठ-2023'' एवं योगा क्वीन स्मिकी सरकार को ''योग गौरव'' की उपाधि से विभूषित किया गया. यह सम्मान अंशु सरकार को योग के माध्यम से कई असाध्य बीमारियों से लोगों को बिना दवा के निजात दिलाने के लिए दिया गया. जबकि स्मिकी को योग



प्रतियोगिताओं में अपनी विशेष उपलब्धियों के लिए प्रदान किया गया. इस सम्मान समारोह में योग क्षेत्र के कई महान विभूतियां उपस्थित थे. दोनों सम्मान भारतीय योग चिकित्सक महासंघ के अध्यक्ष योग आचार्य विपिन पथिक ने प्रदान किया. सम्मान पाने के पश्चात सरकार दंपतियों ने चयन समितियों का आभार प्रकट करते हुए भविष्य में और वृहद रूप से योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी.

## सरला बिरला स्कूल के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

**नेशनल एडोलेसेंट समिट**

संवाददाता । रांची


सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची के छात्रों ने राष्ट्रीय बाल भवन नई दिल्ली में आयोजित सीबीएसई नेशनल एडोलेसेंट समिट-2023 में शानदार प्रदर्शन किया. 9वीं कक्षा के सिद्धांत विक्रम सिंह ने समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम 'पाठशाला नुक्कड़ की' में द्वितीय स्थान हासिल किया, जिसके लिए उन्हें सर्टिफिकेट और पदक प्रदान किया गया. 9वीं के शिवांश सिंह, 11वीं के स्पर्श रंजन और 11वीं कक्षा के शशांक सौरव को



राष्ट्रीय स्कूल स्वास्थ्य और कल्याण प्रदर्शनी में विशेष जूरी पुरस्कार मिला. विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर को विशिष्ट भागीदारी के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों और उनके शिक्षकों के समर्पित प्रदर्शन की सराहना की. उन्होंने छात्रों को इस तरह के कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया.

### कॅरियर-काउंसिलिंग

# सोशल मीडिया मैनेजमेंट से खुलते हैं कॅरियर के दरवाजे



एजुकेशन रिपोर्टर । रजनीश प्रसाद

सोशल मीडिया वेबसाइटों के लिए एक कॉमन शब्द हैए जो कम्यूनिकेशन, आइडिया, इंटरटेनमेंट और एडवरटाइजमेंट आदि में सहभागिता और सामग्री शेयर करने में सहयोग करता है. लोग संपर्क में रहने और दोस्तों, परिवार व विभिन्न समुदायों के साथ बातचीत करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग करते हैं. सोशल मीडिया के माध्यम से एक्स ( पूर्व में ट्वीटर ), इंस्टाग्राम, फेसबुक, यूट्यूब आदि माध्यमों से सूचनाएं व विचारों का आदान-प्रदान करते हैं,साथ ही साथ सामाजिक विकास में अपना योगदान देते हैं. सोशल मीडिया के माध्यम से हम आसानी से किसी भी फील्ड की जानकारी प्राप्त कर लेते हैं. सोशल मीडिया मैनेजमेंट एक्सपर्ट (सोशल मीडिया की रणनीति तैयार करने,उन्हें क्रियान्वित करने, विभिन्न प्लेटफार्मों पर कंटेंट बनाने व प्रकाशित करने और अपने समुदायों व टारगेट कस्टमर्स के साथ सूचनाएं-टिप्पणियां साझा करते हैं. सोशल मीडिया मैनेजमेंट एक्सपर्ट सामाजिक अभियान को सफल बनाने और उनकी देखरेख करने, कंटेंट तैयार करने और कंपनी प्रमुख के साथ कम्यूनिकेशन करने के लिए स्ट्रेटेजी डेवलप करने की जिम्मेदारीसंभालते हैं. सोशल मीडिया मैनेजमेंट एक्सपर्ट कंपनी के सोशल मीडिया अकांउट्स से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए नए आइडिया और विजन पर काम करते हैं. इसके लिए सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म्स की सही जानकारी होना आवश्यक है.



### सोशल मीडिया मैनेजमेंट

- कस्टमर्स के साथ कंपनी या ब्रांड की सकारात्मक छवि बनाए रखनी की जिम्मेवारी.
- कंपनियों के सोशल मीडिया अकाउंट्स हैंडल करने और डिजिटली व्यापार आगे बढ़ाने में मदद करना.
- सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पोस्ट क्रिएट करना, मैनेज व शेड्यूल-रीशेड्यूल करना.
- सोशल मीडिया अकाउंट्स पर प्रशंसकों-ग्राहकों के प्रश्नों के उत्तर देने के लिए.
- सोशल मीडिया मार्केटिंग अभियानों से संबंधित डेटा जुटाकर स्ट्रैटजी तैयार करना.

### स्किल्स

- स्किल्स
- राइटिंग एबिलिटी
- रीडिंग एबिलिटी
- सोशल मीडिया फ्रेंडली
- मार्केट के बारे में जानकारी
- रिलेशनशिप बिल्डिंग
- कम्यूनिकेशन स्किल
- प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स
- क्रिएटिविटी
- कम्यूनिटी मैनेजमेंट

### सोशल मीडिया मैनेजमेंट के कोर्सेज

- सोसल मिडिया मैनेजमेंट कोर्स
- पीजी डिप्लोमा इन बिजनेस एनॉलिसिस
- गूगल एनॉलिसिस
- सोशल मीडिया मार्केटिंग
- सोशल मीडिया एंड सोशल कांटैक्ट स्ट्रेटजी
- मास कम्यूनिकेशन
- डिजीटल मार्केटिंग कोर्स
- सोशल मीडिया मार्केटिंग एंड मैनेजमेंट
- भारत में टॉप यूनिवर्सिटीज
- दिल्ली यूनिवर्सिटी
- डिजी लर्निंग्स, जयपुर
- इंस्टीट्यूट ऑफ मार्केटिंग कम्यूनिकेशन्स
- पारूल यूनिवर्सिटी (एलपीयू)
- माख लाल चतुर्वेदी इंस्टीट्यूट ऑफ जर्नलिज्म एंड कम्यूनिकेशन, भोपाल
- एमआईसीए- द स्कूल आफ आइडियाज, अहमदाबाद
- स्कूल ऑफ डिजिटल मार्केटिंग, पुणे
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा



### प्रवेश परीक्षाएं

- सीमेट
- जीमेट
- कैट

### जॉब अलर्ट

मृदा एवं जल संरक्षण विभाग, महाराष्ट्र (सीडब्ल्यूसीडी) ने जल संरक्षण अधिकारी पद के लिए रिक्तियां निकाली हैं. इसके आवेदन की प्रक्रिया शुरू भी हो चुकी है. जल संरक्षण अधिकारी के 670 पद हैं.

- संगठन : मृदा एवं जल संरक्षण विभाग महाराष्ट्र
- पद : जल संरक्षण अधिकारी
- रिक्त पदों की संख्या : 670
- सैलरी : 1,23,300
- नौकरी का स्थान : महाराष्ट्र
- आवेदन मोड : ऑनलाइन
- ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि : 10 जनवरी 2023
- ऑफिसियल साईट – https://swcd.maharashtra.gov.in/
- एजुकेशनल क्वालिफिकेशन : मान्यता प्राप्त संस्था से सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री/ डिप्लोमा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है
- आयु सीमा : उम्मीदवार ने न्यूनतम आयु 19 वर्ष पूरी कर ली हो, परंतु उम्र 38 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए.
- आवेदन शुल्क : सामान्य/ पिछड़ा/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु : 1000 रुपये
- आरक्षित (एससी/एसटी/ अनाथ – दिव्यांग हेतु- 900.
- आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन मोड के माध्यम सेमे करना होगा.

### बीएयू में ग्रुप ए और ग्रुप बी में 258 पदों पर होगी बहाली

**काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) ने ग्रुप ए और ग्रुप बी असिस्टेंट लाइब्रेरियन, नर्सिंग सुपरिन्टेन्डेन्ट, मेडिकल ऑफिसर, व नर्सिंग ऑफिसर के लिए रिक्तियां निकाली है. इसके लिए 258 पद है.**

- संगठन : काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
- पद : ग्रुप ए और ग्रुप बी
- पद : 258
- सैलरी : –2,17,100
- नौकरी की स्थान – उत्तर प्रदेश
- आवेदन मोड : ऑनलाइन
- ऑनलाइन अवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि : 22 जनवरी 2023
- ऑफिसियल साईट : https://www.bhu.ac.in
- एजुकेशनल क्वालिफिकेशन : उम्मीदवार के पास मान्यता प्राप्त संस्था से बैचलर डिग्री, बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग, एमबीबीएस, मास्टर डिग्री इलेक्ट्रिकल / इलेक्ट्रॉनिक्स/ कंप्यूटर साइंस व इंजीनियरिंग में बीई/ बीटेक होना चाहिए
- आयु सीमा : अभ्यर्थियों की अधिकतम आयु 45 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए
- आवेदन शुल्क : सामान्य/ पिछड़ा/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु :1000 ग्रुप ए के लिए
- सामान्य/ पिछड़ा/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु : 500 ग्रुप बी के लिए
- आरक्षित वर्ग (एससी/एसटी) महिलाओ के लिए : नि: शुल्क
- आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन मोड में करना होगा

### डीएसएसएसबी में 4214 टीचिंग नॉन-टीचिंग पदों पर रिक्तियां निकलीं

**दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) ने पोस्ट ग्रेजुएट टीचर (पीजीटी), असिस्टेंट टीचर (नर्सरी), सेक्शन ऑफिसर (बागवानी) सहित विभिन्न टीचिंग, नॉन-टीचिंग पदों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है.**

- पद नाम : टीचिंग, नॉन-टीचिंग
- पद : 4214
- नौकरी का स्थान : दिल्ली शिक्षा विभाग
- आवेदन मोड :ऑनलाइन
- ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की प्रारम्भ तिथि : 9 जनवरी 2024
- ऑनलाइन एप्लीकेशन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि : 7 फरवरी 2024
- ऑफिसियल साईट – https://dsssb.delhi.gov.in
- टीचिंग नॉन-टीचिंग पदों का विवरण
- पोस्ट ग्रेजुएट टीचर (पीजीटी) : 297
- असिस्टेंट टीचिंग (नर्सरी) : 1455
- क्लर्क : 2354
- सेक्शन ऑफिसर (बागवानी) :108
- शैक्षणिक योग्यता : पोस्ट ग्रेजुएट टीचर (पीजीटी) : स्नातकोत्तर डिग्री और संबंधित विषय में बीएड डिग्री.
- असिस्टेंट टीचिंग (नर्सरी) : नर्सरी शिक्षक प्रशिक्षण में डिप्लोमा.
- क्लर्क/ स्टेनो : मान्यता प्राप्त संस्था से 12वीं पास तथा टाइपिंग.
- सेक्शन ऑफिसर (बागवानी) : कृषि व बागवानी में स्नातक डिग्री उत्तीर्ण हो..

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड के पक्ष में शिवा साई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा, रांची- 83522 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)